

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद

Indian Institute of Management Ahmedabad

# 53वाँ वार्षिक प्रतिवेदन

# Annual Report 2014-15

## संस्थापक प्रणेता

डॉ. जीवराज एन. मेहता

कस्तूरभाई लालभाई

डॉ. विक्रम ए. साराभाई

## पूर्व अध्यक्ष

डॉ. जीवराज एन. मेहता

श्री प्रकाश टंडन

श्री एस.एल. किर्लोस्कर


श्री केशव महिन्द्रा

श्री वी. कृष्णमूर्ति

श्री ए.पी. वेंकटेश्वरन

प्रोफेसर एस.के. खन्ना

डॉ. आई. जी. पटेल

श्री एन.आर. नारायण मूर्ति

डॉ.विजयपत सिंघानिया

## वर्तमान अध्यक्ष

श्री ए. एम. नायक

## वर्तमान निदेशक

प्रोफेसर आशिष नन्दा

## पूर्व निदेशक

डॉ. विक्रम ए. साराभाई


प्रोफेसर रवि जे. मथाई

डॉ. सैम्युअल पॉल

प्रोफेसर वी. एस. व्यास

डॉ. आई. जी. पटेल

प्रोफेसर एन. आर. शेठ

प्रोफेसर पी. एन. खांडवाला

प्रोफेसर जहर साहा


प्रोफेसर बकुल एच. धोलकिया


प्रोफेसर समीर के. बरुआ

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद
Indian Institute of Management Ahmedabad

# 53वाँ
# वार्षिक प्रतिवेदन
# 2014-15

# विषयसूची


**वर्ष का सिंहावलोकन एवं भावी योजना** **5**

**शैक्षणिक कार्यक्रम** **10**

1. प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम 10
2. कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम 15
3. कार्यपालकों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स) 16
4. प्रबंध में फैलो कार्यक्रम 18
5. प्रबंध में संकाय विकास कार्यक्रम 19

स्थानन 19

दीक्षांत समारोह 22

**कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम** **23**

**अनुसंधान और प्रकाशन** **24**

*विकल्प : निर्णयकर्ताओं का जर्नल* 24

**केस केंद्र** **26**

**अंतर्विषयक केन्द्र एवं समूह** **27**

1. लिंग समानता, विविधता, और समावेशिता केन्द्र (जेडी सेंटर) 27
2. अवसंरचना नीति और नियमन केन्द्र 29
3. नवप्रवर्तन ऊष्मायन एवं उद्यमिता केन्द्र 30
4. कृषि प्रबंधन केन्द्र 36
5. स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केन्द्र 37
6. खुदरा बिक्री केन्द्र 38
7. सार्वजनिक प्रणाली समूह 38
8. रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवप्रवर्तन केन्द्र (आरजेएमसीईआई) 39

**अनुशासनिक क्षेत्र** **41**

1. व्यापार नीति 41
2. संचार 42
3. अर्थशास्त्र 42
4. वित्त एवं लेखाकरण 43
5. सूचना प्रणालियाँ 44
6. विपणन 44
7. संगठनात्मक व्यवहार 45
8. कार्मिक और औद्योगिक संबंध 46
9. उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके 46

**अहमदाबाद और गाँधीनगर शैक्षणिक समूह** **48**

**पूर्वछात्र गतिविधियाँ** **49**

**संचार एवं डिजिटल विपणन** **53**

**वैश्विक भागीदारी और कॉर्पोरेट मामले** **55**

**सहायता अनुदान** **60**

**बुनियादी ढाँचे का विकास** **61**

**कार्मिक** **62**

**छात्र गतिविधियाँ** **64**

**विक्रम साराभाई पुस्तकालय** **83**

**कल्याण गतिविधियाँ** **86**

**परिशिष्ट** **89**

# दृष्टि

उद्यमों के अग्रणियों को शिक्षण

# लक्ष्य

भारत और अन्य देशों को बदलने के लिए अनुसंधान एवं निर्माण पर आधारित वैश्विक महत्त्व के नए विचारों को उत्पन्न करने तथा प्रचार के माध्यम से जोखिम उठाने वाले ऐसे अग्रणी-प्रबंधक तैयार करना जो संगठनों के प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए प्रबंधकीय एवं प्रशासनिक प्रथाओं को बदल सकें।

# उद्देश्य

- प्रबंधन और उसके अंतर्निहित विषयों के लिए जो प्रासंगिक है ऐसे अनुप्रयुक्त और संकल्पनात्मक अनुसंधान के माध्यम से ज्ञान का सृजन करना, और इस ज्ञान का प्रकाशनों के माध्यम से प्रसार करना।

- संगठनों के सभी प्रकारों में प्रबंधन में कैरियर और संबंधित क्षेत्रों के लिए युवा पुरूषों एवं महिलाओं को तैयार करने के लिए शैक्षणिक सुविधाएँ स्थापित करना।

- प्रबंधन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन शिक्षकों और शोधकर्ताओं को विकसित करना।

- नवाचार और अत्याधुनिक प्रबंधन शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से अभ्यासरत प्रबंधकों के निर्णय निर्धारक कौशलों एवं प्रशासनिक क्षमता में सुधार करना और शिक्षा जारी रखने के लिए अवसर उपलब्ध कराना।

- परामर्शी सेवाएँ उपलब्ध कराना ताकि – क) संगठनों में निर्णय निर्धारक कौशलों एवं प्रक्रियाओं को, और ख) सार्वजनिक नीतियों की प्रभावशीलता को बढ़ाया जा सके।

- सार्थक सहयोग के माध्यम से अपनी क्षमताओं के निर्माण द्वारा अन्य प्रबंधन स्कूलों में प्रबंधन शिक्षा और अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार लाना।

- उपरोक्त उद्देश्यों में से किसी एक अथवा सभी के संदर्भ में संस्थान का संचालन और संबंधों का वैश्विकीकरण करना ताकि वैश्विक स्तर पर सम्मानित भारत में पूर्व-प्रख्यात प्रबंधन स्कूल के रूप में उभर सके।

# वर्ष का सिंहावलोकन एवं भावी योजना

इस संस्थान को अपना जीवन समर्पित करने वाले कई लोगों के अथक प्रयासों के कारण ही इस वर्ष हमने पीजीपी कार्यक्रम का 50वाँ महत्वपूर्ण दीक्षांत समारोह मनाया है जो हमारे लिए एक उपलब्धि है। आज हमने इन दिग्गजों के कंधों के बल पर काफी दूरी तय कर ली है। संस्थान ने जो भी हासिल किया है या प्राप्त करने की उम्मीद है, वह हमारी पूर्व पीढ़ियों के समर्पित कामों की नींव पर निर्मित है।

हमने उद्यमों के अग्रणियों को शिक्षित करने के उद्देश्य से स्वयं को पुनःसमर्पित किया है। उस उद्देश्य के लिए, हमने इन गतिविधियों को प्राथमिकता प्रदान की है - संबंध, पोषण, और विकास। यह लेख हमारे संस्थान के मौजूदा सफर और आगे के नेतृत्व को देखने का एक अवसर प्रदान करता है। मैंने यहाँ कुछ पहलों पर प्रकाश डाला है जिन्हें हमने पिछले एक वर्ष के दौरान संस्थान में शुरू किया है, और इनमें से कुछ को हम प्रत्येक की प्राथमिकता के आधार पर करने का प्रयास कर रहे हैं।

हमारा उद्देश्य इन चार क्षेत्रों को मजबूत करना है - पूर्व छात्र, अनुसंधान, अभ्यास और समुदाय। इस पिछले वर्ष, हमने हमारे पूर्व छात्रों तक पहुंचने के लिए एक अभूतपूर्व प्रयास किया है। दिसंबर और जनवरी में आईआईएमए में आयोजित सात पूर्वछात्र पुनर्मिलन समारोहों में 350 से अधिक पूर्व छात्रों और उनके परिवारों ने भाग लिया। हमारे डीन (पूर्व छात्र एवं बाह्य संबंध) और मैंने भारत में और विदेश में बारह पूर्व छात्र शाखाओं का दौरा साथ में किया है। इन बैठकों में से कई बैठकें कार्यशालाओं, पैनल चर्चाओं, या सार्वजनिक व्याख्यान पर आयोजित की गई थी। हमारे पूर्व छात्रों ने चैप्टरों की इन बैठकों में आने का आनंद लिया और संस्थान के साथ संबंधों को मजबूत करने की तीव्र इच्छा व्यक्त की। आने वाले वर्ष में, ऐसी उम्मीद है कि हम अपने पूर्व छात्रों के साथ गहनता से जुड़ें ताकि वे जुड़ा हुआ महसूस कर सकें और वे नई सोच तथा संस्थान के विकास से अवगत रहें बल्कि अपने अनुभव और अंतर्दृष्टि का योगदान करने के लिए भी वे सक्षम बने रहें।

अनुसंधान के सिलसिले को मजबूत करने के लिए, हमने प्रबंधन अकादमी जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के ठोस प्रयास किए हैं। हमने नीति निर्माताओं तथा चिंतनशील व्यवसायियों के समक्ष अनुसंधान को प्रकाश में लाने के लिए एक नीति सम्मेलन और एक

सोसाइटी सम्मेलन की पहल की है, और देश तथा विदेशों से आए डॉक्टरेट के छात्रों के लिए एक समर स्कूल की पहल की है। हमने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर एक सम्मेलन का आयोजित करने के लिए सामाजिक उद्यम में विश्व प्रसिद्ध हस्ती हमारे पूर्व छात्र प्रोफेसर काश रंगन के साथ सहयोग किया है। हमने कानून और अर्थशास्त्र पर एक सम्मेलन आयोजित करने के लिए जीएनएलयू और आईआईटी कानपुर के साथ काम किया है। ये प्रयास हमारे अनुसंधान एवं प्रकाशन कार्यालय द्वारा आयोजित नियमित अनुसंधान सेमिनारों और अखिल-आईआईएम डेटा विश्लेषिकी, उभरती अर्थव्यवस्थाओं में विपणन और भारत वित्त सम्मेलनों के लिए हमारी सतत प्रतिबद्धता के पूरक हैं। हमारी प्रबंधन पत्रिका विकल्प ने अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन गृह सेज के साथ करार किया है। इस आने वाले वर्ष के दौरान, चल रही गौरवशाली प्रतिबद्धताओं के अलावा, हम एक वैश्विक साझेदारी के सहयोग से एक नई विपणन पत्रिका और एक नई ई-पत्रिका आरम्भ करने की उम्मीद कर रहे हैं, सर्दियों के महीनों के दौरान विश्व स्तर के संकाय की अगुवाई वाली औपचारिक वार्ता आयोजित करने, और आगंतुक अनुसंधान नियोजित भेटों को प्रोत्साहित करने की उम्मीद कर रहे हैं।

हमने अभ्यास के साथ संबंधों को मजबूत बनाने के लिए हमारे कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने की कोशिश की है। पिछले वर्ष, 4,000 से अधिक मध्यम स्तर के एवं वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों ने 130 से अधिक कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों में भाग लिया। मध्य पूर्व क्षेत्र से हमारे कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम में काफी संख्या में प्रतिभागी आते हैं, और सशस्त्र सेनाबल के अनुभवी जो कॉर्पोरेट क्षेत्र में अपना दूसरा कैरियर शुरू करना चाहते हैं उनके कार्यक्रम पर हमें गर्व है।

उत्तरी अमेरिका के बाहर, विश्व में संभवतः आईआईएमए विपुल संख्या में क्षेत्र आधारित केस अध्ययनों का उत्पादक और उपयोगकर्ता है। हमने संस्थान में एक केस सेंटर स्थापित किया है ताकि हमारे केस लेखन, वितरण और अध्यापन क्षमता को मजबूत किया जा सके। हमारे केस सेंटर ने हार्वर्ड बिजनेस पब्लिशिंग और आइवी स्कूल के साथ वितरण संबंध बनाए हैं।

आने वाले इस वर्ष के दौरान, हम कार्यकारी शिक्षा को सुदृढ़ करना चाहते हैं, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी जैसे अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ संयुक्त कार्यक्रम पेश करना चाहते हैं, विशेषकर भारतीय महासागर के तटीय राज्यों में कार्यकारी शिक्षा में हमारी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को मजबूत करना चाहते हैं, और भौगोलिक रूप से इधर-उधर फैले हुए व्यवसायियों तक पहुंचने के लिए ई-लर्निंग क्षमता विकसित करना चाहते हैं। हम केस अध्यापन के बारे में हार्वर्ड बिज़नेस पब्लिशिंग के साथ मिलकर कार्यशालाओं की पेशकश करने की योजना बना रहे हैं और हमारे संकायों को केस अध्यापन पर वैश्विक संवाद के लिए विदेश भेजना चाहते हैं। हम ऐसे व्यवसायियों को आमंत्रित करना चाहते हैं जिन्होंने उत्तरदायित्व के पदों पर कई वर्ष बिताए हैं और उन्हें प्रबंधन मे सतत कार्यरत प्रोफ़ेसरों के रूप में हमारे संकायों के साथ जोड़ना चाहते हैं ताकि वे अपने दृष्टिकोण एवं ज्ञान को हमारे छात्रों एवं संकायों के साथ साझा कर सकें।

समुदाय के साथ संबंध को मजबूत बनाने के लिए, हम हमारे संस्थापकों द्वारा प्रदीप्त पथ का अनुसरण कर रहे हैं। रवि मथाई की प्रतिबद्धता आज भी हमारे सहकर्मियों द्वारा जवाजा कारीगर गठबंधन के साथ जारी है। पिछले वर्ष, हमने कॉलेज के छात्रों के लिए "आईआईएमए में एक दिन" मुक्त दिन का आयोजन परिसर जीवन का अनुभव कराने के लिए किया। प्रयास के तत्वावधान में, हमारे पीजीपी छात्रों ने वंचित पृष्ठभूमि से आए बच्चों के साथ स्वयंसेवी काम किया है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम को कार्यान्वित करने में सहायता के लिए हमारे संकायों और छात्रों ने स्थानीय स्कूलों और समुदायों के साथ काम किया है। हमारे हैरिटेज क्लब के सदस्यों ने आईआईएमए समुदाय के सदस्यों को अहमदाबाद शहर के ऐतिहासिक हिस्सों की यादगार सैर कराई थी।

इस आने वाले वर्ष में, हमने वर्तमान गतिविधियों को जारी रखने के अलावा, बच्चों को संवर्धन कार्यक्रम प्रदान करने के लिए हैरिटेज परिसर के सामने पुल के नीचे की जगह का उपयोग करने की योजना बनाई है और अहमदाबाद-गाँधीनगर शैक्षिक समूह स्थापित करने के लिए स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग किया है।

30 से अधिक वर्ष तक, हमने हमारे संकाय विकास कार्यक्रम के माध्यम से प्रबंधन विद्वानों की शिक्षा में योगदान दिया है। राष्ट्र में क्षमता निर्माण के लिए सार्थक योगदान करने के लिए, हमने नए आईआईएम को नागपुर में स्थापित करने में अनुभवी परामर्शदाता की भूमिका निभाने की पेशकश की है।

उच्च कार्यनिष्पादन के माहौल के पोषण के लिए, हम शिक्षाकार्यों और साथ में पाठ्यक्रमेतर गतिविधियों में संलग्न होने के लिए हमारे छात्रों को प्रोत्साहित करते हैं। अपने 60,000 उपस्थितगण के साथ कॉनफ़्लुअन्स, केओस, एंत्रे मेला, इनसाइट, और कनेक्शन, संघर्ष में उनकी सफलता आदि के साथ, दो दर्जन से अधिक सक्रिय हमारे क्लबों ने, खेल आयोजनों और समारोहों के साथ वह प्रभाव डाला है कि हमारे छात्र केवल शिक्षा में ही नहीं, अपितु समग्र क्षेत्रों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन अच्छी तरह से करते हैं।

एक उच्च कार्यनिष्पादन वाले काम के माहौल में पूरे समुदाय की शिक्षा को समृद्ध करने के लिए संपूर्ण पृष्ठभूमि और अनुभव वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित किया जाता है। प्रवेश प्रक्रिया में उम्मीदवारों के गुणों के समग्र मूल्यांकन पर अधिक ध्यान देकर, हमारे पीजीपी कक्षा प्रवेश में 28 महिलाएँ शामिल हुईं, जो संस्थान के इतिहास में सबसे ज्यादा संख्या है, और पिछले वर्गों की तुलना में अधिक विविध अनुशासनात्मक पृष्ठभूमि है।

आने वाले वर्ष में, हम विदेशी उम्मीदवारों को पीजीपी सीटों की पेशकश करके हमारे कार्यक्रम में प्रवेश करने वाले छात्रों के समृद्ध मिश्रण से प्रोत्साहित करना जारी रखने की उम्मीद करते हैं, जो हमारे फैसले में, कुछ कार्यानुभव से लाभान्वित हो सकते हैं। हम अपने छात्र विनिमय कार्यक्रम को मजबूत करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें पिछले वर्ष हमारे 128 पीजीपी छात्र गए, दोहरी डिग्री के अवसर और अंतरराष्ट्रीय निमज्जन कार्यक्रम, जो सभी समृद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन प्रदान करते हैं।

एक जीवंत अनुसंधान वातावरण बनाए रखने के लिए, और देश में प्रबंधन शिक्षा में योगदान जारी रखने के लिए, हम लगातार हमारे एफपीएम कार्यक्रम के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस विगत वर्ष, हमने अपने एफपीएम कार्यक्रम को काफी कठोर और प्रासंगिक बनाए रखने के लिए पुनर्निर्माण किया। हमने अपने पीजीपी कार्यक्रम और हमारे पीजीपी-एबीएम कार्यक्रम का भी पुनर्निर्माण किया है, जिसका नाम बदलकर 'खाद्य और कृषि व्यवसाय' के महत्व पर जोर देने के लिए पीजीपी-एफएबीएम किया गया है और हमारा पीजीपीएक्स कार्यक्रम समीक्षा की प्रक्रिया में है। इन सभी परिवर्तनों के माध्यम से, हमने हमारे संकायों को वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया है, जिससे पढ़ाई में जोश-खरोश और ऊर्जा का वातावरण बना रहे। हमारा नवप्रवर्तन, ऊष्मायन एवं उद्यमिता केंद्र तेजी से बड़ी संख्या में स्नातक छात्रों और पूर्व छात्रों को उद्यमिता के लिए आकर्षित करने के लिए समर्थन और पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

हमारे संकायों ने अपनी स्वयं की पहल पर एक कार्य-निष्पादन केडिट प्रणाली की स्थापना की है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि व्यक्तिगत संकाय लक्ष्यों का संस्थागत लक्ष्यों के साथ गठबंधन किया जा रहा है और उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान और शिक्षण में संलग्नता के लिए संकायों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्वायत्तता और विस्तार का माहौल अनुसंधान उत्पादकता में एक महत्वपूर्ण बढ़त के साथ बढ़ा है। हम संकाय पुष्टिकरण और पदोन्नति मानदंडों में सुधार कर रहे हैं और उम्मीद है कि आने वाले वर्ष में संकायों में ये प्रसारित करें, ताकि मानदंडों पर पारदर्शिता और संरेखण हो सके।

हम अपने कार्यकलापों को आगे बढ़ाने और उत्कृष्ट कार्य को पहचानने तथा पुरस्कृत करने के लिए संकायों को संसाधन एवं ऐसा माहौल प्रदान करके उच्च प्रदर्शन का पालन करना जारी रखना चाहते हैं। सम्मान देने तथा उत्कृष्ट संकायों की भर्ती करने के लिए हमारे पूर्व छात्रों और कॉर्पोरेट शुभचिंतकों ने 11 संकाय अध्यक्ष पदों में योगदान दिया है। आने वाले महीनों में, हम उम्मीद करते हैं कि इन अध्यक्ष पदों के लिए प्रत्येक पर एक संकाय को नियुक्त करें, भले ही हम अधिक अध्यक्ष पदों के लिए धन जुटाने के लिए पूर्व छात्रों और दाताओं के साथ काम करें।

हमने इस पिछले वर्ष एक रणनीतिक तरीके से विकास करने के लिए कदम उठाए हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम अपने सामरिक महत्व पर ध्यान केंद्रित करें और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखें। हमारे संकायों की संख्या बढ़कर 95 हो गई है। कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम में पिछले वर्ष काफी वृद्धि हुई है। हम आने वाले वर्ष में गतिविधि स्तर में वृद्धि जारी रखने की योजना बना रहे हैं। शारीरिक क्षमता के अनुरूप, हमारे पीजीपी कार्यक्रम का विस्तार होना जरूरी है। पीजीपीएक्स की समीक्षा इस बात पर विचार कर रही है कि क्या कार्यक्रम समूह बढ़ाना है। हम निकट भविष्य में एक सार्वजनिक नीति कार्यक्रम की स्थापना करने पर भी विचार कर रहे हैं।

जैसे-जैसे हमारे कार्यक्रम बढ़ते हैं, भौतिक बुनियादी ढाँचा हमारे लिए बाध्यकारी बाधा बन जाता है। हमने हमारे प्यारे लेकिन पुराने हैरिटेज परिसर को संरक्षित करने और पुनर्स्थापित करने के लिए हमारी महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप हमारी भौतिक पहचान को विकसित करने के लिए एक कुशल वास्तुकार को नियुक्त किया है। हमारी इलेक्ट्रॉनिक एवं संचार अवसंरचना को भी एक महत्वपूर्ण सुधार की आवश्यकता है। हम आने वाले वर्ष में इस महत्वपूर्ण बहु-वर्षीय उन्नयन परियोजना को शुरू करने की योजना बना रहे हैं।

हमने पिछले साल प्रगति की है और आने वाले वर्ष में हमारी प्राथमिकताओं के अनुरूप आगे बढ़ना जारी रखने की योजना बनाई है। यह उत्साहजनक रहा कि इक्विस सहकर्मी समीक्षा टीम ने अपनी हाल की यात्रा में हमारी प्राथमिकताओं को मान्यता दी है और पाँच साल के लिए हमारी मान्यता को नवीनीकृत किया है। पहली बार हमने इतनी लंबी अवधि के लिए नवीनीकरण प्राप्त किया है, जो इक्विस मानदंडों के तहत अनुज्ञेय अधिकतम समय की अवधि है।

हालांकि, मुझे कोई भ्रम नहीं है। जो भी हमने पूरा किया है, वह हमारे पूरे समुदाय के साथ मिलकर काम करने के कारण ही संभव हुआ है, जो प्रमुख संस्थान के रूप में उद्यमों के अग्रणियों को शिक्षित करने के हमारे लक्ष्य को हांसिल करने के लिए काम कर रहे हैं, और मैं अपने साझा प्रयास में सभी के सतत सहयोग के लिए प्रतीक्षारत हूँ।

**आशीष नंदा**

# शैक्षणिक कार्यक्रम

वर्तमान में, संस्थान अलग-अलग अवधियों के पाँच शैक्षणिक कार्यक्रम चलाता है : प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) (एमबीए के समकक्ष); कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एबीएम) (एमबीए के समकक्ष); कार्यकारी अधिकारियों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स); प्रबंधन में फैलो कार्यक्रम (एफ़पीएम) (पीएच.डी. के समकक्ष); और प्रबंधन शिक्षकों और प्रशिक्षकों के लिए संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी)।

## 1. प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम

सन् 1964 से प्रस्तुत, संस्थान द्वारा पेश किया गया प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) सबसे लंबे समय से चल रहा कार्यक्रम है।

प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) का 51वाँ बैच 394 छात्रों के साथ, 26 जून, 2014 को शुरु हुआ। वर्ष के अंत में, 393 छात्र द्वितीय वर्ष के लिए प्रोन्नत हुए।

इस कार्यक्रम (स्वर्ण जयंती बैच) का द्वितीय वर्ष 375 छात्रों के साथ, 11 जून, 2014 को शुरू हुआ। द्वितीय वर्ष के अंत में, 377 छात्र (दोहरी उपाधि कार्यक्रम सहित) स्नातक हुए।

विवरण **परिशिष्ट क1** में दिये गये हैं।

श्रेणी के अनुसार छात्रों का विवरण निम्न प्रकार है :

| छात्र | सामान्य | एनसी-ओबीसी | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | विकलांग | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष | 185 | 104 | 62 | 28 | 14 | 393 |
| द्वितीय वर्ष | 186* | 99 | 54 | 28 | 10 | 377 |

*चार दोहरी उपाधि के छात्र शामिल हैं।

### तैयारी कार्यक्रम

तैयारी कार्यक्रम को उन नए प्रविष्ट छात्रों के मतलब से तैयार किया गया है, जो संचार एवं गणितीय कौशलों में अपेक्षाकृत कमजोर हैं। नियमित सत्र के शुरू होने से पहले, 02 जून से 13 जून, 2014 के दौरान आयोजित इस कार्यक्रम में 99 छात्रों ने भाग लिया।

### परिचय कार्यक्रम

नए प्रवेश प्राप्त छात्रों के लिए 18 से 20 जून, 2014 के दौरान परिचय कार्यक्रम चलाया गया। इसमें डीन एवं पीजीपी-अध्यक्ष के संबोधनों के अतिरिक्त, पीजीपी कार्यकारी समिति के साथ संवाद तथा कंप्यूटर एवं पुस्तकालय-सुविधाओं के उपयोग से संबंधित जानकारी परिचय कार्यक्रम में शामिल थी। नए छात्रों को हार्वर्ड केसों से परिचित कराने के लिए केस-तैयारी एवं केस-पद्धति पर भी एक विस्तारित सत्र का आयोजन किया गया जो कि एक प्रमुख शैक्षणिक साधन है।

### पाठ्यक्रम

नवीनतम अनुसंधानों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए पाठ्यक्रम को पीजीपी समीक्षा समिति द्वारा समय-समय पर संशोधित किया जाता है। इस वर्ष, प्रथम वर्ष के छात्रों ने छह स्लॉटों में विस्तारित 31 अनिवार्य पाठ्यक्रम (25.50 क्रेडिट) लिये। दूसरे वर्ष में, छात्रों को वैकल्पिक पाठ्यक्रम के न्यूनतम 17 और अधिकतम 20 क्रेडिट पूरे करने थे। दूसरे वर्ष के दौरान, कुल 126 पाठ्यक्रमों को पेश किया गया, इनमें से 17 वैकल्पिक पाठ्यक्रमों को पहली बार पेश किया गया। ये इस प्रकार हैं :

| | |
|---|---|
| विमानन व्यापार रणनीतियाँ | व्यावसायिक सेवा कंपनियों के लिए नेतृत्व |
| टीम और नेतृत्व प्रभावशीलता के लिए संचार कौशल | संगठनात्मक कार्यनिष्पादन के लिए प्रबंधन नियंत्रण और मेट्रिक्स |
| सीएसआर : प्रभाव के लिए पैसों का रूपांतरण | लघु वित्त प्रबंधन |
| भारत में कारोबार करना | प्रबंधन में रहस्य |
| कर्मचारी कार्यनिष्पादन प्रबंधन और मूल्यांकन प्रणाली | सामाजिक व्यापार की कार्य प्रणाली : मानव केंद्रित समस्या को सुलझाना |
| स्वास्थ्य बीमा | इंटरनेट अर्थव्यवस्था में रणनीतियाँ |
| सेवा क्षेत्र में मानव संसाधन प्रबंधन | भारतीय अर्थव्यवस्था में सामरिक परिवर्तन और बदलाव |
| नवाचार, अस्तित्व | स्वास्थ्य देखभाल में जोखिम उठाना |
| अंतर्राष्ट्रीय व्यापार : सिद्धांत और नीति | |

### दोहरी उपाधि कार्यक्रम और एक सत्रीय विनिमय कार्यक्रम

#### दोहरी उपाधि कार्यक्रम

शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्रों में शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को विकसित करने के लिए, संस्थान स्नातकोत्तर स्तर पर दोहरी उपाधि कार्यक्रम के लिए निम्नलिखित विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग कर रहा है :

| |
|---|
| ईएसएसईसी, सेडेक्स, फ्रांस |
| बोकोनी विश्वविद्यालय, मिलान, इटली |
| एचईसी प्रबंधन स्कूल, पेरिस, फ्रांस |
| यूरोपीय बिजनेस स्कूल (ईबीएस), ओस्ट्रिच – विंकेल, जर्मनी |
| कोलोन विश्वविद्यालय, जर्मनी |

द्वितीय वर्ष के ग्यारह छात्रों ने ईएसएसईसी बिजनेस स्कूल, बोकोनी विश्वविद्यालय, एचईसी, और यूरोपीय बिजनेस स्कूल में दोहरी उपाधि कार्यक्रमों में भाग लिया। इसी समय, बोकोनी विश्वविद्यालय से पांच छात्रों ने और एचईसी से दो छात्रों ने पीजीपी के दूसरे वर्ष में भाग लिया।

#### एक सत्रीय विनिमय कार्यक्रम

संस्थान ने पीजीपी का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने और छात्रों को अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन प्रदान करने के क्रम में शैक्षणिक वर्ष 2014-15 के दौरान छात्रों के विनिमय के लिए कई अंतरराष्ट्रीय बिजनेस स्कूलों के साथ सहयोग जारी रखा है।

एक सौ अट्ठाईस छात्र सहयोगी विदेशी विश्वविद्यालयों में गए, जबकि 83 सहयोगी विदेशी विश्वविद्यालयों के छात्रों ने संस्थान के पाठ्यक्रमों में भाग लिया।

विनिमय कार्यक्रम में भाग लेने वाले संस्थानों के विवरण और छात्रों की संख्या **परिशिष्ट क2** और **क3** में दिए गए हैं।

### छात्रवृत्तियाँ

संस्थान ने शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर एक बड़ी संख्या में छात्रवृत्तियाँ प्रदान की हैं। संस्थान जरूरत के आधार पर भी छात्रवृत्तियाँ प्रदान करता है।

### उद्योग छात्रवृत्तियाँ

अड़तीस छात्रों को शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर उद्योग छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई।

### आदित्य बिड़ला छात्रवृत्तियाँ

आदित्य बिड़ला ग्रुप ने 10 छात्रों को प्रत्येक को 1,75,000/- रुपए की छात्रवृत्ति राशि के लिए चुना।

### सर रतन टाटा छात्रवृत्तियाँ

सर रतन टाटा ट्रस्ट द्वारा स्थापित सर रतन टाटा छात्रवृत्ति, द्वितीय वर्ष के पाँच छात्रों कों उनके प्रथम वर्ष के शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर प्रदान की गई।

### भा. प्र. संस्थान अहमदाबाद की विशेष आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्तियाँ

संस्थान ने शैक्षणिक वर्ष के दौरान कुल 6,23,59,250 रुपए की 198 छात्रवृत्तियाँ विशेष आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्ति योजना (एसएनबीएस) के तहत प्रदान की। इस छात्रवृत्ति में 79,000/- रुपए से लेकर 6,09,000/- रुपए तक की धनराशि दी गई। कुल पाठ्यक्रम फीस का अधिकतम 70 प्रतिशत समर्थन 31 छात्रों को दिया गया।

### भारत सरकार - सर्वोच्च श्रेणी की शिक्षा के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की छात्रवृत्ति योजना

**अनुसूचित जाति** : प्रथम वर्ष के छात्रों से प्राप्त 18 आवेदनों में से बारह आवेदनों को मंत्रालय को भेजा गया इनमें ग्यारह नवीनीकरण के आवेदन भी संलग्न थे। इन छात्रवृत्तियों के अनुदान की अभी प्रतीक्षा है। पिछले वर्ष के लिए प्राप्त अनुदान वितरित किए गए।

**अनुसूचित जनजाति** : प्रथम वर्ष के छात्रों से प्राप्त 8 आवेदनों में से पांच आवेदनों को मंत्रालय को भेजा गया इनमें चार नवीनीकरण के आवेदन भी संलग्न थे। इन छात्रवृत्तियों के लिए अनुदान प्राप्त हुआ और वितरित किया गया।

### आईआईएमए अनुसूचित जाति / जनजाति छात्रवृत्तियाँ

वर्ष 2014-15 के दौरान, 185 छात्रों को प्रत्येक को 1500 रुपए के हिसाब से अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई।

### अन्य एजेंसियों द्वारा संस्थापित छात्रवृत्तियाँ

- पीजीपी द्वितीय वर्ष के शरद सेन शर्मा को 1,50,000/- रु. की ओ पी जिंदल छात्रवृत्ति प्रदान की गई।
- पीजीपी द्वितीय वर्ष के अभिनव गुप्ता को 1,00,000/- रु. की टी. थॉमस छात्रवृत्ति प्रदान की गई।
- शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए प्रति छात्र 1,00,000/- रु. की दुनिया वित्त छात्रवृत्ति निम्नलिखित चार छात्रों को प्रदान की गई:

  1. श्री आकाश कुमार, पीजीपी-II
  2. श्री निशांत नवीन, पीजीपी-II
  3. श्री अविरल भटनागर, पीजीपी- II
  4. श्री रौशन भारती, पीजीपी- I

- कई पीजीपी पूर्वछात्रों ने उदारतापूर्वक जरूरतमंद छात्रों का समर्थन करने के लिए संस्थान में आर्थिक योगदान दिया है। जबकि निधि में से कुछ पूँजी का उपयोग एसएनबीएस के लिए तथा कुछ पूँजी का उपयोग वापसी योग्य आधार पर एसएनबीएस पुरस्कृतों के लिए टॉप-अप के रूप में किया गया।

छात्रवृत्तियों के विवरण नीचे दिये गये हैं :

| प्रायोजक | राशि (रु.) | प्राप्तकर्ता | कक्षा / बैच |
|---|---|---|---|
| तेग इंडस्ट्रीज (श्री मदन मोहन्का) | 1,00,000 | सुश्री रूपल सोनी | पीजीपी-II/ 2013-15 |
| श्री बी.वी. दोशी | 3,00,000 | एस. विजय कुमार | पीजीपी-II / 2013-15 |
| श्री दीपक गुप्ता | 3,00,000 | भौमिक जैन | पीजीपी-II/ 2013-15 |
| | 3,00,000 | करण सिंघानिया | पीजीपी-II / 2013-15 |
| पेरी विश्वनाथ छात्रवृत्ति, 2001-कक्षा | 4,00,000 | जॉन जोय | पीजीपी-II / 2013-15 (दो साल के लिए) |
| **एसएनबीएस के साथ विलय की गई छात्रवृत्तियाँ** | | | |
| वारबर्ग पिंकस | 16,80,000 | | पीजीपी-I / पीजीपी-II एवं एबीएम-I / एबीएम-II |
| श्री अरुण नंदा | 16,50,000 | | पीजीपी-I / पीजीपी-II एवं एबीएम-I / एबीएम-II |
| श्री दीप कालरा | 2,50,000 | | पीजीपी-I / पीजीपी-II एवं एबीएम-I / एबीएम-II |
| उद्योग एनबीएस फंड | 10,000 | | पीजीपी-I / पीजीपी-II एवं एबीएम-I / एबीएम-II |

## राज्य सरकार की छात्रवृत्तियाँ

राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित निम्नलिखित छात्रवृत्तियाँ वितरित की गई :

| प्रायोजक | राशि (रु.) | प्राप्तकर्ता | कक्षा / बैच |
|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र राज्य | 6,10,000 | संगड़े महेश सीताराम | पीजीपी- II / 2013-15 |

### अन्य पुरस्कार

#### श्री एस.के. शेठ स्मारक पुरस्कार

यह पुरस्कार श्रीमती शांति शेठ द्वारा संस्थापित अपने पति स्व. श्री एस.के. शेठ, संस्थान के प्रथम पुस्तकालयाध्यक्ष की स्मृति में पीजीपी कार्यक्रम के प्रथम वर्ष में उच्चतम ग्रेड अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र को दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार अग्रवाल राहुल सतीश को दिया गया।

#### एस. उमापति पुरस्कार

यह पुरस्कार स्वर्गीय एस. उमापति के भाई द्वारा, किसी एक छात्र की शैक्षणिक उत्कृष्टता को पहचान दिलाने के लिए संस्थापित, संस्थान के साथ सहयोग की उनकी स्मृति में पीजीपी प्रथम वर्ष के श्रेष्ठ छात्र को दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार अग्रवाल राहुल सतीश को दिया गया।

#### सर्वोत्तम पीजीपी ऑल राउंडर के लिए कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास पुरस्कार

कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास पुरस्कार, स्वर्गीय श्री कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास के माता-पिता द्वारा किसी असाधारण छात्र के बहुमुखी प्रदर्शन को पहचान दिलाने एवं संस्थान के साथ श्रीनिवास की स्मृति में सम्मान के लिए स्थापित किया गया था। इस वर्ष, यह पुरस्कार कृष्णकुमार प्रदीप को दिया गया।

### शैक्षिक प्रदर्शन के लिए देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्वर्ण पदक

यह पुरस्कार, भारत के प्रथम राष्ट्रपति, स्व. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति में कामधेनु फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया है। यह उस छात्र को दिया जाता है जो पीजीपी कार्यक्रम के दोनों वर्षों में सर्वोच्च ग्रेड अंक प्राप्त करता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार अग्रवाल राहुल सतीश को दिया गया।

### पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता नकद पुरस्कार

पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता पुरस्कार, इस संस्थान के पूर्वछात्र श्री अरुण दुग्गल की पत्नी सुश्री रीता दुग्गल द्वारा एक असाधारण महिला छात्रा के ऑलराउंड निष्पादन को पहचान देने हेतु स्थापित किया गया है। इस वर्ष, यह पुरस्कार सुश्री श्रेया चंद्र शेखर को दिया गया।

### पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता स्वर्ण पदक

पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता स्वर्ण पदक क्वेजल फाउंडेशन द्वारा एक असाधारण महिला छात्रा के ऑल राउंड निष्पादन को मान्यता देने हेतु स्थापित किया गया है। इस वर्ष, यह पुरस्कार सुश्री श्रेया चंद्र शेखर को दिया गया।

### सजीव सिरपाल शैक्षणिक एवं सृजनात्मकता उत्कृष्टता पुरस्कार

सुश्री कनक सिरपाल (1984) एवं मित्रों द्वारा संस्थापित यह पुरस्कार श्री सजीव सिरपाल (पीजीपी 1984) की स्मृति में छात्रों में शिक्षाविदों एवं सृजनात्मकता की पहचान करने के लिए दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार अग्रवाल राहुल सतीश को दिया गया।

### श्रीमती जे. नगम्मा स्मारक पुरस्कार

यह पुरस्कार श्रीमती जे. नगम्मा की स्मृति में उनके पुत्र श्री प्रमोद कुंजू (पीजीपी 1999) द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता को पहचान दिलाने के लिए स्थापित किया गया है। यह उस छात्र को दिया जाता है जो पीजीपी प्रथम वर्ष के कार्यक्रम में सर्वोच्च सीजीपीए (संचयी ग्रेड बिंदु औसत) प्राप्त करता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार अग्रवाल राहुल सतीश को दिया गया।

### श्री जी.सी. मित्तल उद्यमिता आर्थिक सहायता

यह पुरस्कार श्री अंकित मित्तल (पीजीपी 2005) द्वारा उन छात्रों के लिए स्थापित किया गया है जो स्वयं का उद्यम शुरू करना चाहते हैं। इस वर्ष, यह पुरस्कार निशांत अग्रवाल और पारस मल्होत्रा ने प्राप्त किया।

### उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार

यह पुरस्कार श्री सुनील चैनानी (पीजीपी 1980) द्वारा स्थापित किया गया है, यह खेल में सर्वांगीण उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र को दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार सुश्री गीतिका चड्ढा और सुश्री अंशिका सिन्हा को दिया गया।

### प्रवेश

16 और 22 अक्टूबर, 2014 को कैट-2014 का आयोजन कंप्यूटर आधारित परीक्षण के रूप में किया गया।

प्रवेश प्रक्रिया के विवरण और तुलनात्मक आंकड़े **परिशिष्ट क4** और **क5** में दिए गए हैं।

## 2. कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम

बढ़ती हुई पर्यावरणीय चिंताओं एवं उच्चतम बाजारोन्मुख वातावरण में चुनौतियाँ बढ़ने से कृषि खाद्य उद्योग नीतियों में परिवर्तन करने और उन परिवर्तनों का प्रबंध करने के लिए जोशीले ढंग से प्रतिक्रिया करने की आवश्यकता है।

कृषि व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एबीएम) की रचना खाद्य, कृषि व्यवसाय, ग्रामीण तथा संबद्ध क्षेत्रों में युवा पुरुषों एवं महिलाओं को गतिशील व्यावसायिक प्रबंधक, अग्रणी, तथा उद्यमी बनाकर संगठनों की चुनौती संभालने के लिए तैयार करने के लिए की गई है।

### प्रवेश

छात्र समुदाय द्वारा इस कार्यक्रम को अच्छी प्रतिक्रिया मिली। वर्ष 2014-15 में संस्थान को 1,23,874 आवेदन प्राप्त हुए। एक कठिन चयन प्रक्रिया के बाद, जिसमें सामान्य प्रवेश परीक्षा, समूह चर्चा, एवं साक्षात्कार शामिल थे, इस कार्यक्रम में 46 छात्र जुड़े।

इसके विवरण **परिशिष्ट ख1** और **ख2** में दिए गए हैं।

### तैयारी कार्यक्रम

सभी नए छात्रों को उनके गणित, संचार एवं कंप्यूटर कौशलों को मजबूत करने हेतु 2 जून से 14 जून, 2014 तक चलाए गए प्रारंभिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कहा गया।

### अभिविन्यास कार्यक्रम

नए प्रवेश प्राप्त बैच के लिए 19-20 जून, 2014 के दौरान एक अभिनंदन एवं अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पीजीपी-एबीएम कार्यकारी समिति के साथ बातचीत हुई और संस्थान की कंप्यूटर एवं पुस्तकालय सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों को केस-पद्धति शिक्षण से परिचित कराने के लिए केस-तैयारी तथा केस-चर्चा पर एक सत्र का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का दूसरा वर्ष 38 छात्रों के साथ, 11 जून, 2014 को शुरु हुआ। वर्ष के अंत में, 36 छात्र स्नातक हुए।

विवरण **परिशिष्ट ख3** में दिए गए हैं।

### पाठ्यक्रम

इस कार्यक्रम का प्रथम वर्ष पीजीपी के साथ समान ही रहता है। छात्रों ने 31 अनिवार्य पाठ्यक्रम लिए।

द्वितीय वर्ष में कृषि व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं को समाहित करते हुए चार क्षेत्र-विशेष अनिवार्य पाठ्यक्रम और 23 ऐच्छिक पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दो नए ऐच्छिक पाठ्यक्रम - अंतरराष्ट्रीय कृषि खाद्य व्यापार और कृषि व्यवसाय में जोखिम प्रबंधन प्रस्तुत किए गए।

### ग्रामीण निमज्जन मॉड्यूल

ग्रामीण निमज्जन मॉड्यूल का उद्देश्य छात्रों को ग्रामीणों के जीवन से संपर्क कराना, ग्रामीणों के साथ बातचीत से सीखना और ग्रामीण परिवेश, समाज, संस्थानों, एवं अर्थव्यवस्था से परिचित होने का एक मौका प्रदान कराना है। 28 मार्च से 8 अप्रैल, 2014 के दौरान इस मॉड्यूल का पहला चरण आयोजित किया गया। छात्रों को नौ समूहों में विभाजित किया गया। छह समूहों को बीएआईएफ़, पुणे में रखा गया, और तीन समूहों को मेहसाणा, बारडोली, और अमलसाड में रखा गया। दूसरा चरण इन्हीं स्थानों पर, 10 से 21 दिसंबर, 2014 के दौरान आयोजित किया गया।

### छात्रवृत्तियाँ

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के सभी छात्रों को भारत सरकार की अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की मदद करने के लिए, संस्थान ने आवश्यकता के आधार पर छात्रवृत्तियाँ प्रदान की।

### पुरस्कार

श्री आर.सी. माथुर (आईआईएम अहमदाबाद के पीएमए 1072 बैच) पुरस्कार सर्वोत्तम आल राउंडर पीजीपी-एबीएम छात्रा सुश्री गीता गर्ग को दिया गया।

### विनिमय कार्यक्रम

द्वितीय वर्ष के पांच छात्रों को ईएसएसईसी एमएस एग्रीबिजनेस स्कूल भेजा गया और दो छात्रों को ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय भेजा गया और इन सभी ने वहाँ एक सत्र बिताया। ईएसएसईसी के तीन छात्रों और ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के एक छात्र ने संस्थान में एक सत्र बिताया।

### अमेथन 2015

अमेथन 2015, भारत तथा विदेश से आए 1100 से अधिक प्रतिभागियों के साथ अपनी तरह का विश्व में सबसे बड़ा खाद्य एवं कृषि व्यवसाय शिखर सम्मेलन 16 जनवरी, 2015 को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुरू हुआ। इसमें पहली बार सार्क देशों नेपाल, भूटान और श्रीलंका के छात्रों ने भाग लिया। विश्व बैंक की सुश्री मोहिनी दत्त द्वारा दिये गये उद्घाटन भाषण से इसकी शुरूआत हुई। विषयों की व्यापक श्रृंखला पर पैनल चर्चाएँ आयोजित की गईं और कई कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

## 3. कार्यपालकों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स)

8 अप्रैल, 2014 से पीजीपीएक्स 2014-15 शुरू हुआ। इस बैच में 13 छात्राओं सहित कुल 85 छात्र थे। इस बैच का प्रोफ़ाइल **परिशिष्ट ग1** में दिया गया है।

### कार्यक्रम संरचना और पाठ्यक्रम

पाँच शैक्षणिक सत्रों में विस्तृत पीजीपीएक्स की संरचना लगभग छह खंडों में की गई है : प्रेरण, घटकों का निर्माण, शीर्ष प्रबंधन की तैयारी, अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन, चयनात्मकता एवं कैपस्टोन। चार नए पाठ्यक्रमों सहित चौबीस मुख्य / अनिवार्य तथा 46 ऐच्छिक पाठ्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

पाठ्यक्रमों के विवरण **परिशिष्ट ग2** में दिए गए हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन कार्यक्रम

विदेशी संस्थानों में दो-सप्ताह के एक शैक्षिक प्रशिक्षण का आयोजन 1 से 12 सितम्बर, 2014 के दौरान किया गया। प्रतिभागियों को तीन समूहों में बाँटकर भेजा गया :

- चाइनीज़ युनिवर्सिटी ऑफ हाँगकाँग, हाँगकाँग (35 छात्र)
- वारविक बिजनेस स्कूल, युनिवर्सिटी ऑफ वारविक, कोवेन्ट्री (31 छात्र)
- ईएससीपी, पेरिस (19 छात्र)

### भारत में कारोबार करना

वारविक बिजनेस स्कूल, युनिवर्सिटी ऑफ वारविक से आए 20 विनिमय छात्रों के लिए यह मॉड्यूल प्रस्तुत किया गया। इसमें निम्नलिखित विषयों को समाहित किया गया :

- भारतीय बाजार में उपभोक्ता संबंध बनाना एवं प्रबंधन करना
- भारत में व्यापार
- भारतीय अर्थव्यवस्था और विश्व व्यापार संगठन
- भारतीय अर्थव्यवस्था : सूक्ष्म आर्थिक परिप्रेक्ष्य
- भारतीय वित्तीय प्रणाली
- बौद्धिक संपदा अधिकार - भारत में कॉपीराइट और प्रकाशन : उपलब्ध उपचार
- आईपीआर - ट्रेडमार्क : कैसे भारतीय कानून विकसित हुआ
- नेतृत्व और परिवर्तन
- भारतीय ग्राहकों के लिए विपणन
- भारत में सार्वजनिक निजी भागीदारी
- भारत में दुकान स्थापित करना और व्यापार बढ़ाना
- प्रौद्योगिकी हस्तांतरण : संविदा और विवाद
- भारत और भारतीय उपभोक्ता को समझना

कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, प्रतिभागियों ने अहमदाबाद में मोटिफ़ एटरप्राइज़ेस (केपीओ) और जीवीके ईएमआरआई (108 एम्बुलेंस सेवा) केंद्र का दौरा किया।

अन्य एक मॉड्यूल ईएससीपी, पेरिस से आए 15 विनिमय छात्रों के लिए आयोजित किया गया। इस मॉड्यूल में निम्नलिखित पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए गए :

- भारत में व्यापार
- आर्थिक नीति सुधार
- भारत में विकास का इतिहास
- भारत : देश, हमारी संस्कृति, राष्ट्रीयता, इतिहास और उपभोक्ताओं का एक सूक्ष्म अवलोकन
- बौद्धिक संपदा अधिकार सहित कानूनी माहौल
- भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए संभावनाएँ
- भारतीय वितरण प्रणाली से निपटना
- भारतीय उपभोक्ता को समझना

कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, प्रतिभागियों ने गुजरात चाय संसाधक (वाघ बकरी चाय के विपणनकर्ता), अटीरा (अहमदाबाद वस्त्र उद्योग अनुसंधान संघ), और संस्थान के अभिनव ऊष्मायन और उद्यमिता केंद्र का दौरा किया।

### शैक्षणिक प्रदर्शन और छात्रवृत्तियाँ

सभी 85 छात्र सफलतापूर्वक स्नातक हुए। उन्हें निम्नलिखित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया :

- पीजीपीएक्स सर्वश्रेष्ठ को स्वर्ण पदक : श्री अंशुल श्रीवास्तव
- सर्वश्रेष्ठ पाँच छात्रों को प्रत्येक को 20,000/- रु. की नकद राशि के शैक्षणिक योग्यता पुरस्कार : श्री अंशुल श्रीवास्तव, श्री गौरव गुप्ता, श्री प्रसून बंसल, श्री पुनीत शर्मा और श्री हाफिज करीम पी.एम.
- श्री अरुण के. दुग्गल (अध्यक्ष - श्री राम कैपिटल लिमिटेड, आईआईएमए अतिथि संकाय, और 1974-बैच के पूर्वछात्र) द्वारा प्रायोजित सर्वोत्कृष्ट उत्कृष्टता का 50,000/- रुपये का नकद पुरस्कार : श्री मुकुल शास्त्री
- शापूरजी पालोनजी शैक्षणिक योग्यता राइजिंग स्टार अवार्ड : श्री अंशुल श्रीवास्तव

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान

पीजीपीएक्स कार्यक्रम ने फाइनेंशियल टाइम्स 'एफटी ग्लोबल एमबीए रैंकिंग-2014 में विश्व में सबसे अच्छे कार्यक्रमों में बने रहना जारी रखा। यह कैरियर प्रगति में दूसरे स्थान पर रहा तथा समग्र दृष्टि से 26वें स्थान पर था।

### संयोजन (कोनेक्सियन) 2014

कोनेक्सियन 2014, वार्षिक व्यापार सम्मेलन 6 से 8 नवम्बर 2014 के दौरान आयोजित किया गया। परिसर के बाहर एक परंपरागत 10 किलोमीटर दौड़ के साथ इसका प्रारंभ हुआ। व्यापार जगत के

लगभग 45 से अधिक अग्रणियों ने 'पुनरुत्थानशील भारत : अनंत क्षमता का दोहन' के मुख्य विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए इस समारोह में भाग लिया जिसके कई उपविषय भी थे। मुख्य वक्ता और वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने विचारों को साझा किया और छात्रों तथा शिक्षकों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया।

### एक्स-बिज़

इस वर्ष तत्काल रूप से एक्स-बिज़ का आयोजन किया गया और इसमें 'भारत के लिए स्वदेशी रक्षात्मक कौशल निर्माण' पर ध्यान केन्द्रित किया गया। उद्योग जगत के अग्रणियों, सरकारी विशेषज्ञों तथा कार्यकर्ताओं ने प्रतिभागी टीमों का मार्गदर्शन किया। प्रत्येक छात्र टीमों (आईआईएमए, आईआईएमबी, आईआईएमसी, और आईआईएमएल से) का प्रतिनिधित्व करने में विभिन्न हितधारक थे, इनमें बोइंग, एल एंड टी और लॉकहीड मार्टिन जैसी कंपनियाँ तथा सरकारी और सैन्य अधिकारियों के साथ उद्योग जगत के अग्रणी भी थे। छात्रों की प्रस्तुतियों का विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन किया गया और संस्थान की टीम विजेता रही।

### पीजीपीएक्स पूर्वछात्र मिलन

पीजीपीएक्स पूर्वछात्रों का एक बड़ा दल पूर्वछात्र मिलन के लिए इकट्ठा हुआ। इन्होंने अपनी सफलता की रोचक कहानियों तथा अपने रोजगार में पीजीपीएक्स के योगदान को साझा किया। इसका समापन पीजीपी एक्स3 के सम्मान समारोह के साथ हुआ।

### प्रवेश

इस कार्यक्रम के लिए अप्रैल 2015 की शुरूआत में चार सौ से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त हुए। 102 उम्मीदवारों को अंतिम प्रस्ताव दिए गए और 20 को प्रतीक्षा सूची में रखा गया जिनमें से चार सक्रिय हुए। इस कार्यक्रम से 85 प्रतिभागी जुड़े जिनमें 16 महिलाएँ हैं। प्रवेश पाने वाले छह प्रतिभागियों ने विलंब से अप्रैल 2016 से जुड़ने के लिए कहा है।

## 4. प्रबंध में फैलो कार्यक्रम

शुरुआत से लेकर अब तक, 305 छात्रों ने "भारतीय प्रबंध संस्थान-अहमदाबाद फैलो" की उपाधि प्राप्त की है। वर्ष 2015 में स्नातक हुए 14 छात्रों को जोड़ने पर यह संख्या 319 हो गई है। वर्तमान में 37 छात्र शोध प्रबंध चरण में हैं और 38 छात्र पाठ्यक्रम कार्य कर रहे हैं।

वर्ष 2015 में स्नातक हुए एफ़पीएम छात्रों के नाम और शोध विवरण **परिशिष्ट घ** में दिए गए हैं।

### पुरस्कार

आईएफसीआई शोध-प्रबंध पुरस्कार

| | शोध-प्रबंध का शीर्षक |
|---|---|
| वर्षा वर्मा | विपणन संचार में भाषा कल्पना : उत्पाद विफलता के संदर्भ की ऑनलाइन समीक्षा |
| सफल बत्रा | क्या संगठनों में सामरिक योजना से नवाचार निर्धारित होता है? भारतीय एसएमई क्षेत्र का एक अध्ययन |

### प्रोफेसर तीरथ गुप्ता स्मृति शोध-प्रबंध पुरस्कार

| | शोध-प्रबंध का शीर्षक |
|---|---|
| अविजित खानरा | अख़बार वितरकों की समस्या पर निबंध |
| अतुल अरुण पाठक | गतिशील क्षमताओं के निर्धारकों का एक समग्र चित्रण : सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का एक अध्ययन |

### सम्मेलन / डॉक्टरल वार्ता / कंसोर्टियम में प्रतिभागिता

| सम्मेलन | |
|---|---|
| अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन | 11 |
| घरेलू सम्मेलन | 7 |
| कुल सम्मेलन | 18 |
| कुल छात्रों ने भाग लिया | 10 |

| डॉक्टरेट वार्ता / कंसोर्टियम | |
|---|---|
| अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टरेट वार्ता | 1 |
| घरेलू डॉक्टरेट वार्ता | 1 |
| कुल डॉक्टरेट वार्ता | 2 |
| कुल छात्रों ने भाग लिया | 2 |
| **लेख प्रकाशन** | |
| कुल प्रकाशित लेख | 14 |
| शामिल छात्रों की कुल संख्या | 5 |

पीजीपी, पीजीपी-एबीएम और एफ़पीएम छात्रों की संख्या के पिछले 10 वर्षों के विवरण **परिशिष्ट ङ** में दिए गए हैं।

## 5. प्रबंध में संकाय विकास कार्यक्रम

संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) 15 सप्ताह का आवासीय कार्यक्रम है जो प्रबंध शिक्षा के संकाय सदस्यों और प्रशिक्षण संस्थानों के लिए बनाया गया है। संस्थान ने एक विश्वविद्यालय शिक्षक श्रृंखला शुरू की उसके बाद प्रथम एफ़डीपी कार्यक्रम सन् 1979 में प्रस्तुत किया था। पिछले कई वर्षों में एफ़डीपी की संरचना एवं पाठ्यक्रम में प्रबंध शिक्षकों के विकास की उभरती आवश्यकताओं को देखते हुए, उसे फिर से रचा गया है।

36वाँ एफडीपी 9 जून से 27 सितम्बर, 2014 तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नेपाल के चार प्रतिभागियों सहित कुल तीस प्रबंध शिक्षकों ने भाग लिया। इन प्रतिभागियों में बारह संकाय सदस्य महिलाएँ थीं। 30 में से नौ प्रतिभागियों के पास प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विषयों में डॉक्टरेट की उपाधि थी। स्व-प्रायोजित सात प्रतिभागियों को फैलोशिप प्रदान की गई। जिन प्रतिभागियों ने गुजरात-आधारित अनुसंधान अध्ययनों पर काम करना चाहा उन्हें अनुसंधान अनुदान दिया गया।

एफडीपी पूर्वछात्र नेटवर्क में नेपाल, बांग्लादेश, मालदीव, श्रीलंका, भूटान, तथा इथियोपिया के 87 प्रबंध शिक्षकों सहित 732 सदस्य हैं। इन वर्षों में पूर्वछात्र भारत में तथा विदेश में प्रबंधन शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं।

### स्थानन

#### पीजीपी

स्नातक हो रहे छात्रों के लिए स्थानन प्रक्रिया तीन समूहों के भीतर सफलतापूर्वक पूरी की गई। इस प्रक्रिया में "ड्रीम आवेदन" की अवधारणा के साथ छात्रों को अंतिम स्थानन के लिए अपनी पसंद के क्षेत्रों और कार्यों को चयन करने की अनुमति प्रदान की गई।

### स्थानन प्रक्रिया

स्थानन प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की गई। पहला चरण पार्श्व प्रक्रिया का था जिसमें कंपनियों ने पूर्व कार्यानुभव वाले छात्रों का साक्षात्कार लिया और उन्हें मध्य स्तर के प्रबंधकीय पदों की पेशकश की। दूसरे चरण में, अंतिम स्थानन प्रक्रिया के तहत कंपनियों को कॉहार्ट सिस्टम के आधार पर बाँटकर प्रोफाइल प्रस्तुत किये गए और उन्हें अलग-अलग समूहों में परिसर में आमंत्रित किया गया।

### क्षेत्र के अनुसार अवलोकन

स्थानन प्रक्रिया में पार्श्व स्थानन प्रक्रिया सहित 115 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। विभिन्न स्थानों से आई अलग-अलग क्षेत्रों की कंपनियों ने संचालन कार्यों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए उम्मीदवारों का स्थानन किया।

### क्षेत्र के अनुसार शीर्ष नियोक्ता

| क्षेत्र | नियोक्ता | नियुक्तियों की संख्या | कुल स्वीकृतियों का % (361) |
|---|---|---|---|
| परामर्श | एक्सेंचर | 21 | 5.82 |
| | बीसीजी | 11 | 3.05 |
| | मैकिन्से एंड कंपनी | 10 | 2.77 |
| | केपीएमजी | 8 | 2.22 |
| | बैन एंड कंपनी | 8 | 2.22 |
| बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ | यस बैंक | 10 | 2.77 |
| | गोल्डमैन साक्स | 5 | 1.39 |
| | डीबी-सीआईबी | 4 | 1.11 |
| | एवेंडस कैपिटल | 4 | 1.11 |
| कंपनियों के संगठन | आदित्य बिड़ला समूह | 8 | 2.22 |
| | फ्यूचर ग्रुप | 8 | 2.22 |
| | सीके बिड़ला | 5 | 1.39 |
| आई टी और प्रणालियाँ | अमेजोन | 13 | 3.60 |
| | होपस्काच | 6 | 1.66 |
| | स्नैपडील | 6 | 1.66 |
| उपभोक्ता वस्तुएँ | हिंदुस्तान यूनिलीवर | 6 | 1.66 |
| | आईटीसी | 4 | 1.11 |
| | प्रोक्टर एंड गैंबल | 4 | 1.11 |
| मीडिया / संचार | स्टार इंडिया | 6 | 1.66 |
| इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी | सैमसंग इंडिया | 10 | 2.77 |
| | एजवेर्व | 6 | 1.66 |

### उद्यमिता

हमेशा से संस्थान ने छात्रों को कैरियर के रूप में उद्यमशीलता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है और इस वर्ष, ग्यारह छात्रों ने अपने स्वयं के उद्यम शुरू करने के लिए स्थानन प्रक्रिया से बाहर रहने का

विकल्प चुना। इन स्टार्ट-अप में साहसिक पर्यटन, डेटा विश्लेषण, ई-कॉमर्स, और खाद्य प्रसंस्करण जैसे विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। इस क्रम में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की अपनी संस्कृति के साथ संस्थान अपने छात्रों को स्थानन छुट्टी प्रदान करता है, जिसमें उनका उद्यम आगे नहीं बढ़ने की स्थिति में वे आगामी दो वर्षों में से किसी भी एक वर्ष स्थानन में भाग ले सकते हैं।

### पूर्व-स्थानन प्रस्ताव (पीपीओ) स्थानन

ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर 60 कम्पनियों द्वारा 130 पूर्व-स्थानन प्रस्ताव पेश किए गए, इनमें से 77 प्रस्ताव स्वीकार किए गए।

### पार्श्व स्थानन

बैच के लगभग 50 प्रतिशत छात्र पार्श्व स्थानन के लिए पात्र थे, जिसने छात्रों को अपने काम के अनुभव का बेहतर लाभ उठाने के लिए एक अवसर प्रदान किया। जिन कंपनियों ने पार्श्व स्थानन प्रक्रिया में भाग लिया उनमें से कुछ प्रमुख हैं - आदित्य बिड़ला समूह, अल्वारेज़ और मार्शल, अमेज़न, फ्लिपकार्ट, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, प्रैक्टो, और स्टार टीवी इंडिया। लगभग 35 कंपनियों ने पार्श्व स्थानन में भाग लिया और 123 पेशकशें रखीं इनमें से छात्रों द्वारा 93 पेशकशों को स्वीकारा गया।

### पीजीपी-एबीएम

इस बैच में शामिल 38 छात्र, कृषि व्यवसाय, खाद्य और संबद्ध डोमेन के भीतर अपनी पसंद के कैरियर के अवसरों को पाने में आगे बढ़े। मजबूत स्थानन प्रक्रिया द्वारा नियोक्ताओं और छात्रों दोनों को ही प्रतिभाओं के अनुरूप मौकों के रूप में अच्छी प्रतिक्रिया मिली। कंपनियों ने उम्मीदवारों के प्रोफाइल के आधार पर विशेष पदों का सृजन किया।

बहुराष्ट्रीय कंपनियों से लेकर छोटे और मध्यम उद्यमों व साथ-साथ उल्लेखनीय स्टार्ट-अप नियोक्ताओं के विविध पूल को इस बैच ने आकर्षित किया। यस बैंक, और सिंजेटा शीर्ष नियोक्ता रहे जिन्होंने क्रमशः चार और तीन छात्रों की भर्ती की। बीकानेरवाला, कोरोमंडल, ईडब्ल्यू न्यूट्रीशन, फ्यूचर ग्रुप, प्रॉक्टर एंड गैंबल, और यूनाइटेड ब्रेवरीज ने यहाँ पहली बार स्थानन किया। ईएसपी, गोदरेज एग्रोवेट, राबो बैंक, और टाफे जैसे नियमित नियोक्ता भी स्थानन के लिए आए।

तीन छात्रों ने नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर रहते हुए अपने उद्यम शुरू करने का विकल्प चुना। संस्थान अपने स्वयं के स्टार्ट-अप शुरू करने वाले छात्रों के दो साल का स्थानन अवकाश प्रदान करता है।

### पूर्व-स्थानन प्रस्ताव (पीपीओ) स्थानन

ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप में प्रदर्शन के आधार पर, छह कंपनियों द्वारा नौ पूर्व-स्थानन पेशकशें रखी गई जिनमें से सात पेशकशों को स्वीकारा गया।

### पीजीपीएक्स

पीजीपीएक्स स्थानन का आयोजन सूचीकरण के आधार पर किया जाता है और इसमें प्रतिभागियों को मध्यम से वरिष्ठ स्तर के पदों के लिए चुना जाता है। इसमें प्रतिभागी तथा संभावित नौकरी/पद के बीच एक अच्छा मेल सुनिश्चत करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है।

जो कंपनियाँ स्थानन के लिए आईं उनमें भारती एयरटेल, टाटा कैपिटल, एक्सेंचर, एरिक्सन, गोल्डमैन सेचस, अमेज़न, विरतुसा, आदि शामिल हैं। भारती एयरटेल तथा टाटा कैपिटल ने सबसे अधिक संख्या में प्रस्ताव दिए।

स्थानन कार्यालय ने स्थानन के लिए शेष, रुचि व्यक्त करने वाले छात्रों तथा कंपनियों के बीच बातचीत की सुविधा उपलब्ध कराना जारी रखा और स्थानन के लिए पूर्ण समर्थन जारी है।

### एफ पी एम

पिछले तीन सालों से एफ पी एम अंतिम स्थानन को स्थायी स्थानन के बदले में आवर्ती स्थानन कर दिया गया है। संस्थान कुछ कंपनियों से एफ पी एम छात्रों के लिए प्रोफाइल बनवाने में सफल रहा है, जिससे सभी डॉक्टरेट छात्रों को फायदा होगा।

स्थानन के विवरण **परिशिष्ट च** में दिये गये हैं।

## दीक्षांत समारोह

मास्टरकार्ड के प्रमुख एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अजय बंगा पचासवाँ दीक्षांत समारोह पर

पचासवाँ दीक्षांत समारोह 21 मार्च, 2015 को आयोजित किया गया। मास्टरकार्ड के प्रमुख एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अजय बंगा ने दीक्षांत भाषण दिया। दीक्षांत समारोह में, 14 एफपीएम छात्रों को 'भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद फैलो' की उपाधि से सम्मानित किया गया, 377 छात्रों को प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा से सम्मानित किया गया, 36 छात्रों को कृषि-व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा से सम्मानित किया गया, और 85 छात्रों को कार्यकारी अधिकारियों के लिए प्रबंधन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा से सम्मानित किया गया।

निम्नलिखित छात्रों को शैक्षिक कार्य-निष्पादन के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद पदक से सम्मानित किया गया :

### पीजीपी

- अग्रवाल राहुल सतीश
- रक्षित यू. अग्रवाल
- अभिनव गुप्ता

### पीजीपी-एबीएम

- सिद्धार्थ अग्रवाल

### पीजीपीएक्स

- अंशुल श्रीवास्तव

स्वर्ण पदक विजेता

अग्रवाल राहुल सतीश

रक्षित यू. अग्रवाल

अभिनव गुप्ता

सिद्धार्थ अग्रवाल

अंशुल श्रीवास्तव



# कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

वर्ष 2014-15 के दौरान, संस्थान ने 62 कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों (ईईपी) की पेशकश की। इन कार्यक्रमों में सरकारी विभागों सहित निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों से 1,978 अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों (ईईपी) की गतिविधियाँ 12,941 प्रतिभागी-दिनों में पूरी हुई। वर्ष के दौरान, दो कार्यक्रम मूल क्षमता के रूप में - रचनात्मकता और नवीनता : व्यक्तिगत तथा संगठनात्मक क्षमता का विकास करना, और गोदाम डिजाइन एवं प्रबंधन को दो बार प्रस्तुत किया गया।

62 कार्यक्रमों में से, तीन नियमित सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम थे। शेष 59 कार्यक्रमों में से छह नए कार्यक्रम थे और 53 कार्यक्रम दोहराए गए थे।

विवरण **परिशिष्ट छ** में दिए गए हैं।

















# अनुसंधान और प्रकाशन

इस संस्थान में अनुसंधान, महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधि का गठन करता है। संस्थान द्वारा अनुसंधान परियोजनाओं के लिए अनुदान अन्य सहायता की मात्रा पर निर्भर करते हुए - बड़े, छोटे, या मूलधन के रूप में वर्गीकृत करके - प्रदान किया जाता है। केस-लेखन एक अन्य महत्त्वपूर्ण गतिविधि है जिसे संस्थान द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। प्रकाशन के विभिन्न प्रकार जैसे पुस्तकें, मोनोग्राफ़्स, जर्नल्स में लेख, केस स इन अनुसंधान परियोजनाओं के ही परिणाम हैं।

### परियोजना की स्थिति

| स्थिति / परियोजना का प्रकार | परियोजनाएँ | | |
|---|---|---|---|
| | जारी परियोजनाएँ | परियोजनाएँ शुरू हुई | पूर्ण हुई परियोजना |
| अनुसंधान परियोजनाएँ | 9 | 18 | 11 |
| मूलधन परियोजनाएँ | 7 | 13 | 10 |
| इंटर्नशिप परियोजनाएँ | | | 46 |
| अनुसंधान एवं प्रकाशन द्वारा आयोजित संगोष्ठियाँ | | | 37 |
| लिखे गए आधारपत्र | | | 108 |
| लिखी गई पुस्तकें | | | 10 |
| पुस्तक चैप्टर | | | 30 |
| पत्रिकाओं में लेख | | | 134 |
| प्रस्तुत किए गए आलेख | | | 103 |

इनके विवरण **परिशिष्ट ज, ञ और ट** में दिए गए हैं।

## विकल्प : निर्णयकर्ताओं का जर्नल

***विकल्प : निर्णयकर्ताओं का जर्नल*** भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद का एक तिमाही प्रकाशन है। वर्तमान में इसके 40वें वर्ष के प्रकाशन में, **विकल्प** शिक्षाविदों एवं प्रबंधकों के लिए प्रबंधन विकास संप्रेषण के एक शीर्ष प्रबंध-जर्नल के रूप में उभरा है। इसमें अनुप्रयुक्त अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो शैक्षणिक कठिनता और प्रतिभावों के मानकों को पूरा करते हैं तथा अभ्यासरत प्रबंधकों के लिए प्रासंगिक हैं।

**विकल्प** के ऑनलाइन तथा मुद्रित संस्करण के प्रकाशन के लिए इस बार सेज प्रकाशन के साथ समझौता किया गया है। इसके साथ ही, संस्थान के लिए अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक विकल्प की पहुँच बनाने के लक्ष्य में आसानी हो गई है। इस साझेदारी व्यवस्था में, स्वामित्व और संपादकीय नियंत्रण विकल्प के पास रहेंगे जबकि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार करते हुए, सार संक्षेप और सूचकांक सेवाओं के द्वारा सेज प्रकाशन इसके प्रकाशन तथा विपणन के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। विकल्प के पास अब सेज प्रकाशन में एक ब्रांडेड होमपेज है जहाँ शोधकर्ता इस जर्नल की पूरी सामग्री को खोजने में सक्षम रहेंगे।

**विकल्प** के प्रत्येक अंक में आमतौर पर निम्नलिखित विशेषताएँ होती हैं। **दृष्टिकोण** उन उभरते मुद्दों व विचारों को प्रस्तुत करता है जो संगठनों में प्रबंधकों, प्रशासकों व नीति निर्माताओं से कार्रवाई या पुनर्विचार की मांग करते हैं। अनुसंधान में विश्लेषणात्मक या **अनुसंधान** आधारित लेख होते हैं, जो प्रबंधकीय व शैक्षणिक मुद्दों के समाधान पर ध्यान आकर्षित करते हैं। **अंतराफलक** ऐसे लेख प्रस्तुत करता है, जो प्रबंधकों के लिए व्यावहारिक रूप से उपयोगी होते हैं तथा उनके प्रबंधकीय कौशलों को अद्यतन बनाने में सहायक होते हैं। **टिप्पणियाँ एवं व्याख्याएँ** प्रारंभिक अनुसंधान, साहित्य की समीक्षा, और प्रकाशित आलेखों के विषयों पर टिप्पणियों को समाविष्ट करती हैं। **वार्ता** के अंतर्गत समसामयिक विषय पर की गई चर्चा शामिल होती है। **प्रबंध केस** में, किसी एक प्रबंधक या संगठन ने, रणनीतिगत, प्रकार्यात्मक या प्रचालनात्मक स्तरों पर किसी वास्तविक स्थिति का सामना किया हो, उस पर निर्णय लिया हो या कार्रवाई की हो, उसका वर्णन होता है। **निदान**, अकादमी के सदस्यों एवं व्यवसायियों द्वारा किए गए किसी केस के विश्लेषण को प्रस्तुत करता है। विकल्प **पुस्तक समीक्षाएँ** भी प्रस्तुत करता है।

**विकल्प**, ऐसा जर्नल है जिसकी समीक्षा समान योग्यता वाले व्यक्तियों द्वारा की जाती है। प्रकाशन के लिए प्राप्त सामग्री की प्राथमिक स्क्रीनिंग व दोहरी अप्रत्यक्ष समीक्षा की जाती है और स्वीकृत सामग्री को उचित ढंग से संपादित किया जाता है। सभी हस्तलिखित रचनाओं की प्रस्तुति और समीक्षा प्रक्रिया सेज के माध्यम से कराई जाती है।

# केस केंद्र

आईआईएमए में केस केंद्र की स्थापना अप्रैल 2014 में हुई। केस केंद्र की प्रमुख गतिविधियों में केस लेखन, केस वितरण, तथा केस शिक्षण हैं।

केस लेखन गतिविधि को केस समर्थन की एक प्रणाली सहकर्मी समीक्षा में रखकर मजबूती प्रदान की गई है। किसी भी नए केस एवं तकनीकी नोट के पंजीकरण के लिए यह समर्थन उपलब्ध रहता है। इस वर्ष के दौरान, केस केंद्र में 59 अध्ययन केस, 23 तकनीकी नोट्स, 47 शिक्षण नोट सहित कुल 129 आलेखों का पंजीकरण किया गया है। पहली बार संस्थान के संकाय द्वारा लिखे गए सर्वोत्तम केस को पुरस्कार से सम्मानित करने की शुरूआत की गई है। एक पूर्वछात्र प्रोफेसर हृषिकेश टी. कृष्णन द्वारा संस्थापित फिलिप थॉमस मेमोरियल केस अवार्ड, से प्रोफेसर निहारीका वोहरा को पूर्व दीक्षांत समारोह के दौरान सम्मानित किया गया।

आईआईएमए केसों को मुख्यतः दो चैनलों के माध्यम से वितरित किया जाता है – आईआईएमए केस वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बिक्री और शैक्षणिक संस्थानों के साथ अनुबंध के माध्यम से ऑफ़लाइन बिक्री। इस केंद्र ने वितरण चैनलों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया और इस वर्ष के दौरान हार्वर्ड बिजनेस प्रकाशन, आइवी प्रकाशन, तथा कुछ अन्य प्रकाशन गृहों के साथ विचार विमर्श शुरू किए गए। इसी वर्ष के दौरान आइवी प्रकाशन के माध्यम से संस्थान के केसों के वितरण के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। एचबीपी के साथ भी अनुबंध अंतिम चरण में है।

केस केंद्र केवल संस्थान के भीतर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी केस पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। अन्य प्रबंध संस्थानों में शिक्षण के लिए केस पद्धति अपनाने का समर्थन करने के लिए, इस केंद्र ने भारत में एक केस पद्धति शिक्षण संगोष्ठी के आयोजन के लिए हार्वर्ड बिजनेस प्रकाशन के साथ सहयोग किया था। यह प्रबंधन शिक्षकों के लिए दो-दिवसीय संगोष्ठी थी जिसमें पहले दिन हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एक संकाय सदस्य ने संचालन किया और दूसरे दिन संस्थान के संकाय द्वारा संचालन किया गया। वर्ष में ऐसी 2-3 संगोष्ठियाँ आयोजित करने की योजना बनाई गई है।

# अंतर्विषयक केन्द्र एवं समूह

## 1. लिंग समानता, विविधता, और समावेशिता केन्द्र

### आईआईएमए में लैंगिक अध्ययन संसाधन

वर्ष 2014-15 के दौरान, पुस्तकालय में लैंगिक अध्ययनों के लिए एक नए अलग वर्गीकरण के तहत प्रकाशन तथा दृश्य-श्रव्य सामग्री को एक संग्रह में समेकित किया गया। जेडी केंद्र द्वारा आयोजित आईआईएमए समारोहों की वीडियो रिकॉर्डिंगों को भी इस संग्रह में रखा जा रहा है।

### जेडी वार्ता श्रृंखला

इस शैक्षणिक वर्ष के दौरान जेडी सेंटर ने गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रेबेका आरमान की मेजबानी की थी जिसमें नए अनुसंधान सहयोग पर चर्चा की गई। यहाँ पर अपने इस आवास के दौरान, प्रोफेसर आरमान ने 16 जनवरी 2015 को "जन्म लेना या ना लेना : सहायता प्रजनन तकनीकों के लेंस से लैंगिक न्याय" विषय पर एक जेडी वार्ता प्रस्तुत की थी।

सुश्री दीपिका कोठारी ने 10 मार्च, 2015 को "भारत में मातृसत्ता और हमारी सांस्कृतिक परंपराओं में इसका आधार" पर एक जेडी वार्ता में संबोधित किया। इस अवसर पर, सुश्री दीपिका कोठारी द्वारा निर्मित फिल्म भी प्रदर्शित की गई और इस पर चर्चा की गई।

### अनुसंधान परियोजनाएँ

अजीत एन. माथुर और अनीता केराई तेज़ी से बढ़ते वाणिज्यिक सरोगेसी उद्योग पर एक नया शोध अध्ययन शुरू किया जिसमें भारत (नेपाल और थाईलैंड के अलावा) एक प्रमुख केंद्र है और उसका मूल्य भारत और कई उन्नत देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार के मूल्य से अधिक है। पहले खोजपूर्ण अध्ययन का उद्देश्य व्यवसाय मॉडलों में ऊभरते नवाचारों में से लैंगिक न्याय के लिए खड़ी हो रही नई चुनौतियों वाली सेवाओं में नए गैट्स(जीएटीएस) व्यवसाय से निकले नीति शोध प्रश्नों के इर्दगिर्द अधिक विस्तृत जाँच शुरू करने की संभावनाओं का दायरा बनाना था। इस विषय पर तैयार किया गया पहला आलेख बैंगलुरू में 10वें राष्ट्रीय सार्वजनिक नीति सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया।

इस आलेख में नीतिगत कमियों और खालीपन पर ध्यान केन्द्रित किया गया, जिससे शोषणकर्ता श्रम बाजार संचालित करते हैं तथा व्यापार नैतिकता या औचित्य के संबंध में गतिविधियाँ एक ग्रे क्षेत्र में पड़ती हैं लेकिन इन्हें अन्यायपूर्ण या गैरकानूनी या अवैध नहीं कहा जा सकता है। इससे पहले की नीतियों के बारे में सोचा जाए और बनाई जायें उससे पहले ही पर्याप्त नीतियों के अभाव के कारण सीमा पार से आउटसोर्सिंग द्वारा व्यावसायिक सरोगेसी के माध्यम से मातृत्व के बारे में भारत सरोगेट मातृत्व के लिए एक अंतरराष्ट्रीय केन्द्र बन गया है। इस आधारपत्र का निष्कर्ष था कि यह समस्या तिगुनी है (1) इससे गुलामी के परिणाम आए हैं, जेल श्रम और बंधुआ मजदूरी के परिणाम भी निकले हैं तथा इसमें बंदी बन

गए हैं, (2) अजन्मे बच्चों के अधिकार प्रभावित होते हैं क्योंकि इसकी कोई गारंटी नहीं है कि जन्मा हुआ बच्चा जिस स्थिति में पैदा हुआ है उसी प्राकृतिक पहचान लिए हुए होगा या जिस स्थिति में शुक्राणु या अंडकोष के दाता थे उसकी पहचान लिए हुए होगा, क्योंकि जर्मनी जैसे कई देश मातृत्व-पितृत्व के लिए सरोगेसी को एक साधन के रूप में मान्यता नहीं देते हैं, और (3) ऐसी कोई व्यवस्था या कोई नीति नहीं है जो यदि अंडकोषदाता भारत में या अन्यत्र बच्चों को पालने में असमर्थ हों तो ऐसे देशों में बच्चों को बढ़ावा देने में सक्षम बनाए जहाँ वे जन्मते हैं या जहाँ के अंडकोषदाता होते हैं। इससे सभ्य काम, मानव अधिकार, अंतरराष्ट्रीय प्रवास तथा मोड-2 (विदेश में उपभोग) तथा मोड-4 (मूवमेंट ऑफ़ नेचुरल पर्सन) के संबंध में किसी शासन के नागरिक दायित्वों के बारे में डब्ल्यूटीओ-विश्व व्यापार संगठन- की सेवाओं में व्यापार पर सामान्य समझौते-गैट्स- के तहत प्रश्न खड़े होते हैं जो नीति व नियमन में अंतर बताते हैं। इन सबसे ऊपर, मनुष्यता के लिए मानव उपयोग की कोई सीमा भी है या नहीं, यह सबसे महत्वपूर्ण सवाल उठता है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के समारोह

केंद्र ने 08-09 मार्च, 2015 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए दो समारोहों का आयोजन किया जिनमें निम्नलिखित कार्यक्रमों के लिए मुक्त नामांकन रखा था :

- लिंग समानता और विविधता पर अधिक शोध के लिए एक एजेंडा बनाने हेतु नेटवर्क और समूह बनाने की दृष्टि से स्वयं के जीवन, भूमिकाओं और अनुभवों को साझा करना।
- नीति निर्माता, व्यवसायी, विद्वान लैंगिक न्याय पर क्या सोचते हैं और करते हैं, उन विमर्शों को सुनना।
- यह जानना कि आईआईएमए अनुसंधान ने विभिन्न संगठनों में जेडी की पद्धतियों के बारे में क्या पता लगाया।
- लैंगिक न्याय और सद्भाव के लिए संभावित क्षमता निर्माण की पहल की एक गहरी समझ विकसित करना।

### 'प्राधिकरण में महिला' पर गोलमेज सम्मेलन

यह विषय इस चिंता से उभरा कि सहायकारी संबंधों में कार्य पदों में "वरिष्ठ", "कनिष्ठ" जैसे तथा पालक/आश्रित, प्रशिक्षक/प्रशिक्षु जैसे साथियों के रूप में संबंधितता में काम करते हुए बहुसंख्या में कैसे पुरुष तथा महिलाएँ कार्यालयों में जुड़ते तथा अंतर्क्रिया करते हैं। अधिक से अधिक पुरुष और महिलाएँ उल्लेखनीय नियुक्तियों में जोड़े के रूप में एक ही या अलग अलग संगठनों में काम करते हैं तथा कार्य-जीवन संतुलन के बारे में चिंतित रहते हैं, परिवारों और कार्यस्थलों, और संगठनात्मक संबद्धता की राजनीति में काम करने के लिए लैंगिक विभाजन संबद्धता, उनके लिए शिक्षा, व्यापार, उद्यमशीलता, व्यवसायों व रोजगारों की एक श्रेणी, तथा सिविल सेवाओं के अपने अनुभव साझा किये।

पूछताछ के अलग अलग तरीकों को खोजते हुए प्रश्न : नीति निर्माता, व्यवसायी और विद्वान इन चुनौतियों का कैसे सामना करते हैं? अपने जीवन तथा कार्यस्थल पर पुरुष और महिलाएँ इन मुद्दों से कैसे जूझ सकते हैं? वक्ताओं में डॉ कमल नागपाल-निदेशक, रेटिना फाउंडेशन, प्रोफेसर सरी मट्टिला-आईआईएम बैंगलोर, सुश्री प्रणीत बख्शी, अमेरिकन एक्सप्रेस, प्रकाश कुलकर्णी, निदेशक, प्राग टूल्स, सुश्री यशस्विनी रामास्वामी-आईआईएम बंगलौर में महिला उद्यमिता कार्यक्रम की संस्थापक, प्रोफेसर ज्योत्सना लता बेलिअप्पा-अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, सुश्री गौरी त्रिवेदी-आईएएस, और सुश्री नित्या जे.-अंतर्नाद फाउंडेशन शामिल थे। प्रोफेसर अजीत एन. माथुर, आईआईएम अहमदाबाद ने आईआईएमए जेडी केंद्र की पहल से मिले परिणामों को साझा किया। इस गोलमेज सम्मेलन ने यह निष्कर्ष निकाला कि व्यावसायिकों के रूप में महिलाएँ यदि उन्हें पौरुषी मानंदडों के अनुरूप व्यवहार की रेंज में सीमित करके उनकी क्षमताओं के विकास को सीमित करने के लिए विवश किया जाता है तो विशेष रूप से कमजोर हो जाती हैं।

### "प्रगति अवरोध हटाना" पर संगोष्ठी

चूँकि एक अदृश्य अवरोध के रूप में "प्रगति अवरोध" के बारे में बहुत कुछ कहा व लिखा गया है, जो महिलाओं को चार-दीवारी से बाहर निकालकर संगठनात्मक पदानुक्रम में बढ़ने से रोकता है अथवा तो उस जिम्मेदारी के पदों तक बढ़ने से रोकता है जो निश्चित स्तर से आगे बढ़ने से महिलाओं को रोकता है जिसमें ऐसा कोई कारण नहीं होता कि इस तरह से महिलाओं को अलग क्यों रखा जाना चाहिए, इसमें उठाए गए प्रश्न इस तरह से थे : क्या कोई ऐसा अदृश्य अवरोध है? सफल महिलाओं ने कैसे इसको पार किया है? कौन-से अन्य तरीके लिंग समानता, विविधता और समावेशन की सुविधा देते हैं? क्या भुगतान के तरीके अनुचित हैं? क्या प्रगति अवरोध को दूर करने के लिए संगठन रणनीति अपना सकते हैं? व्यवसायी महिलाएँ प्रगति अवरोध को तोड़ने के लिए क्या कर सकती हैं? इसमें फ़्लैम विश्वविद्यालय की संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर इंदिरा जे परीख मुख्य वक्ता थी। मुख्य भाषण के बाद प्रोफेसर आशा कौल, प्रोफेसर शेरोन बार्नहार्त, प्रोफेसर पवन मामिडी, प्रोफेसर मंजरी सिंह और प्रोफेसर बीजू वर्की के नेतृत्व में संवादात्मक पैनल चर्चा, और मध्याह्न भोजन के बाद के सत्र हुए।

## 2. अवसंरचना नीति और नियमन केन्द्र

अवसंरचना नीति और विनियमन केंद्र (सीआईपीआर), परामर्शी सेवाओं, शिक्षा, प्रकाशन, अनुसंधान तथा अवसंरचना, नीति व विनियमन के क्षेत्रों में प्रशिक्षण को बढ़ावा देता है। सीआईपीआर, संस्थान में उपलब्ध बुनियादी ढांचे व विनियमन के क्षेत्रों में नीति अनुसंधान में महत्त्वपूर्ण अनुभव को शक्ति प्रदान करने का प्रयास करता है।

### अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम

- सार्वजनिक नीति पर आर्थिक मामलों के विभाग के लिए दो-सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के बैच-2013 के अधिकारी प्रशिक्षु प्रतिभागी के तौर पर इसमें उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रतिभागियों के निजी कौशल निर्माण को सुधारने, सार्वजनिक नीति की उनकी समझ को बढ़ाने तथा आर्थिक वातावरण के प्रति उनकी समझ को गहन बनाने के लिए किया गया था।
- भारतीय नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के लिए वित्त पर दो सप्ताह का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों में भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा (आइए एवं एएस) के बैच-2013 के अधिकारी प्रशिक्षुओं में शामिल थे।
- दिल्ली जल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए परियोजना प्रबंधन तथा पीपीपी पर दो कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- पावर एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड (पीएक्सआईएल) के लिए 'भारत में पावर ट्रांसमिशन : प्रणाली, मुद्दे, तथा परिप्रेक्ष्य' विषय पर एक प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा (आइए एवं एएस) के अधिकारियों के लिए दूसरे कार्यकारी अधिकारी विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा (आइए एवं एएस) के अधिकारियों के तकनीकी तथा प्रबंधकीय कौशलों को सुधारना है।
- सीआईपीआर ने कंपनी-गत एल एंड टी आईपीएम कार्यक्रम के संचालन में सहायता प्रदान की।
- सीआईपीआर ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के भारतीय राजस्व सेवा के (मुख्य आयकर आयुक्तों) वरिष्ठतम अधिकारियों के लिए एड्वान्स्ड़ मध्य-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम दो चरणों में संचालित किया गया। पहले चरण में संस्थान में ही तीन सप्ताह का एक गहन आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल था जबकि द्वितीय चरण हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में आयोजित किया गया।

- सीआईपीआर ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए सामरिक नेतृत्व कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संगठनात्मक संदर्भ में बीमा बाजार, प्रवृत्तियाँ और अपेक्षित परिवर्तन, आर्थिक रुझान, और परिवर्तन व साथ-साथ नेतृत्व पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- सीआईपीआर ने एमएमटीसी लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए सामरिक नेतृत्व कार्यक्रम का आयोजन किया।

## 3. नवप्रवर्तन ऊष्मायन एवं उद्यमिता केन्द्र

नवप्रवर्तन, ऊष्मायन और उद्यमिता केंद्र (सीआईआईई) भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा गुजरात सरकार के सहयोग में स्थापित नवप्रवर्तन उद्यमशीलता को बढ़ावा देने वाला एक केंद्र है। सीआईआईई निवेशकों, उद्यमियों, नवप्रवर्तकों, सेवा प्रदाताओं, तथा उद्यमशीलता को बढ़ावा देते अन्य पारिस्थितिकी तंत्र हितधारकों के साथ मिलकर काम करता है।

सीआईआईई ने सन् 2002 से एक सक्रिय भूमिका निभाई है और विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअपों की उद्यमकारी भावना को पहचानने तथा पोषण प्रदान करने में यह हिमायती बना रहा है। वर्ष 2008 में, सीआईआईई की निवेश इकाई को उद्यमों के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था जो समय के साथ स्थायी प्रभाव पैदा करने में सक्षम हो जाएगा।

### सीआईआई के काम :

- 400,000 से अधिक लोगों को उद्यमशीलता के लिए प्रेरित किया
- अपने विचारों को ठोस रूप देने में 30,000 से अधिक लोगों की सहायता की
- 4000 से अधिक उद्यमियों का मार्गदर्शन किया
- 200 से अधिक उद्यमियों को समर्थन दिया
- लगभग 90 उद्यमों में निवेश किया; जिनसे सीआईआईई को शेष पोर्टफोलियो के लिए काफी बेहतर प्रदर्शन करने के साथ सामाजिक उपक्रम से 9:1 का फॉलो-ऑन स्तर मिला।

### सामाजिक क्षेत्र में गतिविधियाँ

सीआईआईई अपने दो नवप्रवर्तक स्टार्टअप को सीएसआर योगदान से सुविधाजनक बनाने के द्वारा सीएसआर तथा उद्यमशीलता के बीच संबंध बनाने में जुटा हुआ है। जबकि जीवन विज्ञान में - बहुत बड़े टीएकेई (टेइक) सॉल्युशन्स ने अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के कौशल प्रशिक्षण को डिजिटाईज करने वाले एक सामाजिक उद्यम बोधि स्वास्थ्य शिक्षा में निवेश करने के लिए सीआईआईई के साथ हाथ मिलाए हैं। वहीं महिंद्रा फाइनेंस सीएसआर ने अपनी वित्तिय सहायता कृषि क्षेत्र में विकास के नवीन डिजाइन तथा प्रौद्योगिकी इंटरवेंशन के एक स्टार्ट-अप सिकल नवप्रवर्तन को दे रहा है। कंपनी अधिनियम-2013 की अनुसूची सात में ऐसा प्रावधान है कि शैक्षणिक संस्थानों के भीतर प्रौद्योगिकी इन्क्यूबेटरों के लिए योगदान की राशि कंपनियों द्वारा सीएसआर समर्थन के तहत वैध गतिविधियाँ हैं। सीएसआर अनुदान का बहुत महत्त्व है क्योंकि इससे न केवल सीएसआर फंड के लिए पहुँच प्रदान होती है बल्कि उद्योग तथा इन्क्यूबेटरों के बीच संचार को प्रोत्साहन भी मिलता है।

### किसान उत्पादक संगठनों को सक्षम बनाना

सीआईआईई डच एजेंसी आईसीसीओ के सहयोग से एक प्रक्रिया अनुसंधान परियोजना के माध्यम से उड़ीसा और झारखंड में चार उत्पादक कंपनियों को समर्थन कर रहा है। सीआईआईई सामरिक, संचालनात्मक तथा रणनीतिक हस्तक्षेपों के माध्यम से स्थायी व्यापार मॉडल का निर्माण करने के लिए इन कंपनियों को मदद कर रहा है। ये कंपनियाँ हर्बल उत्पादों, जैविक मसाले, मशरूम, सबाई तथा बांस शिल्पकारी, और सब्जी उत्पादन के काम करती हैं।

इनमें से प्रत्येक निर्माता कंपनी के लिए व्यापार की योजना तथा वित्तीय मॉडल की तैयारी में यह परियोजना संपन्न होगी और उसके बाद सुझाये गए हस्तक्षेप के कार्यान्वयन के लिए छह महीने की अवधि का एक सामरिक समर्थन किया जाएगा।

### गंतव्य स्थान गतिवर्धक

गंतव्य स्थान गतिवर्धक कार्यक्रम का आयोजन ऊर्जा, स्वास्थ्य, कृषि एवं वितरण में सर्वाधिक नवप्रवर्तक उद्यम तथा अमेरिका स्थित प्रभाव निवेश कंपनी विलेज कैपिटल जो "गंतव्य स्थान" में सेवाओं से वंचित जनसंख्या को सेवा वितरित करती है उसके साथ सहभागिता करके किया गया था। मार्च 2014 में, भारत में 350 से अधिक कंपनियों के लिए एक पाइप लाइन विकसित किया गया था तथा इस कार्यक्रम के लिए अप्रैल तक 200 आवेदन प्राप्त हुए। ऑनसाइट मुलाकात सहित संपूर्ण चयन प्रक्रिया के बाद, 12 लघुसूचीकृत कंपनियों को इस कार्यक्रम में जगह देने के लिए पेशकशें रखी गईं। इसका समापन वेंचर फॉरम के साथ हुआ, जिसमें समग्र भारत से 40 से अधिक निवेशकों ने प्रत्येक कंपनी द्वारा की गई गतिविधियों को सुनने के लिए भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में, बोधि हैल्थ एजुकेशन (स्वास्थ्य देखभाल) तथा पर्वता फ़ूड्स (कृषि व्यवसाय) को पूर्व-प्रतिबद्धित 50,000 डॉलर का निवेश प्राप्त हुआ।

### कार्यवाही पर प्रभाव के लिए नवीनीकरण

सीआईआईई सक्रिय रूप से सामाजिक निवेश स्थानों में गतिविधियों का समर्थन करने के लिए पूर्व छात्रों को जोड़ता है। पूर्वछात्रों को फिर से जोड़ने तथा संभव सहक्रियाओं का पता लगाने के लिए अध्यक्ष ने न्यूयॉर्क का दौरा किया था।

सीआईआईई टीम ने पूर्वछात्रों को फिर से जोड़ने के लिए सिंगापुर का दौरा किया। सीआईआईई को इम्पैक्ट इन्वेस्टमेंट एक्सचेंज एशिया (IIX) ने सिंगापुर में 12-13 जून, 2013 को आयोजित हुए अपने वार्षिक शिखर सम्मेलन इम्पैक्ट फॉरम में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया था। सिंगापुर में मार्च 2014 के कार्यक्रम के दौरान स्टार्टअपों में जिन्होंने निवेश करने में रुचि दिखाई थी उनको जोड़ने के लिए इस अवसर का इस्तेमाल किया गया।

### अक्षय एवं क्लीनटेक क्षेत्र की गतिविधियाँ

क्लीन टेक क्षेत्र में सीआईआईई की गतिविधियों को अब प्रारंभिक चरण उद्यम निधि - इनफ़्यूज़ वेंचर के तहत संस्थानगत आश्रय के तहत अंजाम दिया जाता है। इन्फ़्यूज़ सीआईआईई तथा अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी), बीपी, गोदरेज इंडस्ट्रीज, भारत सरकार के नवीन व अक्षय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) एवं प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी), भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), आईसीआईसीआई बैंक, तथा अन्य जैसे कई बड़े खेमे के नामों के बीच एक अनोखी सार्वजनिक-निजी-शिक्षा की साझेदारी है। इन्फ़्यूज़ ने अब तक 10 नवीन प्रारंभिक चरण कंपनियों में निवेश किया है।

इनफ़्यूज़ ने प्रारंभिक चरण के क्लीनटेक स्टार्टअपों के लिए पावरस्टार्ट एक्सलरेटर कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए एशियाई विकास बैंक के साथ अपनी भागीदारी को जारी रखा। इस वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) तथा क्लीनटेक के मिलनबिंदु पर अभिनव उत्पादों तथा सेवाओं के स्टार्टअप विकास पर केन्द्रित करते हुए बंगलौर में किया गया था। एक्सलरेटर कार्यक्रम के अलावा, इन्फ़्यूज़ ने एशियाई विकास बैंक तथा नवीन एवं अक्षय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के सहयोग में दो अनुदान कार्यक्रम शुरू किए हैं। इस पहल के हिस्से के रूप में 13 क्लीनटेक सटार्टअपों को 5 लाख से लेकर 10 लाख रुपये तक के प्रतिकृति व प्राथमिक अनुदान प्रदान किए गए।

### आईसीटी क्षेत्र की गतिविधियाँ

फ़िनटेक/भुगतान, इंटरनेट की वस्तुएँ, क्लाउड कंप्यूटिंग, बड़े डेटा और विश्लेषण, और ई-गवर्नेंस जैसे

मुख्य आईसीटी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सीआईआईई की गतिविधियाँ पुणे से निवेश तथा गतिवर्धक का नेतृत्व करके बनाए रखना होगा। इसके अलावा, व्यापक दृष्टि से एक आईसीटी मूल निधि की स्थापना करने तथा एक पारिस्थितिकी तंत्र का नेतृत्व करने के लिए सेक्टर-संरेखित गतिवर्धक का संचालन और दुनिया भर के अन्य उद्यमशीलता के शहरों से व आईसीटी केन्द्रों के साथ एक वैश्विक रुप से जुड़ने का विश्वभर का केंद्र बनना है।

इन लक्ष्यों की दिशा में पहला कदम थिंकपूणे का प्रकाशन था/ यह वह रिपोर्ट है जिसमें पुणे पारिस्थितिकी तंत्र और इसके सफल स्टार्टअपों की शक्ति पर प्रकाश डाला गया है। सीआईआईई ने ब्रांड पुणे को अमेरिका के बे एरिया में ले जाने की योजना बनाई है। थिंकपुणे! को जुलाई के अंतिम सप्ताह में बे एरिया में आईआईटी के पूर्वछात्रों के आईआईटी बे एरिया मिलन समारोह में प्रदर्शनी में रखा जाएगा।

सीआईआईई सेक्टर-विशेष ग्रॉथकैम्पस को क्रियान्वित करेगा, जिससे प्रत्येक सेक्टर में होनहार स्टार्टअप एकसाथ आएंगे और उन्हें रणनीति के लिए बाज़ार तथा उत्पाद सत्यापन के लिए कॉरपोरेट भागीदारों के साथ जोड़ा जायेगा। यह केन्द्र कार्यक्रम के डिजाइनिंग तथा कार्यान्वयन में डिजिटल इंडिया चैलेंज के लिए नवप्रवर्तन के लिए इंटेल तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के साथ भी जुड़ा है।

### उद्यमशीलता मेला

स्थानन समिति ने उद्यमिता सेल तथा नवप्रवर्तन, ऊष्मायन, एवं उद्यमिता केंद्र (सीआईआईई) के सहयोग से 18 अक्टूबर, 2014 को एंत्रे मेला-2014 का आयोजन किया। एंत्रे मेले का उद्देश्य एंत्रे कंपनियों के लिए काम करने के लिए छात्रों को ऋण उपलब्ध कराना है। इसके लिए निम्न रूप में एक मंच का सृजन किया :

- एंत्रे कंपनियाँ अपना उद्यम चलाने में रूचि रखने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ने के लिए उन्हें एक मंच प्रदान करती हैं।
- उद्यमशीलता अपनाने का निर्णय लेने से पहले अनुभव प्राप्त करने के लिए एंत्रे  कंपनी छात्रों को प्रशिक्षु बनने का अवसर प्रदान करती हैं।

यह विचार अगली पीढ़ी के उद्यमियों को प्रेरित करने के लिए छात्रों और एंत्रे फर्मों के बीच मजबूत संबंधों के निर्माण करने के लिए है। एंत्रे मेले वेबिनार तथा इन अन्य बी-स्कूलों में से हितधारकों के उद्यमियों सहित नेटवर्किंग के माध्यम से उन्हें प्रकाश में लाता है।

इस वर्ष के एंत्रे मेले में विकास के विभिन्न चरणों में फैली 20 कंपनियों से भागीदारी देखी गई। परिसर में आई कुछ कंपनियों में एनपारादिग्म, ग्रेट स्पॉर्ट्स इंफ्रा, तथा मायस्मार्टप्राइसडॉटकॉम शामिल थी। हेक्टर बेवरेजिस जैसी कंपनियों ने स्काइप द्वारा छात्रों के साथ बातचीत की। वक्ताओं के पैनल में श्री शंकर मारुवडा (सह संस्थापक, मार्केटिक्स) और श्री पावन नंदा (सह संस्थापक, ज़ोस्टेल) शामिल थे।

पिछले वर्ष की तरह, देश भर से तथा विदेशों से आए छात्रों के लिए प्रस्तुतियाँ प्रसारित की गई। वेबिनार में ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जर्मनी जैसे देशों से जमावड़ा देखा गया।

### अनुसंधान एवं प्रकाशन गतिविधियाँ

सीआईआईई नई प्रवृत्तियों, नवाचार, तथा उद्यमिता के क्षेत्र में उद्यम निवेश, उद्यमशीलता, तथा प्रौद्योगिकी विकास में आवश्यक कौशलों को विकसित करने के लिए अनुसंधान एवं प्रशिक्षण देता है।

सीआईआईई ने नए प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों, डिजाइन, तथा व्यापार मॉडल (एनटीएडीबीएम) पर एक नया पाठ्यक्रम बनाया है। संस्थान तथा एनआईडी के छात्रों को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) के साथ सहयोग से एनटीएबीडीएम की पेशकश की है।

शैक्षिक प्रयोजनों के लिए स्टार्टअप साहित्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ, सीआईआईई ने नई प्रवृत्तियों तथा उद्यमिता पर केस-लेखन शुरू किया। अधिग्रहण, विपणन तथा व्यावसायीकरण में चुनौतियाँ, आदि जैसे विविध क्षेत्रों में ध्यान केन्द्रित करने वाले स्टार्टअपों पर ये केस लेखन थे।

### अन्य नई पहलें

सीआईआईई ने अपनी नवप्रवर्तन तथा निवेश गतिविधियों के माध्यम से उद्यमशीलता का समर्थन करने के लिए कई पहलें की है। प्रारंभिक चरण में दूरदर्शी निवेशकों तथा क्रांतिकारी स्टार्टअपों को एक साथ लाने की दिशा में जोखिम पूंजी निवेशकों से जोड़ने के लिए किये गए प्रयासों को एक कदम के रूप में देखा गया। इसमें स्टार्टअप परिचय पत्र, स्टार्टअप मूल्यांकन को मिलान धन उपलब्ध कराने के द्वारा सौदों पर सहयोग, तथा नवप्रवर्तन एवं प्रबंधकीय सहायता प्रदान करने के माध्यम से मान्य तरीके से यथोचित परिश्रम उपलब्ध कराते हुए परिश्रम की तरह सेवाएं प्रदान करना शामिल है।

सीआईआईई ने पानी व साफ-सफाई तथा कृषि व कृषि से संबंधित आजीविका जैसे सार्वजनिक सेवा क्षेत्रों में उद्यमशीलता तथा नवीनता को आकर्षित करने के प्रयास किए हैं। वाटर कॉलैब नामक एक नई पहल में एक प्रोटोटाइप प्रयोगशाला तथा व्यापार इनक्यूबेटर शामिल होंगे जो उपचार व शुद्धकिरण, वितरण व आपूर्ति, स्वच्छता, तथा सिंचाई जैसे क्षेत्रों में नए उद्यमियों को आकर्षित करने के लिए है। वाटर कॉलैब केवल इन प्रौद्योगिकियों की अवधारणा के ठोस सबूतों को प्रदान करने के लिए कम सेवा वाले क्षेत्रों में नई प्रौद्योगिकियों तथा व्यापार मॉडलों का मार्गदर्शन देने के लिए राज्य सरकारों से भागीदारी ही नहीं कर रहा है, अपितु बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी की शक्ति भी दर्शाता है।

### प्रशिक्षण एवं संबंधों का निर्माण

**एन्जिल निवेश शिक्षा कार्यशाला :** हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल (एचएनआईएस) – उच्च निवल मूल्य प्रशिक्षण के लक्ष्य के साथ तथा स्टार्ट-अपों में प्रारंभिक जोखिम पूंजी निवेश करने के प्रारंभिक ज्ञान पर संभावित निवेशकों के साथ लेट्सवेंचर के सहयोग से अहमदाबाद में एक कार्यशाला आयोजित की गई। अहमदाबाद से लगभग 30 एचएनआई तथा दूसरी पीढ़ी के उद्यमियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया।

सीआईआईई गुजरात भर में उच्च क्षमता तकनीक के स्टार्टअपों के लिए निवेश प्रदर्शन योजना बना रहा है। इससे राज्य में एचएनआई और व्यक्तिगत निवेशकों को आकर्षक निवेश के अवसर मिलेंगे।

**निवेशक प्रदर्शन दिवस :** प्रदर्शन दिवस का समापन इनफ़्यूज़ के पावरस्टार्ट शो से हुआ जिसमें देशभर से आए निवेशकों ने भाग लिया, जिसे प्रतिभागियों के बारे में अधिक जानने के लिए और उत्पाद डेमो का पहला नजारा प्राप्त करने के लिए आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम बेंगलोर में भी आयोजित किया गया था जिसमें स्टार्टअपों की समीक्षा के लिए देशभर से निवेशकों को आमंत्रित किया गया था।

**निवेश के अवसर और संबंध निर्माण** : क्षेत्र-केंद्रित निवेश की पहलों से अलग, सीआईआईई ने स्टार्टअपों के लिए संगठनात्मक प्रदाताओं के रूप में भी व्यक्तिगत निवेशकों में भारी उछाल देखा गया। विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से निवेशकों के समक्ष दिखाई गई कंपनियों के पोर्टफोलियो अलावा, गैर-पोर्टफोलियो कंपनियों का भी सीआईआईई द्वारा वित्त-पोषित मॉडलिंग किया जाता है और शुल्क योग्य आधार पर निधि जुटाई जाती है। इससे केवल पोर्टफोलियो कंपनियों के निवेशकों के लिए ही व्यापक विकल्प से जुड़ना नहीं होता, बल्कि उद्यमशीलता के महान कार्य को भी बढ़ावा मिलता है।

### पारिस्थितिकी तंत्र के विकास की गतिविधियाँ

**स्टार्टअप ओएसिस में गतिविधियाँ** : सीआईआईई ने जयपुर में रीको (आरआईआईसीओ) के सहयोग से स्टार्टअप ओएसिस इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना की है। स्टार्टअप ओएसिस ने राज्य में उद्यमशीलता को प्रेरित करने के विचार की शुरूआत मार्च 2014 में की। प्राप्त प्रविष्टियों को लघुसूचीकृत किया

गया, मार्गदर्शन दिया गया और 10 टीमों को जून 2014 में एक महीने के मदद शिविर के माध्यम से अंततः लिया गया और एक प्रदर्शन दिवस के साथ समापन हुआ। राजस्थान एंजल निवेशक नेटवर्क (आरएआईएन) तथा इंडियन एंजिल नेटवर्क (आईएएन) ने इस समारोह में भाग लिया और दो टीमों को आरएआईएन की तरफ से मूलधन प्रदान हुआ जबकि अन्य टीमों को स्टार्टअप ओएसिस इनक्यूबेशन सेंटर में ऊष्मायन की पेशकश की गई।

स्टार्टअप ओएसिस ने संयुक्त रूप से पारिस्थितिकी तंत्र के समारोहों तथा कार्यक्रमों का संचालन करने के लिए टाई राजस्थान तथा आरएआईएन के साथ समझौता ज्ञापन किया। टाई इंटरनेशनल बिजनेस प्लान प्रतियोगिता संयुक्त रूप से आयोजित की गई और इस प्रतियोगिता का जयपुर में एम एन आई टी में दो दिन के मदद शिविर में समापन हुआ। स्टार्टअप ओएसिस ने राज्य में सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त स्काउटिंग तथा ऊष्मायन कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए विलग्रो एवं युनिटस सीड फ़ंड के साथ भी समझौता ज्ञापन किया।

स्टार्टअप ओएसिस ने टेकफ़ोरराज नामक एक सामाजिक नवप्रवर्तन स्काउटिंग कार्यक्रम का आयोजन पानी, कृषि, क्लीनटेक, हस्तकला आदि में नवप्रवर्तन तथा व्यापार मॉडलों का समर्थन करने के लिए किया। बारह टीमों को एक मदद शिविर के माध्यम से लिया गया और चार टीमों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, एक क्राफ्ट मदद शिविर का आयोजन भारतीय हस्तकला एवं डिजाइन संस्थान (आईआईसीडी) के साथ साझेदारी में किया गया जिसमें नौ हस्तकला / उद्यमियों को दो दिवसीय गहन मदद शिविर के माध्यम से आगे लाया गया और विभिन्न सहायक स्टार्टअप प्रौद्योगिकियों से परिचित कराया।

इस अवधि के दौरान, स्टार्टअप ओएसिस के स्टार्टअपों में से एक रेज़रपे का चयन सिलिकॉन वैली में प्रतिष्ठित वाईकॉम्बिनेटर एक्सेलरेशन कार्यक्रम में हुआ जो भारत में ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाली दूसरी प्रतिष्ठित कंपनी है। इसके अलावा, चार स्टार्टअपों ने एंजल / मूल धन प्राप्त किया, सत्रह स्टार्टअप व्यावसायिक रूप से अपने उत्पादों और सेवाओं को लॉन्च करने में सक्षम थे, और दो स्टार्टअपों को एक बड़ी कंपनी ने अधिगृहित किया।

**युवा मेवरिक्स फैलोशिप कार्यक्रम** : युवा आईआईएमेवरिक्स फैलोशिप में 12 स्नातक छात्रों का एक बैच था जिसने उद्यमिता का गैर-परंपरागत मार्ग अपनाने का फैसला किया। इन 12 छात्रों में से तीन ने पहले ही एक कंपनी पंजीकृत करा ली है।

संस्थान के छात्रों का समर्थन करने के लिए दो नई पहल शुरू की गई हैं। आईआईएमेवरिक्स विस्तारित पूर्वछात्रों के लिए एक फैलोशिप कार्यक्रम है जो प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप हैं या कुछ व्यापार आइडिया पर काम करने की सोच रहे हैं और मार्गदर्शन तथा अनुदान के रूप में समर्थन ढूँढ़ रहे हैं। दस पूर्वछात्रों को निवेशकों, मार्गदर्शकों, तथा सीआईआईई टीम के सदस्यों के समक्ष पेश करने से पहले लघुसूचीबद्ध किया गया। चार मार्गदर्शक तीन स्टार्टअपों का समर्थन के लिए सहमत हुए तथा एक टीम वित्त पोषण के लिए चर्चा में है।

ग्रीष्मकालीन स्थानन योजना से बाहर रखकर स्नातक होने से पहले छात्रों को जोड़ना (ओओपीएस-ऊप्स) दूसरी पहल थी। पंद्रह छात्रों ने सीआईआईई के मार्गदर्शन के तहत अपने व्यापार विचार पर काम करने के लिए ग्रीष्मकालीन स्थानन से बाहर रहने का विकल्प चुना। पूर्वछात्र भी कुछ छात्रों के सपनों को पूरा करने के लिए दूसरे वर्ष भी सहायता देने के लिए आगे आए हैं।

**क्षमता निर्माण कार्यशालाएँ :** भारत के विकास की कहानी सामाजिक एवं आर्थिक असमानता द्वारा चिह्नित है। सामाजिक उद्यमी वर्तमान तथा भविष्य के सामाजिक एवं पर्यावरण संबंधी मुद्दों से निपटने के लिए एक वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। जहाँ सामाजिक उद्यमिता के हित अधिक हैं, वहाँ सर्वाधिक सामाजिक उद्यमों के संस्थापक तथा सह-संस्थापक पहली बार उद्यमी हैं। इन उद्यमों के समर्थन के लिए प्रारंभिक

चरण समर्थन प्रदाताओं के रूप में मौजूद कुछ पारिस्थितिकी तंत्र, अविकसित हैं। जीआईजेड के साथ साथ, सीआईआईई ने कोयंबटूर, मदुरै, गुवाहाटी, मोहाली, गोवा, आणंद, नागपुर और हैदराबाद के आठ ऊष्मायकों की क्षमता का निर्माण करने के लिए एक अनूठी पहल को एक साथ रखा। इसका उद्देश्य नए ऊष्मायकों को सक्रिय रूप से परिपक्व बनाना है और तीन वर्षों में एंजल या सामाजिक उद्यमों के वित्त पोषण को स्वीकारने के लिए तैयार बीस निवेश सामाजिक उद्यमों का समर्थन करना है। सीआईआईई खाद्य एवं कृषि व्यवसाय, पानी, स्वास्थ्य देखभाल, और आईओटी भर में इन ऊष्मायकों के साथ चार गतिवर्धक कार्यक्रमों की योजना बना रहा है।

**स्टार्ट-अ-थॉन** : एक अंतर्विषय स्टार्ट-अप मदद शिविर स्टार्ट-अ-थॉन का आयोजन 9 जून और 4 जुलाई, 2014 के दौरान आईआईटी गाँधीनगर और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के संकाय विशेषज्ञों तथा माइका के ऊष्मायकों के साथ मिलकर किया गया था। इस शिविर में अंतर- संस्थानीय सहयोग की खूबियाँ देखी गई तो दूसरी ओर एक अद्वितीय पाठ्यक्रम से प्रयोग भी किया गया, जिसमें डिजाइन सोच, निर्भर स्टार्टअप, और ग्राहक सत्यापन के मॉड्यूल शामिल थे। चार सप्ताहों में, 29 छात्रों ने ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल, भंडार विश्लेषिकी, शैक्षणिक खेल, सड़क पर बिकने वाले खाद्य, अर्द्ध कुशल व्यक्तियों की भर्ती, मोबाइल आधारित भेंट, और खाद्य / आतिथ्य संबंधित परियोजनाओं को पूरा किया। सीआईआईई ने ऐसे पाठ्यक्रम से प्रयोग किया जिनमें डिजाइन सोच, कमजोर व्यापार मॉडलिंग तथा अनेक ग्राहक सत्यापन के मॉड्यूलों को एकीकृत किया गया और इनसे टीमों को मजबूत ग्राहक ज्ञान पर निर्मित परियोजनाएँ / प्रोटोटाइप बनाने की क्षमता मिली।

**सहकार्य स्थान (आइडियापैड) :** आइडियापैड चाय-कॉफी के समय समारोहों, प्रदर्शिनियों तथा इससे आगे की बातों पर एक साथ काम करके कई मायनों में आपस में संलग्न होने के लिए अहमदाबाद में उद्यमशीलता के उत्साही लोगों के लिए एक गतिशील, रचनात्मक, और सहयोगात्मक वातावरण को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसे सीआईआईई में रखा एक नवप्रर्वतक क्लब कहा जा सकता है। यह एक ऐसा अवसर है जिसमें शहर के रचनात्मक लोगों को (कलाकार, डिजाइनर, नवप्रवर्तक, उद्यमी, फ्रीलांसर, आदि) एक साथ लाकर सहकार्य करने का प्रयास किया जाता है।

### सीआईआईई द्वारा आयोजित संगोष्ठी / वार्ता / चर्चाएँ : 2014-15

| संगोष्ठी की तिथि | विषय | वक्ता |
|---|---|---|
| 29/04/14 | इच्छुक उद्यमियों के लिए डिजाइन चिंतन कार्यशाला | अश्विन जोशी, उपाध्यक्ष - पारिस्थितिकी तंत्र विकास, सीआईआईई |
| 10/05/14 | ई-चाय ऐप चुनौती | जतिन चौधरी, सह-संस्थापक एवं सीईओ, प्वाइंट10 वेंचर्स |
| 02/08/14 | अहमदाबाद जावा मिलन | मोंगो डीबी से परिचय पर कार्यशाला |
| 07/10/14 - 10/10/14 | प्रबंध अध्ययन वैश्विक केन्द्र के छात्रों के लिए उद्यमिता सत्र | रोहित लालवानी |
| 10/10/14 | क्लासलिंक्स का शुभारंभ | तेजल अमीन, अध्यक्ष, नवरचना एजुकेशनल सोसायटी |
| 27/10/14 - 31/10/14 | एकलव्य डिजाइन चिंतन कार्यशाला | हिना नयनानी, सीआईआईई |
| 18/01/15 | अमेथॉन 2015 | सामरिक केस अध्ययन प्रतियोगिता |
| 15/02/15 | अपरंपरागत अहमदाबाद | अनुज शर्मा, सीओओ-सर्वजल<br>चंदु नायर, सह-संस्थापक-स्कोप ई-ज्ञान केंद्र एवं विलग्रो में सामाजिक उद्यमियों के लिए संरक्षक। |
| 16/02/15 | संवादात्मक सत्र | अरुण श्रॉफ, सह-संस्थापक एवं मेडइंडिया.नेट के सीटीओ |

| संगोष्ठी की तिथि | विषय | वक्ता |
|---|---|---|
| 17/03/15 | उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र मिलन | प्रोफेसर बी.एच. जाजू, संकाय-आईआईएम अहमदाबाद तथा आईसीटी विशेषज्ञ<br>कुणाल उपाध्याय, सीईओ-सीआईआईई |
| 27/03/15 | आईआईएमेवरिक्स कार्यशाला | कुणाल उपाध्याय, सीईओ-सीआईआईई<br>प्रोफेसर राकेश बसंत, अध्यक्ष-सीआईआईई |
| शनिवार- स्टार्टअप के अंतर्गत व्याख्यान | | |
| 12/04/14 | बिक्री और विपणन – कार्य निष्पादन के लिए रणनीति | समीर पटेल, मैप्रोसिस<br>उदय सिंह, मैप्रोसिस |
| 09/08/14 | आईबीएम द्वारा संचालित स्टार्टअपों के लिए विपणन और वित्तपोषण अंतर्दृष्टि | राधेश कनुमुरी |
| 13/09/14 | खाद्य एवं पेय पदार्थ क्षेत्र में अवसर | विशाल पटेल, टेइकईट.कॉम<br>रोहन भट्ट, व्यवस्थापक, अहमदाबाद में फ़ूडाहॉलिक्स, तथा वरुण भट्टाचार्य<br>आशीष व्यास तथा विद्या राणा, लवफ़ॉरसेलड.कॉम<br>खुशाल वैद, सब्जीवाली.कॉम |
| 11/10/14 | स्टार्टअपों के लिए शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अवसर | सुनील हांडा, एकलव्य शिक्षा फाउंडेशन<br>डॉ. दीप लोधरी, मायटेस्टबडी.कॉम<br>हरीश अय्यर, कंसेप्ट्स आईकनेक्ट प्रा.लि. एवं फ़्लिंट.कॉम |
| 08/11/14 | ई-वाणिज्य में अवसर | मनु मिधा, उपप्रमुख - रणनीति एवं संचालन, इनफीबीम<br>हार्दिक, बोनितो<br>कौशल शाह, अहमदाबादगिफ़्टशॉप.कॉम तथा बंडलबाज़.कॉम |
| 13/12/14 | ऑनलाइन तथा ई-वाणिज्य व्यापार के लिए डिजिटल विपणन | प्रोफेसर पीयूष कुमार सिन्हा, भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद |
| मोबाइल मंडे के अंतर्गत वार्ता | | |
| 23/08/14 | मॉबिलिटी फ़िट है तो पिक्चर हिट है : मॉबिलिटी एप्स की तुलना में अधिक बेहतर है! | सिद्धेश भोबे, प्रमुख एवं सीईओ-ईमी एवं एवीपी, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स लिमिटेड |
| 30/08/14 | सामाजिक क्षेत्र में गतिशीलता का महत्व | जिनेश हेगड़े, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, यूनिनॉर |

## 4. कृषि प्रबंधन केन्द्र

संस्थान में कृषि प्रबंध केंद्र (सीएमए) एक अंतर्विषयक समूह है, जो खाद्य, कृषि व्यवसाय, ग्रामीण एवं संबंधित क्षेत्रों में अनुप्रयुक्त नीति एवं समस्या समाधान के अनुसंधान में संलग्न है। शिक्षण, प्रशिक्षण एवं परामर्शी गतिविधियों के इन क्षेत्रों/विषयों में भी सीएमए शामिल है।

### अनुसंधान

#### पूर्ण हुए

वर्ष के दौरान चार अनुसंधान परियोजनाएँ पूर्ण की गई।

इन परियोजनाओं का सारांश **परिशिष्ट ट** में दिया गया है।

### ये अनुसंधान प्रगति पर हैं

- भारत में कृषि-निवेश विपणन मॉडेल : प्रदर्शन तथा क्षमता।
- कृषि जैवविविधता के जरिये जलवायु परिवर्तन का मुकाबला : एक गहन दृष्टि
- चावल की उत्पादकता तथा खाद्य सुरक्षा बढ़ाना : भारत के चुनिंदा राज्यों में चावल की उपज बढ़ाने का तरीका (एसआरआई) अपनाने का एक अध्ययन
- भारत के वायदा बाजारों में किसानों की भागीदारी : प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ की तलाश
- सिंचाई और उद्यमशीलता : सुधार और विस्तार के लिए स्थिति तथा सबक
- भूमि स्वास्थ्य, पौधों का स्वास्थ्य, और मानव स्वास्थ्य

### अध्यापन

सीएमए ने पीजीपी-एबीएम, पीजीपी, तथा पीजीपीएक्स कार्यक्रमों में बीस पाठ्यक्रम चलाए।

### एफ पी एम (कृषि)

सीएमए ने प्रबंधन में फैलो कार्यक्रम (कृषि) के लिए छह पाठ्यक्रम चलाए।

### कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

वर्ष के दौरान तीन कार्यक्रम चलाए गए :

- सामरिक प्रतिस्पर्धी एवं सहयोगात्मक लाभ के लिए उपयोगी बौद्धिक संपदा
- अनुबंध खेती प्रबंधन
- ग्रामीण विपणन

### सम्मेलन

- राष्ट्रीय सामाजिक नवप्रवर्तन संगोष्ठी, 17 नवंबर, 2014 को पुणे में आयोजित।
- जमीनी स्तर पर रचनात्मकता एवं नवाचार पर तीसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 19-22 जनवरी, 2015.

## 5. स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केन्द्र

संस्थान द्वारा भूतकाल में स्वास्थ्य क्षेत्र में दिए गए अपने योगदान की पहचान बनाने हेतु और देश में सामाजिक-आर्थिक विकास के संदर्भ में स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की आवश्यकता को देखते हुए जून 2004 में स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केंद्र (सीएमएचएस) की स्थापना की गई थी। सीएमएचएस का उद्देश्य क्षमतापूर्वक व प्रभावी रूप से विविध भागों की जनसंख्या की जरूरतों से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में प्रबंधकीय चुनौतियों को पूरा करना और स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट संस्थान का निर्माण करना तथा स्वास्थ्य नीतियों को प्रभावित करना है।

### सीएमएचएस से निम्न अपेक्षाएँ हैं :

- स्वास्थ्य क्षेत्र में हमारी भागीदारी के लिए जोर देते हुए दीर्घकालीन स्थिरता प्रदान करना।
- सामाजिक क्षेत्र में संस्थान की प्रतिबद्धता को प्रकाश में लाना।
- बड़ी परियोजनाओं में संस्थान की भागीदारी के लिए सुविधाएँ देना ।
- समग्र विश्व से स्वास्थ्य देखभाल के लिए अनुसंधानकर्ताओं को बुलाना।
- स्वास्थ्य प्रबंधन में शामिल अन्य संस्थानों के साथ सहसंचालनों का विकास करना।
- ज्ञान के प्रसार में सक्रिय रूप से भाग लेना।

सीएमएचएस ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में, अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सकीय प्रयोगशाला प्रबंधन, इमेजिंग प्रयोगशाला प्रबंधन, मातृत्व स्वास्थ्य, एचआईवी / एड्स, संक्रमण नियंत्रण, ग्राम्य स्वास्थ्य, कैंसर की देखभाल, प्रबंधन

क्षमता के आकलन, इत्यादि में स्वास्थ्य नीति एवं योजना, प्रशासन तथा प्रबंधन की चुनौतियों पर केंद्रित अनुसंधान परियोजनाओं को अंजाम दिया है।

### संगोष्ठी श्रृंखला

सीएमएचएस ने अगस्त 2014 से महीने में एक संगोष्ठी आयोजित करने के उद्देश्य से एक संगोष्ठी श्रृंखला शुरू की है। इस वर्ष के दौरान, आठ संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। इसके विवरण **परिशिष्ट ठ** में दिए गए हैं।

### परिसर से बाहर कार्यशाला

सीएमएचएस ने स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र और फार्मा उद्योग, चिकित्सा उपकरणों के निर्माताओं, आदि के व्यावसायिकों, शोधकर्ताओं, तथा शिक्षाविदों तक पहुँचने के लिए परिसर से बाहर कार्यशालाओं का आयोजन करना शुरू किया है।

"हेल्थकेयर एनालिटिक्स" पर पहली कार्यशाला बेंगलुरु में, 14 एवं 15 मार्च, 2015 के दौरान आयोजित की गई थी।

### केस अध्ययन विकास

सीएमएचएस के संकायों द्वारा लिखित केसों को अनुसंधान एवं प्रकाशन समिति द्वारा प्रकाशित विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट में शामिल किया जाता है।

## 6. खुदरा बिक्री केन्द्र

खुदरा बिक्री केंद्र (सीएफआर) खुदरा प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रो में अनुसंधान करता है। सीएफआर के संकाय अनुसंधान, कार्यकारी शिक्षा, तथा खुदरा प्रबंधन से संबंधित सलाहकार सेवाओं की गतिविधियों में शामिल रहते हैं।

सीनियर एग्रिकल्चर आताचे के एडम ब्रैनसन तथा अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास की प्रिया जशनानी के साथ सीएफआर के संकाय सदस्यों की एक बैठक में खाद्य पदार्थों की खुदरा बिक्री, होटल एवं रेस्तरांओं, और गुजरात में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों, विदेशी कृषि सेवा कार्यालयों के कार्यक्रमों तथा सेवाओं में प्रवृत्तियों पर चर्चा की गई।

इस क्षेत्र में की गई शोध परियोजनाओं के विवरण **परिशिष्ट छ** में दिए गए हैं।

## 7. सार्वजनिक प्रणाली समूह

सार्वजनिक प्रणाली समूह (पी.एस.जी.) सामरिक सार्वजनिक प्रबंधन एवं सामाजिक नीति पर अनुसंधान, प्रशिक्षण, और संगठनात्मक कार्य संभालता है। इस समूह का उद्देश्य ऐसे अनुसंधान को बढ़ावा देना है जो सार्वजनिक प्रणालियों के प्रभावी प्रबंधन की अवधारणाएँ तथा सिद्धांत पैदा करेंगे और साथ साथ स्कॉलर जैसी समझ पायी जाए तथा सामाजिक व राजनीतिक प्रक्रियाओं की जोड़बंदी को समझा जाए जो नीति निर्माण की आधारशीला है। यह समूह विस्तृत अनुशासनात्मक पृष्ठभूमि और प्रबंधन के विषयों में सामाजिक विज्ञानों तथा मानविकी को एकीकृत करता है।

संकायों के वर्तमान अनुसंधान हितों में ऊर्जा एवं जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण एवं स्थिरता, अस्पताल एवं स्वास्थ्य प्रणालियाँ, ग्रामीण प्रबंधन, सार्वजनिक वित्त, शिक्षा नीति, परिवहन एवं विमानन प्रबंधन, बुनियादी ढांचे का विकास एवं पुनर्वास, सामुदायिक विकास, सार्वजनिक प्रणालियों में संचालन अनुसंधान, प्रभाव का आकलन शामिल हैं।

पाठ्यक्रम

पीजीपी

- विमानन व्यापार रणनीतियाँ
- कार्बन वित्त
- सीएसआर : प्रभाव के लिए धन का रूपांतरण
- आपदा प्रबंधन
- पर्यावरण प्रबंधन
- सुशासन एवं गरीबी में जी रहे लोग
- स्वास्थ्य बीमा
- अस्पताल प्रबंधन
- अवसंरचना विकास एवं वित्त व्यवस्था
- कॉर्पोरेट सामाजिक अनुत्तरदायित्व की जाँच
- ऊर्जा व्यापार प्रबंधन
- स्थायित्व प्रबंधन
- दूरसंचार उद्यम प्रबंधन
- सार्वजनिक वित्त
- लोक स्वास्थ्य प्रबंधन
- सार्वजनिक नीति
- सामाजिक उद्यमिता : नवप्रवर्तक सामाजिक परिवर्तन
- सामरिक परिवहन एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में परिवर्तन
- परिवहन अवसंरचना
- शहरी अर्थशास्त्र एवं व्यावसायिक वातावरण
- स्वास्थ्य देखभाल में उद्यम

पीजीपी-एबीएम

- कार्बन वित्त (पीजीपी के साथ)
- कॉर्पोरेट सामाजिक अनुत्तरदायित्व की जाँच (पीजीपी के साथ)
- सार्वजनिक वित्त (पीजीपी के साथ)

पीजीपीएक्स

- अवसंरचना विकास एवं सार्वजनिक निजी भागीदारी
- कार्बन वित्त (पीजीपी के साथ)
- ऊर्जा व्यापार प्रबंधन (पीजीपी के साथ)
- सार्वजनिक नीति (पीजीपी के साथ)

एफ पी एम

- आर्थिक विकास एवं वृद्धि
- ऊर्जा एवं पर्यावरण नीति
- सार्वजनिक प्रणाली में ओआर एप्लिकेशन
- सार्वजनिक वित्त
- सार्वजनिक प्रबंधन
- सार्वजनिक नीति
- पर्यावरण प्रबंधन के लिए सार्वजनिक नीति साधन
- सामाजिक नीति में अनौपचारिक निष्कर्ष के लिए मात्रात्मक तरीके
- पर्यावरण प्रबंधन (पीजीपी के साथ)
- ऊर्जा व्यापार प्रबंधन (पीजीपी के साथ)

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

वर्ष के दौरान, निम्नलिखित कार्यक्रमों की पेशकश की गई :

- अवसंरचना में कानूनी एवं विनियामक मुद्दे*
- चिकित्सकीय लैब प्रबंधन **
- अस्पताल प्रबंधन **

* संयुक्त रूप से व्यापार नीति क्षेत्र के साथ पेशकश की गई

** संयुक्त रूप से सीएमएचएस के साथ पेशकश की गई

## 8. रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवप्रवर्तन केन्द्र (आरजेएमसीईआई)

रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवप्रवर्तन केंद्र (आरजेएमसीईआई) ने सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में हुए नवप्रवर्तनों पर अपनी शोध जारी रखी है। इस परियोजना का लक्ष्य उन सरकारी शिक्षकों को सशक्त बनाने का है जो शैक्षणिक समस्याओं के समाधान के संदर्भ में अपने बूते पर प्रयोग एवं नवप्रवर्तन करते हैं। इसे गुजरात तथा महाराष्ट्र की सरकारों के साथ भागीदारी में चलाया जाता है और इस केन्द्र ने 10000 से अधिक नवप्रवर्तनों की पहचान है जिनका उनकी प्रभावशीलता के लिए मूल्यांकन किया जा रहा है। नवप्रवर्तन प्रकोष्ठों को गुजरात में शिक्षा एवं प्रशिक्षण के लिए सभी जिला संस्थानों में स्थापित किया गया है। कई नवप्रवर्तन कार्यशालाएँ तथा राज्य स्तर के सम्मेलन गुजरात तथा महाराष्ट्र में आयोजित किए गए

हैं। मोबाइल तकनीक पर आधारित विकेन्द्रीकृत सहकर्मी विकास नेटवर्क को शिक्षकों तथा स्कूल प्रबंधन शिक्षा समितियों के साथ आजमाया जा रहा है। बच्चों के लिए अन्य वर्गीकृत शिक्षण सामग्री, तथा स्थानीय भाषा में पूरक विज्ञान एवं गणित शिक्षण के वीडियो भी बनाए गए हैं।

### पाठ्यक्रम

#### पीजीपी

- शिक्षा क्षेत्र में उद्यमिता

#### एफ पी एम

- संचार पाठ्यक्रम

आरजेएमसीईआई ने माध्यमिक स्कूलों के प्रिंसिपलों के लिए सप्ताह भर के कार्यक्रमों की पेशकश को जारी रखा। इस वर्ष देश के विभिन्न हिस्सों से 47 प्रिंसिपलों तथा स्कूलों के अग्रणियों ने भाग लिया।

# अनुशासनिक क्षेत्र

संस्थान में नौ अनुशासनिक क्षेत्र हैं : व्यापार नीति, संचार, अर्थशास्त्र, वित्त एवं लेखा, सूचना प्रणाली, विपणन, संगठनात्मक व्यवहार, कार्मिक व औद्योगिक संबंध तथा उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके। कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों के अलावा, पीजीपी, पीजीपी-एबीएम, एफ पी एम तथा पीजीपीएक्स में विभिन्न अनिवार्य एवं वैकल्पिक पाठ्यक्रम साथ में पेश किये जाते हैं।

## 1. व्यापार नीति

व्यापार नीति क्षेत्र के संकाय की डिजाइन विचार, नवीनता, उद्यमशीलता, प्रतिस्पर्धी एवं कॉर्पोरेट रणनीति, नेतृत्व, व्यापार के कानूनी पहलू, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, विशाल डेटा प्रबंधन, ज्ञान प्रबंधन, बौद्धिक संपदा अधिकारों का प्रबंधन, प्रयोगात्मक विधियों तथा कार्यात्मक अनुसंधान के शिक्षण तथा अनुसंधान में रुचि है।

### पाठ्यक्रम

#### पीजीपी

*अनिवार्य*

- सामरिक प्रबंधन
- व्यापार के कानूनी पहलू
- व्यापार कराधान

*ऐच्छिक*

- व्यवसाय एवं बौद्धिक संपदा
- व्यवसाय, सरकार, और कानून
- रणनीति के निर्धारण एवं निष्पादन की गतिशीलता
- रणनीति अर्थशास्त्र
- उद्यमिता एवं नए उपक्रम की योजना
- रणनीति परामर्शन की नींव
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार विवाद समाधान
- व्यावसायिक सेवा कंपनियों में नेतृत्व (नया)
- नेतृत्व : दृष्टि, अर्थ और वास्तविकता
- प्रबंधन में रहस्य (नया)
- उच्च तकनीक उद्योगों के लिए प्रौद्योगिकी रणनीति

#### पीजीपी-एबीएम

- खाद्य एवं कृषि व्यवसाय के लिए अंतरराष्ट्रीय रणनीति और संगठन

#### पीजीपीएक्स

- व्यापार अनुकरण कार्य य कैप्स्टॉन
- निगम से संबंधित शासन प्रणाली
- व्यावसायिक सेवा कंपनियों में नेतृत्व
- नेतृत्व, मूल्य और नैतिकता
- व्यापार के कानूनी पहलू
- नई और छोटी कंपनियों का प्रबंधन
- विलय और अधिग्रहण
- सामरिक निष्पादन
- सामरिक प्रबंधन

#### एफ पी एम

- कार्रवाई अनुसंधान पद्धतिशास्त्रों में प्रोन्नत संगोष्ठी
- निगम से संबंधित शासन प्रणाली
- संगठनगत अध्ययनों के लिए डाटा प्रबंधन और विश्लेषण

- रणनीति का अर्थशास्त्र
- अंतर्राष्ट्रीय सामरिक प्रबंधन
- अनुसंधान की विधियाँ
- सामरिक प्रबंधन 1 एवं 2 (एफपीएम के व्यापार नीति क्षेत्र के लिए)
- रणनीति और नवप्रवर्तन
- सामरिक प्रबंधन (मूल विषय)

### कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

निम्न विषय-क्षेत्रों में नौ कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों की पेशकश की गई :

- अनुबंध प्रबंधन
- विदेश में व्यवसाय करना (पहली बार पेशकश की गई)
- पारिवारिक कारोबार : संगठन, रणनीतियाँ, अंतर्राष्ट्रीयकरण और उत्तराधिकार
- नवप्रवर्तन, कॉर्पोरेट रणनीति और प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन
- ज्ञान प्रबंधन
- अवसंरचना में कानूनी और विनियामक मुद्दे
- इक्कीसवीं सदी के लिए संगठनात्मक नेतृत्व
- विकास के लिए रणनीतियाँ
- प्राधिकरण, संगठन, रणनीतियाँ और संबद्धता की राजनीति पर कार्य सम्मेलन

### एफडीपी

- प्रबंधन शिक्षा में केस विधि
- रणनीति निर्माण और कार्यान्वयन

### अनुसंधान

संकायों के अनुसंधान की रुचि में प्रतिस्पर्धात्मक रणनीतियाँ, नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता, बौद्धिक संपदा अधिकार, अंतर्राष्ट्रीयकरण, क्षमता विकास, तथा व्यापार के कानूनी पहलुओं से संबंधित रणनीतिक मुद्दे शामिल हैं।

## 2. संचार

### पाठ्यक्रम

### पीजीपी / पीजीपी-एबीएम

*अनिवार्य*

- मौखिक व्यापार संचार
- लिखित विश्लेषण और संचार - 1
- लिखित विश्लेषण और संचार - 2

*ऐच्छिक*

- कॉर्पोरेट प्रतिष्ठा संचार
- सांस्कृतिक पहचान और अंतर-सांस्कृतिक संचार
- मुश्किल संचार
- अंतर-सांस्कृतिक संचार क्षमता
- प्रबंधकीय संचार
- मीडिया और समाज : अर्थशास्त्र, राजनीति, नैतिकता, और जन संचार प्रौद्योगिकियाँ
- संगठनात्मक संचार
- प्रेरक संचार
- अग्रणियों के लिए सामरिक चर्चा कौशल

### पीजीपीएक्स

- प्रबंधन संचार (मुख्य)

### एफ पी एम

- प्रबंध शिक्षकों के लिए संचार

### एफडीपी

- प्रबंध शिक्षकों के लिए संचार

### कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- प्रभावी संचार रणनीतियाँ
- लोगों को साथ लेकर : अनुनय द्वारा प्रबंधन
- आकर्षक सीमा

## 3. अर्थशास्त्र

### पीजीपी

*अनिवार्य*

- सूक्ष्म अर्थशास्त्र
- समष्टि अर्थशास्त्र एवं नीति
- आर्थिक वातावरण एवं नीति

*ऐच्छिक*

- संगठन का अर्थशास्त्र
- खेल सिद्धांत और अनुप्रयोग
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश
- विकासशील देशों में श्रम बाजार

- मौद्रिक सिद्धांत और नीति
- प्रसन्नता का अर्थशास्त्र
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार : सिद्धांत और नीति
- सार्वजनिक वित्त (संयुक्त रूप से सार्वजनिक प्रणाली समूह के साथ प्रस्तुत)

पीजीपीएक्स

- कंपनियाँ एवं बाजार
- मुक्त अर्थव्यवस्था में बृहत्-अर्थशास्त्र

एफ पी एम

- अर्थमिति
- उन्नत सूक्ष्म अर्थशास्त्र
- उन्नत बृहत् अर्थशास्त्र

एफडीपी

- अर्थशास्त्र मॉड्यूल

## 4. वित्त एवं लेखाकरण

पीजीपी

*अनिवार्य*

- कॉर्पोरेट वित्त
- वित्तीय लेखा, रिपोर्टिंग एवं विश्लेषण
- वित्तीय बाज़ार
- लागत प्रबंधन एवं नियंत्रण प्रणालियाँ

*ऐच्छिक*

- वैकल्पिक निवेश और बचाव निधि
- व्यावहारिक वित्त
- कंपनियों में वित्त पोषण
- निर्धारित आय प्रतिभूतियाँ - क्रेडिट (जमा)
- निर्धारित आय प्रतिभूतियाँ - दरें
- धोखाधड़ी जोखिम मूल्यांकन और शासन तंत्र
- वायदा, विकल्प व जोखिम प्रबंधन
- वित्तीय संस्थाओं का प्रबंधन
- संगठन के प्रदर्शन के लिए प्रबंधन नियंत्रण और मेट्रिक्स
- विलय, अधिग्रहण, एवं कॉर्पोरेट पुनर्गठन
- सूक्ष्म वित्त प्रबंधन
- आधुनिक निवेश व पोर्टफोलियो प्रबंधन
- हस्तांतरण मूल्य निर्धारण के सिद्धांत
- मात्रात्मक संपत्ति प्रबंधन (नया)
- प्रतिभूति विनियमन
- वित्त में प्रसंभाव्य कलन
- बैंकिंग में सामरिक परिदृश्य
- व्यापार रणनीतियाँ
- कंपनियों का मूल्यांकन
- उद्यम पूंजी एवं निजी इक्विटी

पीजीपीएक्स

- कॉर्पोरेट वित्त (अनिवार्य)
- वित्तीय कार्यों का प्रभावी प्रबंधन (ऐच्छिक)
- वित्तीय बाजार (अनिवार्य)
- वित्तीय रिपोर्टिंग एवं विश्लेषण (अनिवार्य)
- वित्तीय विवरण विश्लेषण (ऐच्छिक)
- अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन (ऐच्छिक)
- संगठनात्मक कार्यनिष्पादन के लिए प्रबंधन नियंत्रण और मेट्रिक्स (अनिवार्य)
- विलय और अधिग्रहण (अनिवार्य)
- सामरिक लागत प्रबंधन (अनिवार्य)

एफ पी एम

- संपत्ति मूल्य निर्धारण (मुख्य)
- व्यावहारिक वित्त और लेखा (ऐच्छिक)
- व्युत्पन्न मूल्य निर्धारण (मुख्य/ऐच्छिक)
- अनुभवजन्य संपत्ति मूल्य निर्धारण (मुख्य)
- लेखा परीक्षा और कॉर्पोरेट प्रशासन में अनुभवजन्य अनुसंधान (मुख्य / ऐच्छिक)
- मात्रात्मक जोखिम प्रबंधन (ऐच्छिक)
- कॉर्पोरेट वित्त में संगोष्ठी पाठ्यक्रम (मुख्य)
- अनुभवजन्य लेखा अनुसंधान में संगोष्ठी पाठ्यक्रम (मुख्य / ऐच्छिक)
- समय श्रृंखला विश्लेषण (ऐच्छिक)

एफडीपी

- लेखा और लेखा परीक्षा अनुसंधान (ऐच्छिक)
- लेखा प्रबंधन और वित्तीय प्रबंधन (अनिवार्य)
- वित्त में विषय (ऐच्छिक)

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- उन्नत कॉर्पोरेट वित्त
- रणनीतिगत लागत प्रबंधन
- विलय, अधिग्रहण और पुनर्गठन

## 5. सूचना प्रणालियाँ

### पाठ्यक्रम

### पीजीपी

*अनिवार्य*

- व्यवसाय के लिए सूचना प्रणालियाँ
- प्रबंधकीय कम्प्यूटिंग

*ऐच्छिक*

- ई-गवर्नेंस में परामर्शन : दृष्टि से कार्यान्वयन तक (पीजीपी एबीएम के लिए)
- डाटा खनन और व्यापार आसूचना
- निर्णय निर्धारण के लिए डेटा दृश्यावलोकन
- विकास के लिए डिजिटल समावेशन
- डिजिटल उद्यम बुनियादी सुविधाएँ
- ईआरपी प्रणालियाँ : प्रौद्योगिकी योजना और कार्यान्वयन
- सॉफ्टवेयर परियोजनाओं और उद्यमों का प्रबंधन
- सूचना प्रणालियों का सामरिक प्रबंधन

### एफडीपी

- प्रबंधन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी

### कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- ईआरपी प्रणालियाँ : प्रौद्योगिकी योजना और कार्यान्वयन
- सूचना प्रौद्योगिकी परियोजना प्रबंधन
- सूचना प्रौद्योगिकी सामरिक प्रबंधन
- दृश्य व्यापार आसूचना

## 6. विपणन

विपणन क्षेत्र ने शिक्षण, अनुसंधान, परामर्श गतिविधियों, और अकादमिक प्रशासन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अग्रणी व्यवसायियों के अनुभवों बाँटकर इस क्षेत्र के पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया गया। उद्योग जगत के कई वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारियों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में अपने अनुभवों को साझा किया।

### पाठ्यक्रम

### पीजीपी

*अनिवार्य*

- विपणन 1
- विपणन 2

*ऐच्छिक*

- विज्ञापन और बिक्री संवर्धन प्रबंधन
- व्यवसाय से व्यवसाय तक विपणन
- उपभोक्ता व्यवहार और प्रौद्योगिकी
- ग्राहक आधारित व्यापार रणनीतियाँ
- नवप्रवर्तन, जीवंत
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और ब्रिक देशों में विदेशी बाजार का प्रवेश
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश (संयुक्त रूप से अर्थशास्त्र क्षेत्र के साथ प्रस्तुत)
- विलासी व्यवसाय प्रबंधन
- बाजार अनुसंधान और सूचना प्रणाली
- उच्च प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तन की दुनिया में विपणन प्रबंधन
- तंत्रिका विज्ञान और उपभोक्ता व्यवहार
- मूल्य निर्धारण
- ब्रांड प्रबंधन पर संगोष्ठी
- खुदरा प्रबंधन पर संगोष्ठी
- खेल विपणन
- रणनीतिक विपणन

### पीजीपीएक्स

- उपभोक्ता मूल्य का आकलन और सृजन
- उपभोक्ता मूल्य वितरण और प्रबंधन
- उच्च प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तन की दुनिया में विपणन प्रबंधन
- खुदरा प्रबंधन
- रणनीतिक विपणन
- विपणन में सामरिक मॉडल

### एफ पी एम

- विपणन में प्रयोगात्मक विधियों पर संगोष्ठी
- पिरामिड के मूल आधार पर संगोष्ठी
- विपणन संचालन और विपणन रणनीति की समझ

एफडीपी

- व्यवसाय से व्यवसाय तक विपणन
- विपणन में मुख्य कार्यप्रणाली
- पिरामिड के मूल आधार तक विपणन

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- विपणन निर्णयों के लिए उन्नत डेटा विश्लेषण
- बी 2 बी विपणन
- ग्राहक आधारित व्यापार रणनीतियाँ
- ग्राहक संबंध प्रबंधन
- बिक्री बल प्रदर्शन सुधार
- विकास के लिए नवप्रवर्तन
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार
- खुदरा प्रबंधन
- लाभ के लिए मूल्य निर्धारण

सम्मेलन

उभरती अर्थव्यवस्थाओं में विपणन पर छठा आईआईएमए सम्मेलन 07-09 जनवरी, 2015 को आयोजित किया गया था। प्रोफेसर जैन-बेनेडिक्ट ई.एम. स्टीनकैम्प, विपणन के मशहूर प्रोफ़ेसर सी. कॉक्स मैसी इस सम्मेलन के उद्घाटन के लिए मुख्य अतिथि थे। गैतोन व्यवसाय एवं अर्थशास्त्र कॉलेज, केंटकी विश्वविद्यालय, के विपणन एवं आपूर्ति श्रृंखला विभाग के प्रोफेसर, डॉ. देवेनाथन सुदर्शन समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे।

वर्ष 2013 में प्राप्त हुए 488 आलेखों की तुलना में इस सम्मेलन में 373 आलेख प्राप्त हुए। इस सम्मेलन में ग्यारह देशों ने भाग लिया और 24 लेख विदेशों से प्राप्त हुए। विशेष विषयों पर दो कार्यशाला सत्रों का भी आयोजन किया गया।

अनुसंधान

इस विषयक्षेत्र के सदस्यों ने उपभोक्ता व्यवहार, ब्रांडिंग, विज्ञापन, बिक्री संवर्धन, खुदरा बिक्री, सूचना उत्पाद एवं सेवाएँ, पिरामिड का मूलाधार और सेवा केंद्रित रणनीति जैसे अलग-अलग विषयों पर अनुसंधान किया है।

## 7. संगठनात्मक व्यवहार

पाठ्यक्रम

पीजीपी और पीजीपी-एबीएम

*अनिवार्य*

- व्यक्तिगत गतिशीलता
- पारस्परिक और समूह प्रक्रियाएँ
- संगठनात्मक गतिशीलताएँ

*ऐच्छिक*

पीजीपी

- संगठनात्मक सह-निर्माण परिवर्तन
- उद्यमशील व्यक्तित्व का विकास
- रचनात्मक आत्म-विकास
- भूमिकाओं और पहचान में अन्वेषण
- उच्च कार्यनिष्पादक टीमें : एक सफरनामा
- संगठन में सत्ता और राजनीति
- प्रतिभा प्रबंधन

पीजीपीएक्स

- प्रेरण
- नेतृत्व कौशल - कार्यशाला
- संगठन व्यवहार
- प्रदर्शन क्षमता : आत्म-जागरूकता की यात्रा

एफ पी एम

- सूक्ष्म संगठनात्मक व्यवहार की मूल बातें
- संगठनों में नेतृत्व : सिद्धांत तथा अनुसंधान की एक समीक्षा
- गुणवत्तात्मक अनुसंधान के तरीके : डेटा एकत्रीकरण और विश्लेषण
- संगठनात्मक अनुसंधान के दार्शनिक आधार
- मनोमिति और आकलन के सिद्धांत
- मात्रात्मक तरीके और विश्लेषण

एफडीपी

- मनोमिति और संरचनात्मक समीकरण मॉडलिंग
- संगठनात्मक व्यवहार की समझ

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- प्रमुख क्षमता के रूप में रचनात्मकता और नवप्रवर्तन : व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता विकास
- व्यावसायिक महिलाओं में नेतृत्व क्षमताओं और संभावनाओं को बढ़ावा देना
- पारस्परिक प्रभावशीलता और टीम निर्माण
- नेतृत्व और परिवर्तन प्रबंधन

## 8. कार्मिक और औद्योगिक संबंध

पाठ्यक्रम

पीजीपी

*अनिवार्य*

- कार्मिक योग्यता और क्षमता निर्माण प्रणालियाँ

*ऐच्छिक*

- व्यवसाय और समाज
- व्यवसाय में काया-पलट और संगठनात्मक परिवर्तन
- कर्मचारी कार्यनिष्पादन प्रबंधन और मूल्यांकन प्रणाली
- सेवा क्षेत्र में मानव संसाधन प्रबंधन
- वार्ताओं का व्यवस्थापन
- अंतर्राष्ट्रीय मानव संसाधन प्रबंधन के लिए कार्मिक सक्षमता
- सामरिक मानव संसाधन प्रबंधन

पीजीपी-एबीएम

*ऐच्छिक*

- क्षमताओं का विश्लेषण और निर्माण

पीजीपीएक्स

*अनिवार्य*

- सामरिक मानव संसाधन प्रबंधन

*ऐच्छिक*

- व्यवसाय में काया-पलट और संगठनात्मक परिवर्तन

एफ पी एम

*अनिवार्य*

- मानव संसाधन प्रबंधन-2 में अनुसंधान की आधारशीला
- अंतर्राष्ट्रीय मानव संसाधन प्रबंधन
- मानव संसाधन प्रबंधन में मात्रात्मक तकनीक

*ऐच्छिक*

- मानव संसाधन प्रबंधन में बुनियादी पाठ्यक्रम
- मानव संसाधन प्रबंधन-1 में अनुसंधान की आधारशीला
- रोजगार संबंध प्रबंधन-1 में अनुसंधान की आधारशीला

एफडीपी

*अनिवार्य*

- मानव संसाधन प्रबंधन

*ऐच्छिक*

- समकालीन मानव संसाधन प्रबंधन अनुसंधान का परिप्रेक्ष्य

## 9. उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके

पाठ्यक्रम

पीजीपी

*अनिवार्य*

- निर्णय निर्धारण 1 एवं 2
- संचालन प्रबंधन 1 एवं 2
- संभावना एवं सांख्यिकी 1, 2 एवं 3

*ऐच्छिक*

- डेटा विश्लेषण के उन्नत तरीके
- हाथी और चीता : प्रणालियाँ, रणनीति, तथा बाधाएँ
- विनिर्माण एवं सेवा संचालन रणनीति
- मात्रात्मक प्रणाली कार्यनिष्पादन
- राजस्व प्रबंधन और गतिशील मूल्य निर्धारण
- डेटा विश्लेषण में सांख्यिकीय पद्धतियाँ

पीजीपी-एबीएम

- खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन

पीजीपीएक्स

- डेटा विश्लेषण
- व्यावसायिक विश्लेषिकी
- मांग-पूर्ति के लिए परिचालनों की डिजाइनिंग
- रसद प्रबंधन
- निर्णय के लिए मॉडलिंग

- गुणवत्ता प्रबंधन
- सेवा स्तरों की स्थापना करना एवं वितरित करना
- आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन
- जोखिम की समझ और आकलन

### एफ पी एम

- अनुप्रयुक्त बहुरूपी विश्लेषण
- अनुप्रयुक्त सांख्यिकीय अनुमान
- व्यवसाय अनुसंधान के लिए बायेसियन क्रियाविधि
- खंडित अनुकूलन
- बड़े पैमाने पर अनुकूलन
- गाणितीय वित्त
- गाणितीय प्रोग्रामिंग
- अनुमानों से अनुकूलन
- वास्तविक विश्लेषण
- राजस्व प्रबंधन और गतिशील मूल्य निर्धारण
- संचालन प्रबंधन-1 में संगोष्ठी
- संचालन प्रबंधन-2 में संगोष्ठी
- प्रसंभाव्य प्रक्रियाएँ
- प्रणाली विश्लेषण और अनुकार

### एफडीपी

- डेटा विश्लेषण के अनुप्रयोग
- संचालन प्रबंधन
- डेटा विश्लेषण के लिए सांख्यिकी

### अनुसंधान

प्रौद्योगिकी प्रबंधन, प्रौद्योगिकी आधारित नवप्रवर्तन, विनिर्माण, निर्णय समर्थन प्रणाली, रसद, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, राजस्व प्रबंधन, अनुकूलन, नेटवर्क अनुकूलन एवं बहु-अनुमानी, नेटवर्क विश्वसनीयता, वित्त में सांख्यिकीय मॉडलिंग, और सांख्यिकीय अनुमान ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ क्षेत्रीय संकाय सदस्यों ने प्रकाशनों के माध्यम से अपना योगदान दिया है।

### कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- प्रबंधन में उन्नत विश्लेषिकी
- उन्नत गुणवत्ता प्रबंधन
- रसद प्रबंधन
- परियोजना प्रबंधन
- राजस्व प्रबंधन और गतिशील मूल्य निर्धारण
- जोखिम : मॉडलिंग और प्रबंधन
- सामरिक विश्लेषिकी : मात्रात्मक डेटा विश्लेषिकी और व्यवसाय तथा विपणन में उसके अनुप्रयोगों पर कार्यक्रम।
- आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन
- परियोजनाओं में अनिश्चितता, जटिलता और जोखिम
- गोदाम डिजाइन और प्रबंधन

# अहमदाबाद और गाँधीनगर शैक्षणिक समूह

## ऊष्मायन संचालन

- **आइडियापैड स्थल :** हर वर्ष 150 से अधिक स्थानीय स्टार्ट-अप आइडियापैड स्थल के बारे में पूछताछ करने के लिए इस केंद्र में आते हैं। हमारे संसाधन कर्मी सहायता प्रदान करते हैं और जहाँ तक संभव हो सके उद्योग से जोड़ते हैं। पिछले वर्ष 30 आइडियापैड आवेदनों को स्वीकार किया गया।
- **उद्यम स्थल :** उद्यम स्थल में 15 से अधिक स्टार्ट-अपों को सीआईआईई द्वारा अविरत प्रयास द्वारा सिखाया गया।
- **सुनील मेहता सम्मेलन कक्ष में आयोजन :** इस कक्ष का उपयोग स्थानीय उद्यमशीलता-संवर्धक नेट वर्कों के द्वारा स्टार्ट-अप शनिवार, ई-चाय, तथा मोबाइल सोमवार जैसे समारोहों के आयोजन के लिए किया जाता है।

## स्टार्ट-अ-थॉन

स्टार्ट-अ-थॉन, एक अंतःविषय स्टार्टअप मदद शिविर है जिसका आयोजन आईआईटी गाँधीनगर और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) के विशेषज्ञ संकायों तथा एमआईसीए के इन्क्यूबेटरों ने साथ मिलकर 9 जून से 4 जुलाई, 2014 के दौरान किया था।

## छात्र आउटरीच और ए-लीग का गठन

एनआईडी, आईआईटी-गाँधीनगर, सेप्ट, एमआईसीए तथा डीएआईआईसीटी के शैक्षणिक प्रमुखों के समर्थन के साथ, इस केंद्र ने पूरे अहमदाबाद के छात्रों को एक साथ लाने के लिए बातचीत और व्यवसाय उद्यमों के द्वारा 'ए-लीग' नाम के एक मंच को बनाने की पहल की। अंततः निम्नलिखित गतिविधियाँ की गई :

- एक छात्र समिति और उसकी गतिविधियों के गठन पर चर्चा करते हुए संस्थानों के प्रमुखों एवं उनके छात्र प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। ऐसा निर्णय लिया गया कि पाठयेतर एवं मनोरंजन के समारोहों, तथा उद्यमशीलता से संबंधित गतिविधियों को ए-लीग द्वारा साथ में आयोजित किया जायेगा।
- एनआईडी-गाँधीनगर में ए-लीग की एक परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। उद्यमशीलता के विचार वाले छात्रों को जोखिमों के बारे में बताने तथा साथी छात्रों को सहायता देने के लिए पिच-एन-प्ले समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में आठ टीमों को खड़ा किया गया।
- दूसरा ए-लीग समारोह सेप्ट में एक तीन-घंटे की अवधि की डिजाइन चिंतन कार्यशाला के रूप में आयोजित किया गया।
- ए-लीग समिति का गठन : ए-लीग समारोहों को व्यवस्थित करने के लिए एक औपचारिक छात्र समिति का गठन किया जा रहा है। इस समिति में प्रत्येक प्रतिभागी संस्थान से दो सदस्य शामिल होंगे।

# पूर्वछात्र गतिविधियाँ

## भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद पूर्वछात्र संघ

आईआईएमएएए के द्वारा एक कार्यकारी समिति का गठन किया गया है जो संस्थान के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने से लेकर चैप्टरों को स्थापित करने और उन्हें संभालने के मामलों को देखती है। इसमें जारी आंतरिक विचार विमर्शों द्वारा एक वैश्विक पूर्वछात्र परिषद बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है।

## पूर्वछात्र सदस्यता शुल्क

प्रति वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को मिलाकर नए सदस्य पूर्वछात्रों के डेटाबेस जोड़े जाते हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान सदस्यता शुल्क पिछले वर्ष की तुलना में 29.23 प्रतिशत (वर्ष 2013-14 के दौरान 53.55 लाख रुपए और वर्ष 2014-15 के दौरान 69.21 लाख रुपए) बढ़ा है।










## आईआईएमए अल्युम्नस (पूर्वछात्र) पत्रिका

यह पत्रिका जून, अक्टूबर और फरवरी में वर्ष में तीन बार प्रकाशित होती है। इस पत्रिका में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों से पत्रिका के प्रकाशन की लागत को पूरा करते हुए राजस्व अर्जित किया जाता है। वर्ष 2014-15 के दौरान, पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 155 प्रतिशत राजस्व में वृद्धि (वर्ष 2013-14 के दौरान 4.71 लाख रुपए और 2014-15 के दौरान 12 लाख रुपए) हुई है। पूर्वछात्र वेबसाइट पर विज्ञापन अभियानों से 0.43 लाख रुपए की आय हुई।

## रजत जयंती पुनर्मिलन

26 से 28 दिसम्बर, 2014 के दौरान 1990 (1988-1990) में स्नातक हुए पीजीपी बैच का रजत जयंती पुनर्मिलन आयोजित किया गया। लगभग 70 से अधिक पूर्वछात्रों ने सपरिवार इस मिलन समारोह में भाग लिया। यह आमोद-प्रमोद से पूर्ण, मनोरंजक और दोस्ती के नवीकरण से भरा भव्य मिलन समारोह रहा। इस पुनर्मिलन के दौरान, जिन 12 संकायों ने 1990 बैच को पढ़ाया था उन्हें सम्मानित किया गया।

## अन्य पुनर्मिलन

रजत जयंती पुनर्मिलन के अतिरिक्त, छह अलग अलग पीजीपी बैचों के पुनर्मिलन भी आयोजित किये गए।

| बैच | पुनर्मिलन | | पूर्वछात्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2002 - 2004 | 10 वर्ष | 2-4 जनवरी, 2015 | 14 |
| 1997 - 1999 | 15 वर्ष | 26-28 दिसम्बर, 2014 | 50 |
| 1998 - 2000 | 14 वर्ष | 19-21 दिसम्बर, 2014 | 68 |
| 1992 - 1994 | 20 वर्ष | 02-04 जनवरी, 2015 | 90 |
| 1978 - 1980 | 35 वर्ष | 19-21 दिसम्बर, 2014 | 38 |
| 1972 - 1974 | 40 वर्ष | 12-14 दिसम्बर, 2014 | 31 |

## स्वर्ण जयंती दीक्षांत समारोह में पहले बैच (1966) की उपस्थिति

पीजीपी का 50वाँ बैच (2013-15) 21 मार्च, 2015 को स्नातक हुआ। संस्थान ने पहले पीजीपी बैच (पीजीपी-1966) को स्वर्ण जयंती दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किया। पीजीपी-1966 बैच के नौ पूर्वछात्रों ने इसमें भाग लिया। उन्होंने 20 मार्च, 2015 को शैक्षिक व अन्य प्रदर्शनों के लिए छात्रों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए। 21 मार्च को एक पैनल चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने 2015 बैच के साथ दीक्षांत समारोह जुलूस में भी भाग लिया।

## पूर्वछात्र शैक्षणिक संबंध

संबंधित क्षेत्रों में कार्यरत पूर्वछात्रों द्वारा कई ऐच्छिक पाठ्यक्रम / अतिथि व्याख्यान पेश किए गए। इन पूर्वछात्रों को नियमित रूप से अपने ज्ञान एवं अनुभव को साझा करने के महत्व के बारे में सूचित किया जाता है।

## लिंक्डइन पहल

अपने पूर्वछात्रों को कैरियर समर्थन उपलब्ध कराने के लिए, संस्थान ने दो समूहों की स्थापना के लिए लिंक्डइन के साथ गठबंधन किया है। इनमें (क) आईआईएमए पूर्वछात्र समूह, जो उन सभी दीर्घावधि के पूर्वछात्रों के लिए है जो दीक्षांत समारोह के माध्यम से स्नातक हुए हैं। इस समूह में 3200 पूर्वछात्र हैं। इस समूह में आईआईएम-ए का स्थानन कार्यालय भर्ती उपसमूह का हिस्सा बनने के लिए हमारे महत्वपूर्ण नियोक्ताओं को आमंत्रित करता है; और (ख) आईआईएमए कार्यकारी शिक्षा पूर्वछात्र समूह, जो अल्पावधि कार्यक्रम के पूर्वछात्रों को शामिल करता है। इस समूह में 530 सदस्य हैं। संस्थान की नीति के अनुरूप जो छात्र दीक्षांत समारोह के माध्यम से स्नातक हुए हैं वे ही स्थानन सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं ऐसे नियम को ध्यान में रखते हुए इस समूह को नियोक्ताओं की पहुँच उपलब्ध नहीं करायी जाती। इस पहल के पीछे यही उद्देश्य है कि इससे पूर्वछात्र अपने साथियों के नेटवर्क का लाभ ले सकते हैं और इससे ऐसा बुनियादी ढाँचा बनता है जिसमें नियोक्ता पूर्वछात्रों से अंतर्क्रिया कर सकते हैं जो उन्हें ऐसा करने की अनुमति देता है। नियोक्ताओं के लिए मध्यम से लेकर वरिष्ठ स्तर तक की नियुक्तियों हेतु जानकारी खोजने की कम लागत का लाभ शामिल है। पूर्वछात्रों के लिए, मध्यम-कैरियर बदलाव के लिए संभावित नियोक्ताओं से जुड़ना शामिल है। वर्तमान छात्रों के लाभ में, वरिष्ठों तक पहुँच बनती है और कैरियर विशेष चर्चा बोर्ड में भाग लेने को समर्थ बनना शामिल है। संस्थान के लाभ में, लगातार पूर्वछात्रों की कैरियर में प्रगति की जानकारी  मिलती रहता है और एक बार की परिसर स्थानन सेवा के साथ-साथ जीवन भर उनके कैरियर में समर्थन और पूर्वछात्रों से संपर्क बनाए रखना शामिल हैं।

## पूर्वछात्रों से कोष

वर्ष 2014-15 के दौरान, विभिन्न बैचों और व्यक्तिगत रूप से पूर्वछात्रों ने संस्थान को 4.34 करोड़ रुपये का योगदान दिया। उनमें से कुछ प्रमुख दानदाता इस प्रकार हैं :

| | बैच | राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| चंद्रिका टंडन | 1975 | 302.00 |
| दीवान अरुण नंदा | 1966 | 16.50 |
| दिनयार देवित्रे | 1970 | 14.92 |
| अजय बंगा और रितु बंगा | 1981 | 9.96 |
| दीपक गुप्ता | 1985 | 6.50 |

| | बैच | राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| अक्षय कुमार | 1985 | 6.22 |
| अरुण नागराजन | 1993 | 5.00 |
| श्रीधर निश्तला | 2000 | 5.00 |
| आयुष सोंठलिया | 2000 | 5.00 |
| उत्सव बैजल | 2000 | 5.00 |

### छात्रवृत्तियाँ और पुरस्कार

इस वर्ष के दौरान, पूर्वछात्रों द्वारा प्रायोजित निम्नलिखित छात्रवृत्तियाँ / पुरस्कार दिये गए:

- **मार्टी मन्नारिया गुरुनाथ उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार :** यह पुरस्कार प्रोफेसर मार्टी सुब्रह्मणियम (पीजीपी 1967-69) द्वारा श्री मार्टी मन्नारिया गुरुनाथ की स्मृति में स्थापित किया गया है। यह पुरस्कार एक संकाय सदस्य को उस दीक्षांत समारोह में स्नातक हुए पीजीपी बैच के अध्यापन के लिए दिया जाता है। इस वर्ष यह पुरस्कार प्रोफेसर सरल मुखर्जी को दिया गया।
- **आईआईएमए पूर्वछात्र वीवीईएफ़ उत्कृष्ट अनुसंधानकर्ता पुरस्कार :** यह पुरस्कार विद्या वर्धिनी शिक्षा प्रतिष्ठान द्वारा स्थापित किया गया है, जो पूर्वछात्रों द्वारा संचालित सैक्शन 25 कंपनी नाम से है। यह पुरस्कार एक संकाय को दिया जाता है जो अपने स्थायी अनुसंधान योगदान और / अथवा सबसे अलग प्रकृति के महत्वपूर्ण अनुसंधान के लिए पहचाने गए हों। इस वर्ष 2 लाख रुपए का यह पुरस्कार प्रोफेसर अनिल गुप्ता को दिया गया।

- **फिलिप थॉमस मेमोरियल रणनीति-सार्वजनिक प्रणाली केस पुरस्कार :** यह पुरस्कार प्रोफेसर ऋशिकेश टी. कृष्णन (एफ़पीएम 1996) द्वारा श्री फिलिप थॉमस (पीजीपी-1966) की स्मृति में स्थापित किया गया है। प्रति वर्ष यह पुरस्कार रणनीति/व्यवसाय नीति तथा सार्वजनिक प्रणाली क्षेत्र के केस लेखक(कों) को दिया जाता है। 50,000 रुपए का यह सबसे पहला पुरस्कार प्रोफेसर निहारीका वोहरा को दिया गया।
- **सजीव सिरपाल अकादमिक तथा रचनात्मकता उत्कृष्टता पुरस्कार** : यह पुरस्कार श्री सजीव सिरपाल (पीजीपी 1984) की स्मृति में सुश्री कनक सिरपाल (पीजीपी 1984) और मित्रों द्वारा स्थापित किया गया है। यह पुरस्कार पीजीपी छात्रों के अकादमिक प्रदर्शन और रचनात्मकता में उत्कृष्टता की पहचान के लिए दिया जाता है। राहुल अग्रवाल (पीजीपी-2015) को यह पुरस्कार दिया गया।
- **1969 बैच छात्रवृत्ति :** वर्ष 2011-13 से पीजीपी 1969 बैच के दाताओं ने आर्थिक, सामाजिक और शारीरिक रूप से कमजोर प्रथम वर्ष के पीजीपी छात्रों को समर्थन देने का निर्णय लिया। पाँच छात्रों के लिए प्रत्येक को 2 लाख रुपए की वित्तीय सहायता पीजीपी 1969 निधि वर्ग से जारी की गई।
- **श्री जी. सी. मित्तल उद्यमशीलता सहायता :** अंकित मित्तल (पीजीपी 2005) द्वारा स्थापित 2 लाख रुपए की यह सहायता उन स्नातक छात्रों के लिए है जो स्थानन प्रक्रिया से बाहर रहकर अपना उद्यम स्थापित करना चाहते हैं। निशांत अग्रवाल और पारस मल्होत्रा को प्रत्येक को 1,00,000 रुपए का यह पुरस्कार दिया गया।
- **उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार :** यह श्री सुनील चैनानी (पीजीपी 1980) द्वारा स्थापित 50,000/- रुपए की राशि संस्थान के एक छात्र को छात्रकाल के दौरान खेल में सर्वांगीण प्रदर्शन को पहचान दिलाने के लिए दी जाती है। यह उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार सुश्री गीतिका चड्ढा (पीजीपी-2015) और सुश्री अंशिका सिन्हा (पीजीपी-2015) ने 25,000/- रुपए प्रत्येक की राशि के रूप में प्राप्त किया।
- **श्रीमती जे. नगम्मा स्मृति पुरस्कार :** श्री प्रमोद कुंजु (पीजीपी 1999) द्वारा स्थापित यह 15,000/- रुपए की पुरस्कार राशि अकादमिक रूप से अच्छे प्रदर्शन करने वाले पीजीपी छात्र को प्रथम वर्ष समाप्त होने पर दी जाती है। राहुल अग्रवाल (पीजीपी 2015) ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।
- **श्रीमती शारदा भंडारी और श्री पी.के. रथ छात्रवृत्ति :** श्रीमती शारदा भंडारी एवं श्री पी.के. रथ की स्मृति में श्री समीर भंडारी (पीजीपी 1989) द्वारा स्थापित यह छात्रवृत्ति पीजीपी द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए है। रक्षित अग्रवाल (पीजीपी 2015) को यह छात्रवृत्ति प्रदान की गई।
- **रितु बंगा उद्योग छात्रवृत्ति :** यह छात्रवृत्ति सुश्री रितु बंगा (पीजीपी 1981) द्वारा पाँच वर्ष के लिए स्थापित की गई है। प्रथम वर्ष की 1 लाख रुपए की छात्रवृत्ति श्री वैभव मल्होत्रा (पीजीपी 2015) को प्रदान की गई।
- **अजय बंगा उद्योग छात्रवृत्ति :** यह छात्रवृत्ति पाँच वर्ष के लिए श्री अजय बंगा (पीजीपी 1981) द्वारा स्थापित की गई है। प्रथम वर्ष के लिए 1 लाख रुपए की छात्रवृत्ति राहुल अग्रवाल (पीजीपी 2015) को प्रदान की गई।

### स्मारिका वस्तुएँ

पूर्वछात्रों की स्मारिका वस्तुओं में टी-शर्ट्स, सिल्क टाई, वॉल हैंगिंग, ब्रास प्लेट, सुंदर डिज़ाइनर कॉफ़ी मग, चाय कप सेट, एलकेपी की सफेद धातु की रचना इत्यादि शामिल हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान, इन वस्तुओं की बिक्री से 4.35 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

### सभा गतिविधियाँ

इस वर्ष के दौरान मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, ओमान, पुणे, सिंगापुर, अमेरिका, लंदन आदि कई स्थानों पर स्थित शाखाओं ने रिपोर्ट के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की।

विवरण **परिशिष्ट ड** में दिए गए हैं।

# संचार एवं डिजिटल विपणन

संस्थान ने पीजीपी अधिसंख्य सीट कोटे के तहत संभावित विदेशी उम्मीदवारों तक पहुँच बनाने और अन्य देशों में विपणन गतिविधियों को प्रषारित करने के लिए एक वेबसाइट शुरू की है। यह वेबसाइट global.iimahd.ernet.in में एकीकृत सीआरएम मंच है जिसके माध्यम से छात्र जानकारी के लिए संस्थान तक पहुँच बना सकते हैं और पीजीपी के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस वेबसाइट से आवेदन शुल्क के लेन-देन का भी समर्थन होगा।

### आईआईएम-ए पुनःस्थापन वेबसाइट

पुनःस्थापन वेबसाइट <restoration.iimahd.ernet.in> का उद्देश्य परिसर में होने वाले पुनःस्थापन कार्य के बारे में समुदाय और बाहरी हितधारकों को सूचित करना है। यह लोगों के लिए पुनःस्थापन की प्रक्रिया पर चर्चा करने और बदलाव पर टिप्पणी करने के लिए भी एक मंच है।

### वेब पुनर्गठन एवं इंट्रानेट एजेंसी

एक संपूर्ण प्रक्रिया और बोलियों के एक तकनीकी-वाणिज्यिक मूल्यांकन के बाद, संस्थान ने वेब पुनर्गठन की प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए एक एजेंसी का चयन किया है। इस गतिविधि में संस्थान के लिए और वास्तविक दुनिया में संस्थान की समग्र ब्रांड बनाने के लिए 15 अलग-अलग वेबसाइटों से एक इंट्रानेट स्थापित होगा।

### आईआईएमए आधिकारिक यूट्यूब चैनल

दीक्षांत समारोह-2015 के साथ मेल के लिए एक आधिकारिक यूट्यूब चैनल मार्च में शुरू किया गया। यह चैनल संस्थान के समुदाय की क्षमता का प्रदर्शन करेगा और इसे विदेशों में संस्थान के विपणन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इस चैनल के माध्यम से समारोहों का जीवंत प्रसारण किया जाता है।

यूट्यूब चैनल के माध्यम से दीक्षांत समारोह का जीवंत प्रसारण किया गया और दुनिया भर में 11,200 दर्शकों द्वारा देखा गया।

### सामाजिक मीडिया अभियान

संस्थान के दीक्षांत समारोह को सार्वजनिक रूप से व्यापक स्तर पर लाने के लिए, एक सामाजिक मीडिया अभियान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अजय बंगा के संस्थान में एक छात्र के रूप में बिताये गए जीवन के दिलचस्प पहलुओं को शामिल किया गया और जनता के लिए एक प्रतियोगिता रखी गई। इस अभियान को फेसबुक पर प्रति पोस्ट लगभग 50,000 लोगों द्वारा देखा गया।

## विदेशी छात्रों के समक्ष पीजीपी का डिजिटल विपणन

विदेशों में पीजीपी के विपणन के लिए पीजीपी कार्यालय की मदद से एक योजना तैयार की गई है। इसमें विभिन्न वैश्विक स्थानों पर जीएमएसी टीम के साथ टाई-अप, टाई-अप क्यूएस, गूगल ऐडवर्ड्स अभियान, फेसबुक विज्ञापन अभियान, एवं रोड शो और समारोह जैसे कुछ नाम शामिल हैं।

## जनसम्पर्क गतिविधियाँ

जनसंपर्क और मीडिया गतिविधि के हिस्से के रूप में, संचार विभाग ने भारत तथा विदेशों में शीर्षस्थ राष्ट्रीय और क्षेत्रीय प्रिंट एवं प्रसारण मीडिया में समाचार अंशों के प्रकाशन में भाग लिया। समाचारों को दैनिक आधार पर जुटाया जाता है और iimanewsalert.blogspot.in चैनल के माध्यम से सदस्य बने हितधारकों को भेजा जाता है।

संस्थान में सोलह प्रेस सम्मेलनों का आयोजन किया गया। निदेशक को 14 अलग-अलग विशेष साक्षात्कारों में चित्रांकित किया गया।

इस वर्ष के दौरान संचार विभाग ने संस्थान के लिए विभिन्न प्रिंट और ई-विवरण पुस्तिका बनायी। इनमें विकास कार्यालय के लिए अनुदान जुटाव विवरण पुस्तिका, आईआईएमए बाल देखभाल केंद्र विवरण पुस्तिका, सीएसआर सम्मेलन विवरण पुस्तिका, संकाय भर्ती विवरण पुस्तिका, तथा पीजीपी अधिसंख्य सीटों के लिए विवरण पुस्तिका शामिल हैं। ।

# वैश्विक भागीदारी और कॉर्पोरेट मामले

## क. रैंकिंग एवं सर्वेक्षण

इस वर्ष के दौरान भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद (आईआईएमए) ने रैंकिंग के लिए 17 राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक-स्कूलों के सर्वेक्षणों में भाग लिया। संस्थान ने रैंकिंग के लिए सभी अग्रणी एवं प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में अपना शीर्ष स्थान बनाए रखा। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में स्पष्ट रूप से यह दर्शाया गया है कि संस्थान के कार्यक्रम और छात्र उच्च गुणवत्ता के हैं और वैश्विक स्तर पर श्रेष्ठ हैं।

संस्थान ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा उच्च शिक्षा पर कराये गए अखिल भारतीय सर्वेक्षण के पाँचवें संस्करण में भाग लिया और इस वर्ष के दौरान पहली बार, संस्थान ने फाइनेंशियल टाइम्स कार्यकारी शिक्षा रैंकिंग 2015 (वैविध्यपूर्ण और मुक्त कार्यक्रमों) में भी भाग लिया।

### एफटी मास्टर्स मैनेजमैंट 2014 रैंकिंग

एफ़टी (फाइनेंशियल टाइम्स) प्रबंध 2014 की मास्टर्स रैंकिंग में वैश्विक रूप से समीक्षित 70 कार्यक्रमों में आईआईएमए सोलहवें स्थान पर रहा। आईआईएमए का स्नातकोत्तर कार्यक्रम तीन मानदंडों˙ 'वर्तमान वेतन (यूएस डॉलर)', 'अधिकतम वेतन (यूएस डॉलर)', 'तीन महीने में रोजगार' - के लिए पहले स्थान पर रहा और जबकि 'कैरियर' और 'स्थानन सफलता रैंक' में इसने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### एफटी वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2015

आईआईएम-ए एफ़टी (फाइनेंशियल टाइम्स) वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2015 में शीर्ष 100 बी-स्कूलों में 26वें स्थान पर रहा है। इसके अलावा, 'एफ़.टी. कैरियर प्रगति रैंकिंग' में पीजीपीएक्स ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

### एफटी लेखा परीक्षा 2015

संस्थान ने वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2015 में भाग लेने के लिए फाइनेंशियल टाइम्स की लेखा परीक्षा प्रक्रिया आवश्यकताओं को सफलता पूर्वक पूरा किया। केपीएमजी, कनाडा को आईआईएमए में लेखा परीक्षा का संचालन करने का काम फाइनेंशियल टाइम्स द्वारा सौंपा गया था।

### इकोनोमिस्ट रैंकिंग 2014

आईआईएमए इकोनोमिस्ट पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम रैंकिंग 2014 में लगातार पाँच वर्षों तक स्थान बनाए रखने वाला एकमात्र भारतीय व्यावसायिक-स्कूल है।

रैंकिंग के लिए 'मुक्त नए रोजगार अवसर', 'नियोक्ताओं की विविधता', 'स्नातक होने के बाद तीन महीनों के भीतर रोजगार प्राप्ति का प्रतिशत', 'कैरियर सेवा के माध्यम से रोजगार प्राप्ति का प्रतिशत', 'छात्र

गुणवत्ता', तथा 'पूर्व एमबीए वेतन वृद्धि का प्रतिशत' आदि रैंकिंग के मानदंडों में संस्थान प्रथम स्थान पर रहा। आईआईएमए ने एशिया एवं आस्ट्रेलिया 2014 क्षेत्रीय रैंकिंग में चौथा स्थान प्राप्त किया और इकोनोमिस्ट पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम रैंकिंग 2014 में वैश्विक स्तर पर 48वें स्थान पर रहा।

## एड्युनिवर्सल सर्वोत्तम मास्टर रैंकिंग 2014

आईआईएमए के कृषि-व्यवसाय में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एबीएम) ने इस क्षेत्र के वैश्विक रूप से शीर्ष 50 रैंककृत कार्यक्रमों के बीच एड्युनिवर्सल कृषि-व्यवसाय / खाद्य उद्योग प्रबंधन की सर्वोत्तम मास्टर रैंकिंग 2014 में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। एड्युनिवर्सल उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक विशेष फ्रांसीसी रेटिंग एजेंसी है।

## ख. अंतरराष्ट्रीय मान्यता

### इक्विस पुनःमान्यता

आईआईएमए भारत का पहला ऐसा व्यवसाय स्कूल है जिसने 2008 में इक्विस मान्यता प्राप्त की है और इसे तब से बनाये रखा है। आईआईएमए ने उच्च गुणवत्तात्मक शिक्षा प्रदान करने में अंतरराष्ट्रीय मानकों को स्थापित किया है और शीर्ष अंतरराष्ट्रीय व्यवसायिक स्कूलों में अपना नाम बनाए रखा है।

कार्यकारी विकास लिमिटेड, स्पेन 20-22 जनवरी 2015 के आईआईएमए के दौरे पर इक्विस सहकर्मी समीक्षा दल

वर्ष 2014-15 के दौरान, आईआईएमए ने इक्विस की पुनःमान्यता लेने की प्रक्रिया में भाग लिया। संस्थान ने 20 से 22 जनवरी, 2015 के दौरान, इक्विस सहकर्मी समीक्षा दल के गणमान्य सदस्यों की मेजबानी की थी जिसमें निम्न शामिल थे :

- प्रोफेसर जान आई. हालैंड, अर्थशास्त्र प्रोफेसर (पूर्व रेक्टर), एनएचएच नार्वे अर्थशास्त्र स्कूल, नार्वे पीआरटी अध्यक्ष
- प्रोफेसर शेखर चौधरी, निदेशक, शिव नाडर विश्वविद्यालय, प्रबंध एवं उद्यमिता स्कूल, तथा पूर्व निदेशक, आईआईएम कोलकाता, भारत
- श्री जेम्स टेरी लॉकहार्ट, निदेशक, लॉकहार्ट कार्यकारी विकास लिमिटेड, स्पेन 20-22 जनवरी 2015 के आईआईएमए के दौरे पर इक्विस सहकर्मी समीक्षा दल

वर्ष 2015 में, आईआईएमए को ईएफ़एमडी (यूरोपीय प्रबंध विकास फाउंडेशन) द्वारा फिर से मान्यता मिली और दूसरे पाँच वर्ष के लिए इक्विस की मान्यता प्राप्त की। पूरे भारत में आईआईएमए ही एकमात्र ऐसा संस्थान है जिसे पाँच वर्ष के लिए इक्विस से मान्यता मिली है, इसमें किसी संस्थान के लिए अधिकतम अवधि पाँच वर्ष तक की ही होती है। आईआईएमए को यह इक्विस मान्यता तीसरी बार प्राप्त हुई है।

### एएएससीबी मान्यता

इक्विस से पुनःमान्यता प्राप्त करने के बाद, संस्थान ने एएसीएसबी (एड्वान्स्ड् कॉलेजिएट बिज़नेस एक्रेडिटेशन स्कूल एसोसिएशन) में अपनी भागीदारी एवं मूल्यांकन का पता लगाने के लिए कार्यवाही की। इसके बाद, अपनी व्यापक अंतरराष्ट्रीय रणनीति के हिस्से के रूप में एएसीएसबी मान्यता के साथ आगे बढ़ने की पहल शुरू की गई है।

## ग. वैश्विक भागीदारी

शैक्षणिक सहयोग को मजबूती प्रदान करने तथा अंतर्राष्ट्रीयकरण को बढ़ावा देने की दिशा में प्रतिष्ठित विदेशी व्यवसायिक-स्कूलों और संस्थानों के साथ सुगम संवाद किये गए। आईआईएमए ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) के माध्यम से प्रतिष्ठित विदेशी बिजनेस-स्कूलों / विश्वविद्यालयों के साथ संस्थागत सहयोग किया। इसमें निम्न के साथ भागीदारी शामिल है :

- एडिनबर्ग बिजनेस स्कूल विश्वविद्यालय, ब्रिटेन
- आईवी बिजनेस स्कूल, पश्चिमी विश्वविद्यालय, ओंटारियो, कनाडा
- मेलबोर्न विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया

## घ. विदेशी संस्थानों के साथ संलग्नता

इस वर्ष के दौरान आईआईएमए 19 विदेशी संस्थानों / अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडलों की मेजबानी करने एवं उनके साथ सार्थक संवाद में संलग्न रहा है। महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडलों में कुछ निम्न शामिल हैं :

### विदेशी मंत्रीगण :

- सुश्री प्रीति पटेल, विटहैम संसद सदस्य, राजस्व सचिव-ब्रिटेन
- माननीय एंड्रयू रॉब, एओ सांसद, व्यापार एवं निवेश मंत्री, ऑस्ट्रेलिया
- माननीय सुश्री मिशेल रोलैंड सांसद, नागरिकता एवं बहुसंस्कृतिवाद शेडॉ राज्य मंत्री, संचार शेडॉ सहायक राज्य मंत्री, ऑस्ट्रेलिया सरकार

### उच्चायोग / वाणिज्य दूतावास जनरल

- चीनी समकालीन अंतरराष्ट्रीय संपर्क संस्थान (सीआईसीआईआर), बीजिंग से अनुसंधान प्रतिनिधिमंडल जिसमें डॉ लिली, एसोसिएट रिसर्च फैलो, डॉ वांग शिदा, सहायक रिसर्च फैलो, डॉ सांग किंगरुन, तथा सेवानिवृत्त राजदूत श्री किशन राणा (जर्मनी में भारतीय दूतावास के पूर्व राजदूत)
- श्री मार्क पियर्स, प्रधान ऑस्ट्रेलियाई दूतावास, मुंबई
- श्रीमती रूचि घनश्याम, दक्षिण अफ्रीका के लिए नामित उच्चायुक्त
- श्री ए. आर. घनश्याम, भारतीय उच्चायुक्त, एबूजा, नाइजीरिया

### विदेशी संस्थानों के प्रतिनिधि :

- श्री जोनाथन चेंग, अंतर्राष्ट्रीय विकास, सार्वजनिक नीति क्रॉफर्ड स्कूल, एशिया प्रशांत कॉलेज, ऑस्ट्रेलियाई नेशनल यूनिवर्सिटी

प्रोफेसर आशीष नंदा, निदेशक-आईआईएमए के साथ विटहैम की सांसद, ब्रिटेन की राजस्व सचिव सुश्री प्रीति पटेल

आईआईएमए में माननीय एंड्रयू रॉब, एओ सांसद, व्यापार एवं निवेश मंत्री, ऑस्ट्रेलिया, प्रोफेसर जी रघुराम डीन (संकाय) के साथ बातचीत करते हुए

प्रोफ़ेसर आशीष नंदा, निदेशक, आईआईएमए तथा प्रोफ़ेसर अजय पांडेय, डीन (कार्यक्रम), प्रोफ़ेसर इयान क्लार्क, डीन, एडिनबर्ग बिज़नेस स्कूल युनिवर्सिटी, ब्रिटेन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए

प्रोफ़ेसर इयान क्लार्क, डीन, एडिनबर्ग बिज़नेस स्कूल युनिवर्सिटी, ब्रिटेन तथा प्रोफ़ेसर आशीष नंदा, निदेशक, आईआईएमए के साथ अन्य आईआईएमए प्रतिनिधि

- प्रोफेसर मार्क वांदनबोश, एसोसिएट डीन, आईवी बिजनेस स्कूल, वेस्टर्न विश्वविद्यालय, कनाडा
- प्रोफ़ेसर सिल्वेन त्रिन, निदेशक, मास्टर स्थायी विकास एवं संगठन, दोपिन विश्वविद्यालय, पेरिस, फ्रांस
- प्रोफेसर स्टीफन होलोवे, प्रोवोस्ट, रासायनिक भौतिकी के प्रोफेसर, लिवरपूल विश्वविद्यालय, ब्रिटेन
- डॉ. गिलर्मो रोड्रिगेज मार्टिन, निदेशक, कासा द ला भारत, स्पेन, श्री जोस रेमन गोंजालेज गार्सिया, वाइस रेक्टर / कुलपति िअंतरराष्ट्रीय एवं संस्थागत मामले, वैलेडॉलीड विश्वविद्यालय, स्पेन
- श्री रॉबर्ट (बॉब) कैनेडी, डीन, आईवी बिजनेस स्कूल, वेस्टर्न विश्वविद्यालय, ओंटारियो, कनाडा
- प्रोफेसर इयान क्लार्क, डीन, सुश्री लिनोस वाइन जोन्स के साथ, अंतरराष्ट्रीय प्रबंधक, एडिनबर्ग बिजनेस स्कूल विश्वविद्यालय, ब्रिटेन
- प्रोफ़ेसर कस्तूरी रंगन, संकाय-हार्वर्ड बिजनेस स्कूल, संयुक्त राज्य अमेरिका
- प्रोफ़ेसर ज्योति गुप्ता, प्रोफेसर-ईएससीपी यूरोप, फ्रांस, मिशेल प्रेदाली, अंतरराष्ट्रीय भागीदारी समन्वयक के साथ

आईआईएमए में सुश्री रूचि घनश्याम, नामित उच्चायुक्त दक्षिण अफ्रिका के साथ प्रोफ़ेसर अजय पांडेय, डीन (कार्यक्रम)

आईआईएमए में प्रोफ़ेसर बॉब केनेडी, डीन, आईवी बिज़नेस स्कूल, वेस्टर्न युनिवर्सिटी, ओंटारियो तथा प्रोफ़ेसर आशीष नंदा, निदेशक, आईआईएमए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए

## ङ. सार्वजनिक संलग्नता और अध्ययन दौरे

हर वर्ष संस्थान अपने परिसर के दौरे तथा अध्ययन यात्राओं के लिए आगंतुकों को बुलाता है। यह उन्हें संस्थान की गतिविधियों को व्यापक रूप से समझने के साथ ही इसके स्थापत्य वैभव की सराहना करने का भी अवसर प्रदान करता है। संस्थान ने वर्ष 2014-15 के दौरान, लगभग 6000 आगंतुकों का स्वागत किया, इनमें विदेशी नागरिक, सरकारी अधिकारी, कॉरपोरेट, शिक्षा क्षेत्र, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी, व्यवसायी तथा छात्र शामिल थे। आईआईएमए का दौरा करने वाले प्रमुख अध्ययन समूहों/संस्थानों में निम्नलिखित शामिल थे :

फूजी विश्वविद्यालय, जापान का समूह

- बसलेल विश्वविद्यालय, यरूशलेम
- तुंगहाई विश्वविद्यालय, ताइवान
- बीआरएसी विश्वविद्यालय, बांग्लादेश
- सिल्पकॉर्न विश्वविद्यालय, बैंगकॉक
- मोराटुवा विश्वविद्यालय, श्रीलंका
- फूजी विश्वविद्यालय, जापान
- पोलिटेक्निक युनिवर्सिटी ऑफ मिलानो, इटली
- पडुआ विश्वविद्यालय, इटली
- बांग्लादेश इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी युनिवर्सिटी (बीयूइटी), ढाका
- सुरक्षा सेवा कार्मिक कॉलेज के वरिष्ठ अधिकारी, पुणे
- ज्ञानी जैल सिंह पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय, भठिंडा
- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर
- पर्यावरण योजना एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र विश्वविद्यालय (सेप्ट), अहमदाबाद
- बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा, रांची
- बी.वी. भूमारेड्डी इंजीनियरिंग कॉलेज, हुबली, कर्नाटक
- बी.एम. श्रीनिवासैया इंजीनियरिंग कॉलेज, बेंगलुरू
- प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्रालय का भारत को जानिए कार्यक्रम

आईआईएमए में रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए डीन (कार्यक्रम), प्रोफेसर अजय पांडेय

# सहायता अनुदान

वर्ष 2014-15 के दौरान, इस संस्थान ने गैर-योजना (नियमित) एवं योजना (नियमित) के अंतर्गत, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से कोई भी सहायता अनुदान प्राप्त नहीं किया।

वर्ष 2014-15 के दौरान, संस्थान को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से एफपीएम कार्यक्रम के लिए 133.15 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ।

# बुनियादी ढाँचे का विकास

बुनियादी सुविधाओं की जरूरतों को मजबूती प्रदान करने के प्रयास में, संस्थान ने जुड़वां आयामी रणनीति अपनाई है। सबसे पहले, संस्थान ने सीमित उपलब्ध भूमि पर बुनियादी ढाँचे के समग्र पुनः नियोजन के लिए एक प्रमुख वास्तुकार को नियुक्त किया है। दूसरे, संस्थान ने संरक्षण, पुनःस्थापन तथा लूई काह्न द्वारा डिजाइन किए ऐतिहासिक धरोहर जैसे भवनों के उन्नयन के लिए एक संरक्षण एवं पुनरोद्धार वास्तुकार को नियुक्त किया है। इन इमारतों में पुस्तकालय, कक्षा संकुल, संकाय ब्लॉक और मुख्य परिसर के 18 छात्रावास शामिल हैं। काह्न के मूल डिजाइन वाली इमारत को बहाल करने के प्रयास किए जाएंगे, इस तरह आज तक हुए कई अवांछित हस्तक्षेपों को हटाया जाएगा। पुनःस्थापन से इन प्रतिष्ठित भवनों को फिर से मजबूती प्राप्त होगी और रिसाव, टपकने और नमी की समस्याओं का सदा के लिए समाधान होगा। इसके अलावा संस्थान की वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भी इन इमारतों के उन्नयन का काम हो रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के बुनियादी ढाँचे को भी उन्नत किया जा रहा है।

एक विस्तृत राष्ट्रव्यापी चयन प्रक्रिया के बाद मेसर्स एचसीपी डिजाइन प्लानिंग एवं मैनेजमेंट (एचसीपी-डीपीएम), अहमदाबाद को संस्थान के प्रमुख वास्तुकार के रूप में नियुक्त किया गया। एचसीपी-डीपीएम संस्थान के नए परिसर के भी वास्तुकार थे। विस्तृत प्रमुख योजना के अलावा, ये छोटी परियोजनाओं और स्थापत्य की अखंडता को बनाए रखने के लिए मार्गदर्शन तथा दैनिक रखरखाव कार्यों की देखरेख करेंगे। 25 वर्ष की अवधि के लिए एक मुख्य योजना का मसौदा पाँच चरणों में बाँटकर तैयार किया गया है। पहले चरण में 60 संकाय आवास, छात्रावास के लगभग 400 कमरे और एक नया कक्षा संकुल शामिल हैं।

एक विस्तृत चयन प्रक्रिया के बाद, मेसर्स सोमाया और कलप्पा कंसल्टेंट्स प्रा. लिमिटेड-मुंबई को पुनःस्थापन परियोजना के लिए संरक्षण वास्तुकार के रूप में नियुक्त किया गया है। देश के अग्रणी संरक्षण वास्तुकार श्रीमती ब्रिंदा सोमाया की प्रत्यक्ष निगरानी में परियोजना की अगुवाई की गई है। संरक्षण वास्तुकार के मार्गदर्शन में संरचनात्मक परीक्षण का काम पूरा हो चुका है। यह संरक्षण कार्य चार चरणों में किया जाएगा और लगभग पाँच वर्षों में पूरा होने की संभावना है। प्रथम चरण वर्ष 2016 की शुरूआत में ही जल्द शुरू होने की संभावना है। समुदाय को पुनःस्थापन के कार्य का अद्यतन करने के लिए संस्थान ने संरक्षण पर एक वेबसाइट - http://www.restoration.iimahd.ernet.in/ भी बनाई है।

# कार्मिक

वर्ष 2014-15 के दौरान, नौ नए संकाय सदस्यों ने संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया। तीन संकाय सदस्य सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हुए, और एक संकाय सदस्य ने अपना कार्यकाल पूरा होने पर संस्थान छोड़ दिया है। इस वर्ष के दौरान, सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर अठारह स्टाफ सदस्यों ने सेवानिवृत्ति ली और एक कर्मचारी ने संस्थान की सेवाओं से त्यागपत्र दिया।

इस वर्ष के दौरान, 2 संकाय सदस्यों और 18 स्टाफ सदस्यों को 20 वर्ष की सेवा पूरी करने पर सम्मानित किया गया।

विवरण परिशिष्ट ण में दिए गए हैं।

## अधिकारी एवं कर्मचारी विकास गतिविधि

वर्ष के दौरान, अधिकारियों सहित 64 कर्मचारियों को अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन तथा अन्य प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रायोजित किया गया। संस्थान ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से कौशल उन्नयन को आगे बढ़ने के लिए कई स्टाफ सदस्यों को प्रायोजित करना जारी रखा है।

## राजभाषा कार्यान्वयन

संस्थान पूर्णतया भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष संस्थान ने 15 से 29 सितम्बर, 2014 के दौरान राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया। इस समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं (हिन्दी निबंध लेखन, कविता, शब्द ज्ञान, आशु-भाषण, तथा सुलेखन) का आयोजन किया। संस्थान के 100 से अधिक हिन्दीभाषी एवं गैर-हिन्दीभाषी कर्मचारी सदस्यों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस समारोह के समापन दिवस पर, प्रोफेसर अजय पांडेय, डीन (कार्यक्रम) द्वारा नकद पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमांडर मनोज भट्ट (सेवानिवृत्त) ने भी रोजमर्रा के कार्यकलापों में राजभाषा हिन्दी

के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए संस्थान के सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। विक्रम साराभाई पुस्तकालय में विभिन्न विषयों पर उपलब्ध हिन्दी पुस्तकों की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री एवं माननीय गृह मंत्री की तरफ से प्राप्त संदेशों को सभी सूचना पट्टों पर प्रदर्शित किया गया।

वर्ष के दौरान, हिन्दी में टिप्पण व प्रारूपण पर तीन हिन्दी-कार्यशालाएँ, तथा कंप्यूटर पर हिन्दी में काम करने के लिए हिंदी सॉफ्टवेयर का कार्यसाधक ज्ञान देने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गईं, इनमें 64 कर्मचारियों ने भाग लिया। इन कार्यशालाओं में व्याख्यान देने के लिए हिंदी के प्रसिद्ध वक्ताओं को आमंत्रित किया गया।




वर्ष के दौरान, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठकें आयोजित की गई, जिनमें भारत सरकार द्वारा वार्षिक कार्यक्रम में 'ख' क्षेत्र के लिए निर्धारित कार्यान्वयन लक्ष्यों को प्राप्त करने पर जोर दिया गया।

संस्थान की हिन्दी पत्रिका के प्रतिबिम्ब के चौथे संस्करण का प्रकाशन जनवरी 2015 में किया गया और इस अंक की प्रतियाँ सभी आईआईएम, आईआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, संबंधित मंत्रालयों, शासी मंडल के सदस्यों, और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) के सभी 130 सदस्यों को भेजी गई।

राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन लिए, संस्थान ने हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान, अहमदाबाद की सहायता से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें चौंतीस कर्मचारियों को नामित किया गया और 21 मई 2015 को उनके लिए परीक्षा आयोजित की गई।

26 फरवरी, 2015 को एक हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस समारोह में अहमदाबाद के प्रसिद्ध हिन्दी कवि उपस्थित रहे थे। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद के सभी सदस्य कार्यालयों के लिए संस्थान में 16 अप्रैल, 2015 को हिन्दी आशु-भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। लगभग 40 सदस्यों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

## सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन, वर्ष के दौरान 131 आरटीआई आवेदन और 8 प्रथम अपील प्राप्त हुई और उनका निपटान किया गया।

# छात्र गतिविधियाँ

## एबेकस

एबेकस, एक मुकाबला क्लब है, इसमें सभी मात्रात्मक उत्साहियों को परिसर पर इकठ्ठा कर एकसाथ लाया जाता है। यह क्लब गणित तथा तर्क से संबंधित पहेली, कबिंग, पोकर, जैसी रुचियों और शौक को संचित करता है। इसके अलावा, यह क्लब उन छात्रों की संभाव्यता और सांख्यिकी के रूप में विषयों की मूल बातों के माध्यम से मार्गदर्शन द्वारा सहायता करता है जो पाठ्यक्रम आधारित मात्रात्मक या गाणितीय ज्ञान कम रखते हैं या उनको पूर्व ज्ञान नहीं है।

इस क्लब ने अपनी प्रमुख वार्षिक प्रतियोगिता नटक्रेकर का आयोजन किया जो एक सप्ताह का समारोह है इसमें श्रेष्ठ बौद्धिकता वालों के बीच अंतिम पुरस्कार के लिए कड़ा मुकाबला हुआ। एक नई पहेली सुलझाने की ऑनलाइन प्रतियोगिता रिडल-फ़िडल का पाँच दिनों का आयोजन किया गया।

एबेकस ने पोकर एवं रुबिक्स क्यूब जैसी रुचिप्रद एप्लिकेशनों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया।

व्यवसाय प्रबंधन एवं विशेषकर वित्तीय भूमिकाओं में मात्रात्मक तरीकों का उपयोग दिन-प्रति-दिन बढ़ता जा रहा है और यह इस तथ्य से रेखांकित हुआ है कि साक्षात्कारों में कम्पनियाँ पहेलियाँ रखती हैं। इस उद्देश्य के लिए, एबेकस क्लब ने टेसरऐक्ट समारोह का आयोजन किया, जो एक पहेली डेटाबेस है जहाँ पर हर दूसरे दिन पहेलियों का एक सेट ग्रीष्मकालीन स्थानन के एक महीने पहले मुकाबले के लिए रखा ताकि छात्रों को अपने विश्लेषणात्मक एवं आँकड़ों के कौशलों का ज्ञान ताज़ा करने में मदद मिल सके। एबेकस ने खेल सिद्धांत सत्रों तथा विश्लेषण प्रतियोगिता जैसे समारोहों की शुरूआत की जिसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

## शैक्षणिक परिषद

शैक्षणिक परिषद छात्रों की चिंताओं को व्यक्त करता है और शैक्षिक नीति-निर्माण की प्रक्रिया में भाग लेते हुए छात्रों, शिक्षकों, एवं प्रशासन के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करता है।

शैक्षणिक परिषद बदलते कारोबारी माहौल के साथ मेल रखने के क्रम में मौजूदा पाठ्यक्रमों में सुधार और नए पाठ्यक्रम के सुझाव की समीक्षा करने में एक सक्रिय दृष्टिकोण रखता है। यह पीजीपी कार्यालय के साथ मिलकर काम करता है जिससे अधिक सीटों के लिए बातचीत करके कई पाठ्यक्रमों के एक ही दिन होने को कम करते हुए अधिकतम छात्रों को ऐच्छिक से लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जा सके। यह परिषद भाषा पाठ्यक्रमों और व्याख्यान श्रृंखला की सुविधा भी देती है।

पहली बार, शैक्षणिक परिषद ने पीजीपी एवं एफपीएम छात्रों को सीखने के अवसर बढ़ाने के लिए कॉन्फ्लुअन्स के हिस्से के रूप में आईआईएमए अनुसंधान ओपन हाउस का आयोजन किया। इसने छात्रों के लिए उपचारात्मक सत्रों की भी अच्छी व्यवस्था की थी। इसके अलावा, परिषद ने पीजीपी 2015-17 बैच से लागू की गई पाँच-वर्षीय पाठ्यक्रम समीक्षा प्रक्रिया के लिए अपनी जानकारी दी है।

## कृषि व्यवसाय क्लब

कृषि व्यवसाय क्लब का उद्देश्य कृषि व्यवसाय के पहलुओं की बेहतर समझ के द्वारा ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक मंच की सुविधा प्रदान करना है।

छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से, इस क्लब ने अमूल, आनंद, और सरदार पटेल ऑर्गेनिक फार्म के दौरे का आयोजन किया। वर्ष के दौरान, दो वक्ता सत्रों का आयोजन किया गया। क्लब ने वस्तुओं के व्यापार पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया।

इस क्लब द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में सिंचाई प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित नेटाफ़िम सिंचाई केस चुनौती और रचना : आलेख लेखन प्रतियोगिता की तीन श्रृंखलाएँ शामिल थीं। यह क्लब अहमदाबाद में 10,000 स्कूली लड़कियों तक पहुंच बनाने के उद्देश्य से, अपने समुदाय तक पहुंचने के कार्यक्रम आरंभ के आयोजन द्वारा किशोरावस्था में लड़कियों में स्वास्थ्य व पोषण के प्रति जागरूकता अभियान के लिए परिसर से बाहर गया।

## अमेथॉन

प्रमुख कार्यक्रम अमेथॉन-2015 को बड़ी सफलता मिली। इसका आयोजन जनवरी में 'विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में उभरते खाद्य और कृषि व्यवसाय के सुनहरे अवसर' विषय पर हुआ। यह शिखर सम्मेलन उद्योग, शिक्षा, और छात्रों के लिए विचार संगोष्ठी का एक अंतर्क्रियात्मक मंच प्रदान करता है। इसका उद्देश्य विचारों का विनिमय, ज्ञान का आदान-प्रदान, व्यावसायिक नेटवर्क का निर्माण, और इस क्षेत्र में रुचि के आकर्षण को बढ़ावा देना है। अमेथॉन-2015 विश्व बैंक द्वारा प्रायोजित किया गया था और इसमें पूरे भारत तथा सिंगापुर, फिलीपींस, नेपाल, श्रीलंका, भूटान व बांग्लादेश सहित दुनिया भर से 3000 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

प्रमुख समारोहों में 'खाद्य वार्ता' पर एक पैनल चर्चा और 'सामाजिक उद्यमिता में महिला अग्रणियाँ' विषय पर चर्चा शामिल थी। इस शिखर सम्मेलन में कोल्ड स्टोरेज एवं भंडारण कार्यशाला, उद्यम स्थान चर्चा, और कृषि वस्तुओं की मूल्य श्रृंखला पर एक चर्चा भी शामिल थी। अमेथॉन ने श्री दीपक द्वारा कॉमेडी 'चक' गोपालकृष्णन, मौके पर मनोरंजन, और 'खाद्यान्न अपव्यय को ना कहो' विषयों पर मैराथन चलाने जैसे समारोहों की भी मेजबानी की।

## पूर्वछात्र सहभागिता प्रकोष्ठ

पूर्वछात्र सहभागिता कक्ष पूर्वछात्रों और वर्तमान छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने और आंतरिक-पूर्वछात्र नेटवर्किंग के लिए सार्थक अवसरों के विकास में अहम भूमिका निभाता है। इस कक्ष का प्रमुख उद्देश्य सद्भाव बढ़ाना और पूर्वछात्रों तथा उनके अपने संस्थान के बीच आजीवन संबंधों को बढ़ावा देना है।

इस वर्ष, पूर्वछात्र प्रकोष्ठ ने शैडॉ एन ऐलम कार्यक्रम तथा यंग अल्युमनी अचिवर (युवा पूर्वछात्रों की उपलब्धियाँ) पुरस्कार सहित कई नए प्रयासों का शुभारंभ किया। शैडॉ एन ऐलम कार्यक्रम छात्र समुदाय तथा विशिष्ट पूर्वछात्रों के बीच संबंधों को निर्णाण की कोशिश में सफल रहा। पीजीपी प्रथम वर्ष के एक छात्र को कई दौर से गुजरने के बाद जेरोक्स इंडिया के प्रबंध निदेशक के साथ एक दिन बिताने का मौका मिला।

यंग अल्युमनी अचीवर अवार्ड में एक पूर्वछात्र को विशेष क्षेत्र में अपनी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसका उद्देश्य पूर्वछात्रों की उपलब्धियों के बारे में छात्र समुदाय में जागरूकता फैलाना तथा उन्हें प्रेरित करना है।

नियमित गतिविधियों में सिंक्रॉनी-2014 बहुत सफल रहा। यह भारत तथा विदेशों में 11 स्थानों : भारत में दिल्ली, मुंबई, बेंगलूर, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे और कोलकाता जैसे भारतीय चैप्टर तथा अंतरराष्ट्रीय चैप्टरों

में दुबई, कुवैत, लंदन, सिंगापुर तथा हांगकांग में आयोजित होने वाला वार्षिक पूर्वछात्र-वर्तमान छात्र मिलन है। प्रत्येक सिंक्रॉनी कार्यक्रम में औसतन 100 से अधिक पूर्वछात्र और वर्तमान छात्र उपस्थित रहे।

वर्ष 2013 में स्थापित पूर्वछात्र-वर्तमान छात्र मार्गदर्शन कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के शैक्षणिक कैरियर से परे पूर्वछात्र-वर्तमान छात्र संबंधों को विस्तार देना है। इस कार्यक्रम ने सफलतापूर्वक 160 से अधिक पूर्वछात्रों की निगरानी में 250 से अधिक वर्तमान छात्रों को तैयार किया।

पूर्वछात्र प्रकोष्ठ ने 1974, 1980, 1990, 1994, 1999, 2000 तथा 2004 बैच के पुनर्मिलन का भी आयोजन किया। पूर्वछात्रों के परिसर के अपने पुराने दिनों को फिर से ज़िंदा करने और वर्तमान छात्रों के साथ संवाद करने के लिए एक औपचारिक तथा अनौपचारिक पुनर्मिलन समारोह परिसर के बाहर तथा भीतर आयोजित किया गया।

वक्ता सत्र में उद्योग के दिग्गजों श्री मुदित आर.-उपप्रमुख, एम एंड ए, एक्सेंचर, और श्रीमती विनया पर्वते-सिटी साउथ एशिया के जोखिम प्रबंधन के प्रमुख संचालक द्वारा परामर्श एवं वित्त क्षेत्र में इनसाइट्स पर वार्ता शामिल है।

प्रमुख प्रकाशनों में, इस प्रकोष्ठ ने पूर्वछात्रों की सफलता की कहानियों को साझा करने और एक चुने हुए विशिष्ट पूर्वछात्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डालने के उद्देश्य से पूर्वछात्र माह श्रृंखला (अल्युमनी ऑफ़ द मंथ) का शुभारंभ किया।

अलावा, मासिक समाचार पत्र – टाइडिंग फ्रॉम विमवी (डब्ल्यूआईएमडब्ल्यूआई) पूर्वछात्रों को नियमित रूप से वितरित किया जाता है। यह समाचार पत्र परिसर में चल रहे विभिन्न समारोहों के संक्षिप्त विवरण, इनकी अद्यतन जानकारी, तथा संस्थान व छात्र समुदाय से संबंधित समाचार प्रदान करता है।

पूर्वछात्र प्रकोष्ठ त्रि-वार्षिक रूप से आईआईएमए पूर्वछात्र पत्रिका के लिए छात्र समुदाय से प्राप्त लेखों और सामग्री का भी योगदान करता है।

## बीटा

बीटा की मुख्य विचारधारा एक शैक्षणिक अनुशासन के साथ में कैरियर के विकल्प के रूप में वित्त में रुचि को बढ़ावा देना है।

बीटा वित्त में कैरियर लक्षित छात्रों को वित्त में कैरियर संबंधित निरंतर मार्गदर्शन एवं परामर्शन प्रदान करता है तथा भर्ती साक्षात्कार, ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप, तथा अंतिम स्थानन की तैयारी में सहायता करता है। आज का बीटा शब्द-डब्ल्यूओटीडी (WOTD) तथा दैनिक श्रृंखला का उद्देश्य छात्रों को वित्तीय अवधारणाओं की समझ एवं वित्तीय समाचारों से अद्यतन करने में सहायता करना है। बीटा पर्स्पेक्टिव के माध्यम से, उपभोक्ता के प्रारूप को आसानी से समझने के लिए द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा प्रथम वर्ष के छात्रों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया जाता है। क्लब बीटा प्राइमर तथा आरईएम सत्रों के कार्यक्रम द्वारा कोर्पोरेट वित्त, निवेश बैंकिंग, तथा विपणन जैसे विषयों की एक व्यापक श्रेणी को कवर करता है और इनका आयोजन ग्रीष्मकालीन तथा अंतिम स्थानन सत्रों से पहले किया जाता है। क्लब ने प्रसिद्ध ब्लूमबर्ग एप्टीट्यूड कसौटी का आयोजन किया जिससे अपने वित्तीय ज्ञान के वैश्विक मानदंडों में छात्रों को सहायता मिली।

ग्रीष्मकालीन स्थानन से ठीक पहले बीटा मार्गदर्शक कार्यक्रम का आयोजन होता है। प्रत्येक प्रथम वर्ष के छात्र के लिए, द्वितीय वर्ष का बीटा सदस्य छात्र निर्धारित होता है जो मार्गदर्शन, शंका का समाधान, इंटर्नशिप साक्षात्कार की तैयारी में सहायता करता है। इसके अलावा, बीटा ने छात्रों को व्यापार के

बारे में सर्वश्रेष्ठ सीखने में सहायता के लिए पंकज वैश्य, एमडी-सिटी, और प्रशांत मोहन्त, सीएफओ-आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की वक्तव्य श्रृंखला सत्र का आयोजन किया। अन्त में, बीटा ने छात्रों के ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप से पहले उन्हें सही कौशल से सुसज्जित करने के लिए छात्रों के लिए दो-दिवसीय उन्नत वित्तीय मॉडलिंग कार्यशाला का आयोजन किया।

कैरियर की पूर्वतैयारी के मार्गदर्शन प्रदान करने के अलावा, बीटा छात्रों में वित्त में रुचि पैदा करने के उद्देश्य से गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित करता है। इसमें फिनोमिना वित्त शिखर सम्मेलन शामिल है जो छात्रों को वित्त जगत् में एक परिचयात्मक मंच प्रदान करते हुए इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की पहुँच के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा अपनी समझ से दूरी को पाटने का मंच प्रदान करता है। इस वर्ष, क्लब ने एक नई अल्गोरिदम ट्रेडिंग प्रतियोगिता एनएवी कैपिटल के सहयोग में शुरू की और आईसीआईसीआई के स्टॉकमाइंड राष्ट्रीय व्यापार चुनौती के परिसर संस्करण का आयोजन करने में सहायता की। इन प्रतियोगिताओं के अलावा, बीटा ने व्यूप्वॉइंट नाम से बजट-2014 पर आकर्षक बहस का आयोजन किया।

## कम्प्यूटर केन्द्र समिति

कम्प्यूटर केन्द्र समिति (सीसीसी) छात्रों तथा कम्प्यूटर केन्द्र के बीच अंतर्क्रिया का कार्य करता है ताकि परिसर में छात्रों की आईटी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा किया जाए ताकि संस्थान के प्रशासन के समक्ष छात्रों के आईटी संबंधित मुद्दों को संबोधित किया जाए। इस क्लब का उद्देश्य नए अनुप्रयोगों का निर्माण कर छात्रों की सहायता करना है, थोक सौदे आयोजित करना, स्पैम की निगरानी करना, चर्चा मंच का रखरखाव करना, प्रिंटर प्रबंध करना, सर्वर को संभालना, तथा अन्य कार्य करना है। इन वर्षों में यह क्लब डीबैब, बैच प्रोफ़ाइल, तथा इलेक्शन पोर्टल जैसे विकासशील एप्लिकेशनों का विकास करने पर प्रोद्योगिकी क्लब के रूप में प्रसिद्ध हो गया है।

सीसीसी ने कई विकल्पों के साथ बेहतर डिस्काउंट पर स्टोरेज ड्राइव, नेटवर्क डोंगल, सिम कार्ड, और लैपटॉप के सौदे आगे बढ़ाए। सबसे महत्वपूर्ण बाजार की कीमतों से पर्याप्त छूट (> 20 प्रतिशत) पर आईआईएमसी के सहयोग से मैकबुक सौदा किया गया था। इसी तरह 95 प्रतिशत से अधिक की छूट पर एमएस ऑफ़िस एवं विंडोज ओएस सौदा किया गया था।

सीसीसी ने ऑनलाइन छात्र सूचना निर्देशिका, इंटर्नशिप, तथा स्थानन सूचना निर्देशिका जैसे वेब एप्सों का निर्माण शुरू किया है जिनको प्रति वर्ष अपडेट किया जाता है। स्थानन तथा अन्य घटनाओं के लिए मित्रों एवं वरिष्ठों को खोज निकालने के लिए ये एप्लिकेशन छात्रों के लिए काफी उपयोगी हैं। पिछले वर्ष छात्र गतिविधि समिति के दायरे के अंतर्गत सभी चुनाव सीसीसी प्रणालियों के माध्यम से संचालित किये गए। इस वर्ष पहली बार बैच के डेटा परिसर के बाहर उपलब्ध कराये गए; इस पहल से जो छात्र अपने इंटर्नशिप के लिए परिसर से दूर जिन स्थानों पर थे उन्हें काफी सहायता मिली। इस क्लब ने आने वाले बैच को नेटवर्क स्वतः साझा करने के साथ शीघ्र शिकायत समाधान करने में भी सहायता की। आने वाले बैच के साथ अंतर्क्रिया करने में डीबैब मंच उपयोगी रहा।

परिसर में इंटरनेट नेटवर्क द्वारा जीमेल तथा व्हाट्सएप जैसे मोबाइल एप्लिकेशन्स खोलने पर बड़े बदलाव देखे गए।

वर्तमान में छात्रों को “नो प्रॉक्सी” के लिए अनुमति दी गई, इसके द्वारा प्रॉक्सी सेटिंग्स एप्लिकेशन की कोई जरूरत नहीं होगी यह सुनिश्चित किया गया।

## कैओस

हमारे वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव कैओस-2014 का संस्करण 23 से 26 जनवरी, 2014 के दौरान आयोजित किया गया। सन् 1966 में शुरू हुए कैओस ने अपना पैमाना बड़ा किया है और अब प्रति

वर्ष लगभग साठ हजार से अधिक लोग इसमें शामिल होते हैं। देश भर से 200 से अधिक स्कूलों तथा विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने इस समारोह में भाग लिया। कैओस भारत का सबसे बड़ा व्यवसाय स्कूल सांस्कृतिक महोत्सव है।

पिछले वर्ष, कैओस भारतीय सिनेमा के 100 वर्ष पूरे होने के जश्न में "भारतीय सिनेमा को श्रद्धांजलि" के विषयवस्तु के इर्दगिर्द केंद्रित रहा और भव्य प्रदर्शन - सुनिधि चौहान, अमित त्रिवेदी, डीजे एनवायके, कानन गिल तथा शशि थरूर, मधुर भंडारकर और अभिषेक सिंघी के परिपेक्ष्य सत्रों का आयोजन किया गया।





थिएटर तथा संगीत प्रेमियों के लिए पर्याप्त अवसर थे जिसमें वे अपनी प्रतिभा दिखा सकें और श्रेष्ठ प्रदर्शनों का लुत्फ़ उठा सकें। कैओस के फ्लेगशिप संगीत समारोह में शीर्षस्थ अर्ध व्यावसायिक बैंडों को देश भर से रॉक टाइटिल के प्रतिष्ठित ब्लीज़र्ड को जीतने के लिए लाया गया। ज़ुबरन्स द्वारा देश भर से मंच पर इकट्ठा हुई टीमों  शीर्ष नृत्य लाया गया और वह भारत में सबसे बड़े सांस्कृतिक महोत्सव के विजेता के रूप में उभरा। अभिव्यक्ति की खोज में सभी सीमाओं से मुक्त कैओस ने इस जादुई कला पर पकड़ जमाई। नृत्य, कला व खेल संबंधित कई मौके-पर-समारोह तथा कार्यशालाएँ इस चार दिवसीय महोत्सव के दौरान आयोजित किए गए।

## कॉन्फ़्लुअन्स

कॉन्फ्लुअन्स के सोलहवें संस्करण में जोशीले विषय 'भारतीय पुनर्जागरण का खाका' ने पकड़ जमाई। पुनरोद्धार तथा ताजगी पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ, यह आशाजनक नई सरकार और व्यापार व नीति में एक सकारात्मक दृष्टिकोण के इर्दगिर्द प्रस्तुत हुआ। इस तीन दिवसीय समारोह में 48 से अधिक देशों के 15000 छात्रों के साथ 400 से अधिक सहयोगी कॉलेजों ने भाग लिया।

समग्र भारत में ऐसे अनूठे समारोह परिवर्तन, ने भारत को संचालित करने वाले लोगों में छात्रों को आमंत्रित किया। भारत भर से सैकड़ों छात्रों ने इस समारोह के कई चरणों में भाग लिया और श्रेष्ठ रहे छात्रों ने देश के ज्वलंत मुद्दों और चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान को गहराई तक समाज से जोड़ने के लिए परिवर्तन को सी क्यूब नामक एक मंच के रूप में विकसित किया गया।

प्रबंधन सम्मेलन को उच्च स्तर तक ले जाने के लिए, कॉन्फ्लुअन्स अब आईएसओ प्रमाणित समारोह बनने जा रहा है।





## परामर्श (कन्सल्ट) क्लब

क्लब का उद्देश्य छात्रों को कैरियर के रूप में परामर्श को अपनाने तथा इसके लिए तैयार करने में मदद करना है। इस क्लब की प्रमुख पत्रिका तत्त्व के दूसरे संस्करण में परामर्श की दुनिया पर एक नया परिप्रेक्ष्य बाहर लाया गया।

परामर्श क्लब ने मैकिन्से एंड कंपनी के सहयोग में एक पैनल चर्चा का आयोजन किया। दल के सदस्यों में मैकिन्से इंडिया के पूर्व एम.डी., आदिल जैनुलभाई, मल्लिका साराभाई, प्रोफेसर अजय पांडेय, और छात्र प्रतियोगिता के विजेता भी शामिल थे। यह चर्चा मैकिन्स के प्रकाशन रीइमेजिनिंग इंडिया पर आधारित थी जिसमें तेजी से व समग्र आर्थिक विकास के पैमाने के लिए लंबी अवधि के लिए अभिनव समाधान खोजने पर जोर दिया गया।

इस क्लब ने छात्रों को असामान्य व्यापार की समस्याओं को सुलझाने के द्वारा उनकी केस तैयारी को व्यापक बनाने में मदद करने हेतु आईआईएमए केस बुक पूरक करने के लिए 12 लाइव केसों की एक श्रृंखला को भी प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, क्लब ने अपनी ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए एक विकल्प के रूप में परामर्श अपनाने में रुचि रखते वाले प्रथम वर्ष के छात्रों को भी मार्गदर्शन दिया।

पैनोरमा, विशिष्ट क्षेत्रों के बारे में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि के साथ छात्रों को सुसज्जित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय रिपोर्टों की यह एक प्रकाशन श्रृंखला है, इसकी पठनीयता में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है और इसे केस तैयारी में तथा अन्य शैक्षिक उद्देश्यों के लिए शीघ्र संदर्भित किया जा सकता है। केस कक्ष एक नई पहल है, जहाँ दूसरे वर्ष के छात्र साथ मिलकर केस साक्षात्कार से निपटने में सहायता करते हैं, इसकी केस तैयारी में एक उपयोगी उपकरण के रूप में विशेष रूप से सराहना की गई।

## सांस्कृतिक क्लब (कल्टकॉम)

सांस्कृतिक तथा सामाजिक कार्य समिति (कल्टकॉम) परिसर में सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं की समितियों में से एक है। इसका उद्देश्य घर से दूर रह रहे छात्रों को परिसर में उत्सवों के आयोजन द्वारा जीवंत बनाते हुए मनोरंजन द्वारा घर का सा माहौल महसूस कराना है। यहाँ आने वाले छात्र विभिन्न पृष्ठभूमि तथा संस्कृतियों से आते हैं इसलिए विविध संस्कृतियों को सीखने के लिए उनको बड़े अवसर मिलते हैं। कल्टकॉम यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक छात्र कम से कम एक त्यौहार मनाने में शामिल हो तथा वह छात्रों से व्यक्तिगत स्तर पर जुड़े।

वर्ष की शुरूआत नवांगतुक छात्रों को संस्थान की संस्कृति से परिचित कराने से होती है, उसके बाद लुई काह्न प्लाजा (एलकेपी) में स्वागत पार्टी आयोजित की जाती है।

उसके बाद टी-नाईट होती है। प्रतिस्पर्धाएँ तीन दिनों व रातों की, चुनौतियों, व मनोरंजन के बाद एक अनुभाग की जीत के साथ समाप्त होती हैं। टी-नाईट वास्तव में छात्रों को एक साथ जोड़ता है जो प्रतिभा और उत्साह का एक मिश्रण है।

प्रमुख उत्सवों में जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस, दशहरा, दिवाली, क्रिसमस और नववर्ष शामिल हैं।

कल्टकॉम का एक ही उद्देश्य है : “प्रत्येक नवांगतुक के चेहरे पर मुस्कान देखना”।

## वाकपटुता (इलोकन्स) - सार्वजनिक वक्ता क्लब

इलोकन्स संस्थान का सार्वजनिक वक्ता क्लब है। हर शनिवार सार्वजनिक वक्तव्य के उत्साहियों को सतत मंच प्रदान करने के लिए एक बैठक आयोजित की जाती है।

शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत में, इस क्लब ने एक व्यवसाय शिष्टाचार तथा ग्राहक संपर्क कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप में काम के दबाव को बेहतर रूप से संभालने के लिए छात्रों

के सुसज्जित करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

क्लब ने प्रथम वर्ष छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन स्थानन से पहले बनावटी समूह चर्चा (जी.डी.) सत्रों एवं बनावटी साक्षात्कार का भी आयोजन किया।

क्लब ने प्रयास के बच्चों के लिए अँग्रेज़ी बोलने की कक्षाओं का आयोजन किया जिसमें क्लब के सदस्यों ने व्यक्तिगत रूप से ध्यान दिया।

राष्ट्रीय अखंडता दिवस के अवसर पर "राष्ट्रीय एकता सुरक्षा के उपाय" विषय पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया।

इस क्लब ने अंतिम स्थानन की तैयारी कराने के लिए लगभग 150 द्वितीय वर्ष-छात्रों के लिए जी.डी. सत्र का आयोजन किया।

## एंत्रे क्लब

एंत्रे क्लब का लक्ष्य परिसर में उभरते उद्यमियों के लिए एक मंच प्रदान करना है।

क्लब ने विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर वक्ता सत्र का आयोजन किया। उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए कम प्रसिद्ध क्षेत्र 'जैव प्रौद्योगिकी में अवसर' का चयन करते हुए श्री अक्षय सक्सेना ने प्रवाह में क्षणिक परिवर्तन किया।

स्थानन समिति के सहयोग में, एंत्रे क्लब ने सफलतापूर्वक एंत्रे मेला-2014 का आयोजन किया। इसमें 18 कंपनियाँ उपस्थित रही जिन्होंने छात्रों को ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए विभिन्न पदभारों की पेशकश की। विभिन्न कॉलेजों तक पहुँच को बढ़ाया गया। इसके अलावा, परिसर में जो कंपनियाँ नहीं आ सकी थी उन कंपनियों को छात्रों तक वेबकास्ट से पहुँचने का एक अवसर दिया गया। श्री शंकर मारुवाडा तथा श्री पावन नंदा ने दर्शकों के साथ अपनी उद्यमशीलता की कहानी को साझा किया।

अन्य एक समारोह में, मूलधन निवेशकों के समक्ष छात्रों को अपने विचारों को व्यक्त करने का मौका दिया। इस अवसर पर 34 छात्रों ने अपने विचार रखे। आईआईएमैवरिक्स कार्यक्रम तथा सीआईआईई परिचयात्मक सत्र पर सूचना सत्र का आयोजन किया गया।

समुदाय तक पहुँच कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, क्लब ने मदर केयर नामक स्टार्टअप के साथ काम करते हुए एक सामाजिक रूप से उपयोगी उत्पाद विकसित किया। इस वेबसाइट की संचालनता तथा एप्लिकेशन को बाजार में अधिक आकर्षण हासिल करने के लिए सुधारा गया।

प्रमुख बी-प्लान प्रतियोगिता, मास्टरप्लान को फिर से बड़ी सफलता मिली और देश भर से करीब 100 कॉलेजों से 350 टीमों ने भाग लिया। फरिश्ते निवेशक सुनील निखार तथा मनीष भंडारी इस समारोह के निर्णायक रहे। यह वर्ष आईआईएमएमैवरिक्स के बड़े आयोजन के आकर्षण के साथ समाप्त हुआ, इसमें सीआईआईई ने संयुक्त रूप से उभरते उद्यमियों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम के लिए नौ छात्र टीमों का चयन किया उन्हें उद्यमिता जगत में उतरने के लिए दो वर्ष तक समर्थन जारी रहेगा।

## इक्विपोइज़

इक्विपोइज़, अर्थशास्त्र क्लब है और यह अर्थशास्त्र के क्षेत्र में रुचि रखने वालों का पोषण करने की दृष्टि से प्रेरित है।

क्लब ने सूक्ष्मअर्थशास्त्र और मैक्रोइकॉनॉमिक्स पर अनेक शैक्षिक आरईएम-रेम सत्रों का आयोजन किया। इसके अलावा, शैक्षिक सामग्री के एक ऑनलाइन भंडार को छात्र समुदाय द्वारा आसानी से उपयोग में लेने के लिए वेबसाइट पर अपलोड किया।

क्लब ने परिसर में सबसे अनोखी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में से एक : 'इक्विज़िटीव' का आयोजन किया। इस प्रश्नोत्तरी में 90 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एक सक्रिय ब्लॉग और एक अद्यतन फेसबुक पेज को परिसर में नवोदित अर्थशास्त्रियों द्वारा संभाला जा रहा है।

## विनिमय परिषद

विनिमय परिषद छात्र विनिमय कार्यक्रम के लिए विदेश से आने वाले छात्रों और संस्थान से बाहर जाने वाले छात्रों की सुविधा हेतु अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य विकसित करने के लक्ष्य में निरंतर कार्यरत रहती है।

परिषद यह सुनिश्चित करती है कि छात्र-विनिमय के लिए वांछित स्कूल में सभी छात्रों का दाखिला हो और इन स्कूलों के लिए आवेदन की प्रक्रिया (छात्रवृत्ति सहित) सुचारू रूप से चले। इसके अलावा, यह यूरेल पास, यात्रा बीमा, छात्र-कार्ड, आदि जैसी चीज़ों के लिए थोक सौदे में शामिल होकर सब कुछ का ख्याल रखता है और यहाँ तक कि विदेशी मुद्राएँ और वीजा प्राप्त करने के लिए विनिमय प्रदान करता है।

विश्व भर से अपने छात्रों के लगभग बराबर संख्या में विदेशी छात्र परिसर में आते हैं। परिषद आने वाले छात्रों को परिसर में व्यवस्थित करने में मदद करने के लिए एक दोस्त छात्र (पीजीपी) को नियुक्त करती है। ये दोस्त आने वाले छात्रों (संस्थान में आने के समय से लेकर हमारा देश छोड़ने तक) की हर तरह से देखभाल रखने में मदद में करते हैं।

परिषद का यही प्रयास रहता है कि विनिमय में आए छात्रों के अवसरों में वृद्धि की जाए। इसलिए, परिषद ने प्रति वर्ष 200 से अधिक विनिमय सीट करने के लिए इस वर्ष प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के साथ संबंध मजबूत बनाये हैं। परिषद अपने छात्रों तथा विदेशी छात्रों के बीच बहुत जरूरी सांस्कृतिक आदान-प्रदान करने के नवीनतम तरीका अपनाती है और सभी के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान करती है।

## संकाय-छात्र आपसी विचार-विमर्श प्रकोष्ठ

संकाय-छात्र आपसी विचार-विमर्श प्रकोष्ठ (इंटरेक्शन सेल) की दूरदर्शिता "एक ऐसा आईआईएमए परिसर जहाँ छात्र स्वतंत्र रूप से संकायों से बातचीत कर सकें जैसे वे आपस में करते हैं" लाना है।

पिछले वर्ष इस क्लब ने कई गतिविधियों का आयोजन किया जिससे मुलाकातें हुई। वर्ष के अंत तक दो बैचों का रात्रिभोज आयोजित किया गया, जिनमें प्रति दिन 500 से अधिक लोग शामिल हुए। अतिप्रिय संकाय सदस्यों के सम्मान में दो वीडियो भी बनाए गए। वीडियो में छात्रों के संकायों के साथ बिताये यादगार क्षणों एवं अनुभवों को रिकॉर्ड किया गया।

इस वर्ष का आकर्षण संकाय मार्गदर्शन कार्यक्रम था जिसमें 170 से अधिक छात्रों तथा 39 संकाय सदस्यों ने भाग लिया। इससे छात्रों को संकाय सदस्यों के समृद्ध अनुभव के माध्यम से पूरा मार्गदर्शन प्राप्त करने में सहायता मिली। शिक्षक दिवस समारोह पर संकाय सदस्यों तथा छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। संकाय सदस्यों के परिवार के सदस्यों ने भी इस अवसर पर प्रदर्शन किया। संकाय सदस्यों और छात्रों के लिए एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया था। एक मिश्रगीत समारोह आयोजित किया गया जिसमें अंताक्षरी, मौन शब्द-पहेली (डम्ब शेराड) तथा प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। छात्र और संकाय सदस्य एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने में एकसाथ आए। बुद्धिमत्ता की लड़ाई स्पष्ट दिखाई दे रही थी जिससे शाम पूरी तरह से मनोरंजक और मस्ती भरी हो गई थी।

## कौशल (फ़िनेस)

फ़िनेस एक ललित कला क्लब है जिसका लक्ष्य परिसर में कला के विभिन्न रूपों को बढ़ावा देना है।

## 2014-15 के कार्यक्रमों का सिंहावलोकन

- **कार्टून स्ट्रिप्स :** कार्टून स्ट्रिप्स के माध्यम से प्रथम वर्ष के छात्रों के व्यस्त कार्यक्रम में हास्य जोड़ने का प्रयास किया गया। इसमें आईआईएमए के समुदाय ने भी योगदान दिया।
- **ग्राफिती :** भोजनालय में ग्राफिती की पहल सांस्कृतिक समिति के सहयोग से की गई।
- **कैओस 2015** : कैओस-2015 के आयोजन के साथ बीते समय के साथ बड़े से बड़ा समारोह बनता जा रहा है। इन तीनों दिनों के दौरान मस्ती भरे समारोहों तथा कार्यशालाओं में फ़िनेस ने अपना योगदान दिया। इसमें राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, और भारतीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे संस्थानों से उत्साहजनक भागीदारी देखी गई। कोयला चित्रकारी कार्यशाला, स्प्रे पेंटिंग, डूडल मेकिंग, टी-शर्ट पेंटिंग, रंगोली, पेपर फैशन, टैटू डिजाइन, और ओरिगामी कार्यशाला जैसे समारोहों में छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।
- **अमेथॉन-2014 :** एक बार फिर से देश के विविध स्थानों से विशाल संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। जीएआईए : वीडियो बनाने की चुनौती, एसपीईटीटीआरओ : पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, एफ़आईओआरई : फूलों की रंगोली प्रतियोगिता, तथा चेहरा पेंट करना जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।
- **सामंजस्य समारोह :** फ़िनेस ने दिवाली से पहले रंगोली कार्यशाला, फोटोशोप कार्यशाला तथा कैलिग्राफी कार्यशाला जैसे कार्यक्रम संचालित करने में अन्य क्लबों को सहयोग दिया। फ़िनेस के सदस्यों ने गुजरात सरकार द्वारा आयोजित 'महात्मा गाँधी और सफाई' कला प्रतियोगिता में संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लिया।

## फ़ूटलूज़

फ़ूटलूज़ जो कि आधिकारिक नृत्य क्लब है जो नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन करने तथा नृत्य कौशल को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

फ़ूटलूज़ छात्रों का एक गतिशील क्लब है जो नृत्य के लिए उत्साह तथा प्यार साझा करता है।

यह क्लब वर्ष भर सक्रिय रहता है। यह क्लब समारोहों के आयोजनों तथा विभिन्न प्रकार के नृत्य प्रदर्शनों में शामिल रहता है।

जिन समारोहों में फ़ूटलूज़ प्रदर्शन करता है वे हैं : स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, और संस्थान दिवस। फ़ूटलूज़ विभिन्न प्रकार की नृत्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर गर्व महसूस कराता है। यह बिग बैंग जैसे स्वयं को साबित करने वाले समारोह का भी आयोजन करता है  नवागंतुक छात्रों के लिए स्वागत समारोह तथा डान्स नाइट जो कि शैक्षणिक वर्ष के आरंभ व समापन के प्रमुख नृत्य समारोह हैं।

फ़ूटलूज़ क्लब मयूर डान्स अकेडमी के सहयोग में साल्सा, टैंगो तथा बॉलीवुड के नृत्य प्रकारों की कार्यशालाओं के आयोजन की मेजबानी करता है। इसके अतिरिक्त, इस क्लब ने आईआईएमए समुदाय के बच्चों के लिए एक विशेष नृत्य प्रशिक्षण-सह-प्रदर्शन कार्यशाला का भी आयोजन किया।

## उद्योग सहभागिता मंच

उद्योग सहभागिता मंच (एफआईआई) आईएसओ 9001-2008 प्रमाणित छात्र परामर्श निकाय है। एफआईआई ने अपने अस्तित्व के कई वर्षों से छात्रों तथा निगमों, सरकार, गैर सरकारी संगठनों, और स्टार्ट-अप के बीच सफल भागीदारा की है। एफआईआई ने लगातार उद्योगों और कंपनियों के लिए व्यावसायकि कार्यों में प्रभावी तथा व्यावहारिक समाधान दिया है।

यह वर्ष एफआईआई के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय तथा घरेलू कंपनियों जैसे कि अमेज़न, फ़िनआईक्यू, सेंट गोबिन, अदानी, तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के साथ सेवा दे रही टीमों के लिए अभूतपूर्व रहा। इससे

नवोदित प्रबंधकों की एक बड़ी संख्या के लिए न केवल जीवंत परामर्शन कार्यों पर काम करने के अवसर प्रदान हुए बल्कि यह भी सुनिश्चित हुआ कि उपयोगिता स्तर सही-सलामत रहा।

परिसर के बाहर अपना प्रदर्शन अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए एफआईआई की मुख्य टीम द्वारा कई नई पहलें शुरू की गई। टीम के कुछ सदस्यों ने उद्योग के पेशेवरों के साथ बातचीत करने तथा एफआईआई की ब्रांड को बढ़ावा देने के लिए वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन 2015 का दौरा किया। एफआईआई ने अपनी मुख्य टीम में पीजीपीएक्स बैच के प्रतिनिधियों को शामिल किया। छात्र टीमों के लिए पीजीपीएक्स सदस्यता संस्थागत कर दिया गया है। आईएसओ 9001:2008 प्रमाणन की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक 17 फरवरी, 2015 को पूरा कर लिया गया। एफआईआई की वेबसाइट www.iimafii.org का पुनरोत्थान किया गया है।

उत्कृष्ट टीमों को पुरस्कृत करने के लिए, 27 जनवरी, 2015 को एक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार संरचना को इस वर्ष बदला गया। ग्राहक तथा संकाय से प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर प्रत्येक सफल टीम को श्रेणी ए, बी, और सी में वर्गीकृत किया गया। श्रेणी ए में पुरस्कृत टीम को 60,000/- रुपए, श्रेणी बी की टीम को 30,000/- रुपये तथा श्रेणी सी में पुरस्कृत टीम को 20,000/- रुपये का पुरस्कार दिया गया।

## जेनेसिस

जेनेसिस प्रौद्योगिकी की उभरते रूझानों के प्रति प्रदर्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखता है। भविष्य के प्रबंधकों तथा उद्योग के बीच एक मंच के रूप में यह कार्य करता है; जेनेसिस प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विभिन्न कैरियर विकल्पों से प्रतिभागियों को परिचित कराता है। जेनेसिस प्रतिभागियों की सहायता करने तथा कैरियर के अवसरों के बारे में अंतर्दृष्टि पाने हेतु आईटी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों की प्रमुख हस्तियों के साथ वार्ता सत्रों का आयोजन करता है। इस वर्ष, जेनेसिस ने प्रौद्योगिकी तथा ई-कॉमर्स के क्षेत्र में उत्पाद प्रबंधन भूमिकाओं के लिए छात्रों को तैयार करने में सहायता हेतु एक समर्पित उत्पाद प्रबंधन सेल शुरू किया। यह क्लब प्रौद्योगिकी संबंधित क्षेत्र विश्लेषण तैयार करने तथा बनाए रखने में स्थानन समिति का भी समर्थन कर रहा है।

यह क्लब प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विभिन्न तकनीकी अद्यतन तथा मौजूदा रुझान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक प्रौद्योगिकी ब्लॉग चलाता है। जेनेसिस ने अपने सामाजिक आउटरीच कार्यक्रम के हिस्से के रूप में प्रयास के बच्चों के लिए एक कंप्यूटर साक्षरता सत्र तथा एक मजेदार प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। पिछले वर्ष अमेथॉन के साथ-साथ क्लब ने नवीनतम कृषि तकनीकों के बारे में एक आईसीटी पैनल चर्चा का आयोजन किया।

## सामान्य प्रबंधन एवं नेतृत्व प्रकोष्ठ (जीएमएलसी)

जीएमएलसी, सामान्य प्रबंधन एवं नेतृत्व प्रकोष्ठ, व्यापार के नेतृत्व के बारे में भावुक छात्रों का एक समुदाय है। यह प्रकोष्ठ तीन क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम करता है :

- सामान्य प्रबंधन से संबंधित कैरियर में सहायता प्रदान करना : जीएमएलसी छात्रों में कैरियर के विकल्प के रूप में सामान्य प्रबंधन को बढ़ावा देता है और साथ ही साथ सामान्य प्रबंधन नियोक्ताओं के बीच में संस्थान की उपस्थिति में सुधार होगा।
- नेटवर्किंग अवसर उपलब्ध कराना : जीएमएलसी परिसर के बाहर व भीतर नेटवर्किंग के अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में काम करता है। इसमें छात्रों के बीच नेटवर्किंग घटनाएँ तथा विभिन्न उद्योग के अग्रणियों के साथ नेटवर्किंग समारोह शामिल हैं।
- उद्योग तथा व्यापार जगत के अग्रणियों को शामिल करना : जीएमएलसी, व्यापार के लिए उद्योगों के दौरों का आयोजन तथा व्यापार और कंपनियों की कॉर्पोरेट रणनीति की एक समग्र समझ प्रदान करने

के लिए, व्यापार जगत के अग्रणियों के साथ सत्रों का आयोजन करता है।

अन्य गतिविधियों में परिसर पर वक्ता श्रृंखला आयोजित करना, रणनीति केस प्रतियोगिताएँ आयोजित करना, और एक 'शैडो ए सीएक्सओ' कार्यक्रम शामिल हैं।

## हेरिटेज क्लब

आईआईएमए समुदाय को संस्कृति और विरासत की भूमि के करीब लाने में हेरिटेज क्लब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। क्लब उसी उत्साह के साथ, कला के प्रकारों, खानों, त्योहारों, और पुरातात्विक स्थलों की यात्राओं का आयोजन करता है।

वर्ष भर में लगभग 35 हैरिटेज भ्रमण यात्राएँ आयोजित की गई। इसमें आईआईएमए समुदाय, पूर्वछात्र, विनिमय कार्यक्रम पर आए विदेशी छात्र, विदेश से आए प्रतिनिधिमंडल, और कई अन्य लोग शामिल थे। रथयात्रा तथा इफ्तार पर विशेष भ्रमण यात्राएँ रखी गई और इन विशेष जुलूसों के संदर्भ में फोटोग्राफी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। पाटन रानी-की-वाव, मोढेरा सूर्य मंदिर, और सांस्कृतिक महत्व के अन्य स्थानों की, तथा पोलो वन के लिए यात्राओं का आयोजन किया गया।

स्थानीय तथा प्रसिद्ध दोनों तरह के कलाकारों को आमंत्रित करके शो आयोजित किए गए। कला प्रदर्शन में ओडिसी नृत्य प्रदर्शन, दास्तां-ए-चौबोली, ग़ज़ल, सूफी संगीत, सुगम संगीत, गुजराती लोक संगीत समारोह तथा ऐसे ही अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गए। विपणन सम्मेलन इनसाइट के सिलसिले में गरबा सहित विशेष प्रदर्शन आयोजित किए गए।

यह क्लब कल्टकॉम के सहयोग में आयोजित फूड फेस्टिवल के हिस्से के रूप में परिसर में भटियारों (स्थानीय खाद्य) को लेकर आया। यह क्लब भोजन और उत्पाद प्राप्त करने के लिए रेस्तरां, हस्तकला उत्पादों, कपड़े की दुकानों को एक साथ लाने में सफल रहा।

क्लब ने कला के प्रकारों, मौसमी त्यौहारों, खाद्य पदार्थों, यात्राओं, और फोटोग्राफी को शामिल करते हुए कई मासिक प्रकाशित किये हैं। यह क्लब गुजरात की खुशबू को फैलाने का प्रयास कर रहा है।

## आईआईएमैक्ट्स

आईआईएमऐक्ट्स ने (आईआईएम अहमदाबाद नाट्य सांस्कृतिक एवं नाट्य सोसायटी) 'द प्रेसिडेंट इज़ कमिंग' नाटक के साथ शुरूआत की। इस नाटक में पूरी तरह से अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोग और उनमें से प्रत्येक अमेरिकी राष्ट्रपति से मिलने के लिए किस हद तक गिर सकता है ऐसा निरूपण किया गया था।

उसके बाद, इस क्लब ने जीवनसाथी की खोज से संबंधित संघर्ष में क्या-क्या बीता तथा जीवनसाथी बनने के बाद कैसे ब्रेक-अप होता है उस पर एक नाटक 'प्लीज़ चेक' प्रस्तुत किया। इस नाटक ने पूरी तरह से अलग व्यक्तित्वों से सामना होने पर अनुकूलता के मुद्दों पर एक उल्लसित माहौल दिया।

इसके बाद 'भागते रहो' शीर्षक से नाटक प्रदर्शित किया गया जिसमें स्थानन के महत्व पर सवाल उठाया गया था। इस नाटक में छात्रों को अपने प्रिय प्रोफेसरों के साथ प्रदर्शन करने का अवसर मिला और इनसे अभिनय के बारे में कुछ बातें जानने को मिली।

इसी बीच, आईआईएमऐक्ट्स ने कुछ लघु फिल्मों का प्रसारण किया जो कॉमेडी से लेकर सामाजिक रूप से प्रासंगिक मुद्दों पर थी। पहली थी जोहरी विंडो, जो आगंतुकों के संदर्भ में प्रसिद्ध हिंदी फिल्म चुपके-चुपके के एक प्रकरण की पुनर्कृति थी। दूसरी लघु फिल्म थी, स्पीक अप, जो महिलाओं की सुरक्षा के बारे में निरुपित थी।

अक्टूबर में, आईआईएमऐक्ट्स "जिस लाहौर नई वेख्या.. ओ जन्म्या ही नई" के साथ लौटा। इस नाटक में भारत के विभाजन के समय का निरूपण करते हुए मानवता, भावनाओं तथा दुःखों को दर्शाया गया था। इन नाटकों को सभी ने काफी सराहा, और इसने राष्ट्रीय थिएटर महोत्सव, "थेस्पो" में प्रदर्शन करने के लिए आईआईएमऐक्ट्स टीम को प्रेरित किया।

इस टीम ने सांस्कृतिक नाइट प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान एक अंग्रेज़ी लघु नाटक द जॉय ऑफ़ गिविंग वीक का शानदार प्रदर्शन किया। इस टीम ने एमडीपी प्रतिभागियों का भी अपने कार्यक्रम के अंत में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने के लिए मार्गदर्शन किया। राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के अवसर पर इस टीम ने एक छोटा नुक्कड़ नाटक रजनीश प्रस्तुत किया। इस नुक्कड़ नाटक में धर्म, क्षेत्र और जाति से संबंधित मुद्दों के एक प्रकार को दर्शाया गया।

समुदाय तक पहुँच बनाने के कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, आईआईएमऐक्ट्स ने - "शिक्षा मेरा अधिकार" नुक्कड़ नाटक का अहमदाबाद के छह अलग-अलग स्थानों पर मंचन किया। इस नाटक का उद्देश्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के बारे में आम जनता को परिचित कराना था।

नए छात्रों का वर्ष का पहला नुक्कड़ नाटक 'राम तेरी दुनिया मैली' था जिसमें 'सफाई अभियान' की असंवेदनशीलता के बारे में बताया गया था जो कि आज पूरे देश में चारों तरफ एक सनक बन गया है। इस नाटक में शरीर और मन की साफ-सफाई से संबंधित गहरे विषयों को भी समाहित किया गया था और इसे अमेथॉन के दौरान परिसर में प्रदर्शित किया गया, इसके अलावा ब्लीट्क्रॉन तथा कैओस के दौरान आईआईटी-गाँधीनगर में प्रदर्शित किया गया।

इस वर्ष का समापन "स्लीप इन टाइम" नामक एक हत्या के रहस्य को उजागर करने वाले नाटक के साथ हुआ। यह नाटक शैली की विशिष्टता को लेकर समीक्षाओं को जुटाने में कामयाब रहा।

## इनसाइट, वार्षिक विपणन सम्मेलन

सन् 1986 में शुरू हुआ इनसाइट संस्थान का सबसे पुराना महोत्सव है। आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला देश में यह पांचवाँ महोत्सव बन गया है। मूल रूप से इसकी कल्पना विपणन अनुसंधान महोत्सव के रूप में की गई थी जहाँ छात्र विपणन अनुसंधान कर सकें, जो अब विपणन सम्मेलन में तब्दील हो गया है और देश भर से आए छात्रों के लिए विपणन प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है, देश में श्रेष्ठ वक्तव्य सत्र आयोजित करता है, और विपणन उत्साहियों के लिए कार्यशालाएँ और अनूठा ग्रेट अहमदाबाद मेले का भी आयोजन करता है जो कि प्रच्छन्न विपणन अनुसंधान के लिए एक मंच है।

ग्रेट अहमदाबाद मेला बेहद सफल रहा था। इसमें सभी आयु वर्ग के 8000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसमें 500 से अधिक बच्चों ने ड्राइंग, आशुभाषण, और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। आगंतुकों ने पूरी तरह से उत्सव का आनंद लिया, वहीं परियोजना टीमों ने उपभोक्ता प्रतिक्रिया पाने के लिए दिलचस्प खेल तैयार किए थे।

इस वर्ष इनसाइट के आयोजन में 'आदर्श' तथा 'सिनेमार्क' (फिल्म विपणन) और 'स्टार मैनेजर' (स्पोर्ट्स मार्केटिंग) जैसे नए विपणन कार्यक्रमों के साथ नई ऊंचाई हासिल की गई, जो सात विभिन्न विपणन प्रतियोगिताओं में से हैं। बिक्री व विपणन अनुसंधान कार्यक्रम आदर्श का आयोजन गैर सरकारी संगठनों (सृष्टि और अंधजन मंडल संघ) की मदद करने के लिए किया गया था जिसकी अवधारणा समुदाय तक पहुँच बनाने की पहल के साथ योगदान करने की थी।

इस कार्यक्रम में लोव लिंटास (विज्ञापन), सोशल बीट (डिजिटल विपणन), और आईपीएसओएस (बाजार अनुसंधान) जैसी स्थापित कंपनियों की कार्यशालाएँ आयोजित की गई। आईआईएम उदयपुर, आईआईएम त्रिची, एफएमएस, एसआरसीसी, बिट्स पिलानी, जैसे शीर्ष बिजनेस स्कूलों और स्नातक कॉलेजों से लगभग 1000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

रमेश श्रीवत्स-एमडी व सीईओ, टेनटेनटेन डिजिटल उत्पाद तथा ट्विटर सेलिब्रिटी; अशोक लल्ला – विपणन के वैश्विक डिजिटल प्रमुख, इन्फोसिस; हरीश बिजूर-सीईओ, बिजूर कंसल्ट्स; और पूर्वी सेठ-सीईओ, शिल्पुत्सी कंसल्टेंट्स जैसे वक्ताओं ने वक्ता श्रृंखला में भाग लिया।

## साहित्य संगोष्ठी डेस्क

साहित्य संगोष्ठी डेस्क (एलएसडी) छात्रों का साहित्यिक क्लब है। इसमें तीन प्रकोष्ठ हैं - क्विजिंग, डिबेटिंग, और साहित्यिक इनके माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ  आयोजित की जाती हैं।

एलएसडी शहर भर से बड़ी संख्या में केम्पस पर भीड़ जुटाता है ओर प्रश्नोत्तरी क्लब के नियमित सत्रों की मेजबानी करता है। हर वर्ष, एलएसडी निहिलान्त जो कि अंतर-आईआईटी-आईआईएम क्विज़िंग महोत्सव है उसका प्रतिनिधित्व करके सुविधा प्रदान करता है। इसमें महाक्विज़र, एशियास्वीप, क्यूओटीबी, ओएसिस लोन वुल्फ, ब्रेनबस्टर्स, और अन्य कई लोकप्रिय क्विज़ों का परिसर में आयोजन किया जाता है।

केओस के हिस्से के रूप में पिछले वर्ष नेशनल डीबेट की सफलता के बाद डीबेट को एक नए स्तर पर ले जाने की योजना बनाई जा रही है। एलएसडी प्रतिष्ठित छात्र संकाय डीबेट का भी आयोजन करता है।

एलएसडी केओस, कॉन्फ्लुअन्स, इनसाइट, तथा अमेथोन पर साहित्यिक समारोहों के संचालन में मदद करता है। ये साहित्यिक समारोह अहमदाबाद में साहित्य, क्विज़िंग, तथा बहस की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। एलएसडी दो लिट वीक (साहित्य सप्ताह) – नवागंतुक छात्र लिट वीक तथा अंतर-अनुभाग लिट वीक के आयोजन की मेजबानी करता है। पहला समारोह प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए है जो उन्हें घर जैसा महसूस कराने के लिए है और साहित्यिक गतिविधियों से परिचित कराने के लिए है। दूसरा कार्यक्रम कक्षाओं के बीच एक दोस्ताना प्रतिद्वंद्विता श्रृंखला के रूप में आयोजित किया जाता है।

## मैड (एमएडी) क्लब

मैड अर्थात् मूवी क्लब, सामूहिक मीडिया प्रावेदन मनोरंजन का स्रोत है। यह क्लब समकालीन सिनेमा के बारे में सार्वजनिक बहस को समन्वित करते हुए फ़िल्म रसिकों की क्षुधा तृप्ति के लिए फ़िल्म तथा दस्तावेजी चलचित्रों का प्रसारण तथा कार्यशालाओं, फिल्मी एवं टी.वी. प्रश्नोत्तरी का आयोजन करता है।

क्लब ने भारतीय समाज में महिलाओं की भूमिका पर आधारित फिल्म द वर्ल्ड बिफोर हर का प्रसारण निर्देशक सुश्री निशा कुमारी पाहुजा के साथ एक खुली चर्चा के बाद किया। सार्वजनिक नीति क्लब के सहयोग से, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता वृत्तचित्र कटियाबाज की स्क्रीनिंग इसके सह-लेखक एवं सह-निर्देशक फहद मुस्तफा के साथ एक बातचीत के बाद किया गया। क्लब ने हास्य अभिनेता, गायक तथा लोकप्रिय अभिनेता वीर दास के साथ एक सत्र का भी आयोजन किया।

क्लब ने आईआईएमए समुदाय के लिए नियमित फिल्म प्रसारण के अलावा, ऑफ़लाइन तथा फेसबुक पेज पर एक मूवी प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया और एक ऑस्कर पूर्वानुमान इवेंट  भी आयोजित किया। इस क्लब ने समुदाय तक पहुँचने के कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आईआईएमऐक्ट्स के नुक्कड़ नाटक का फ़िल्मांकन किया जिसमें आईआईएमए समुदाय के हिस्से के रूप में छात्र क्लबों के प्रयासों को दर्शाया गया।

## मीडिया कक्ष

मीडिया कक्ष, छात्रों तथा मीडिया के बीच संबंध स्थापित करता है। सभी छात्र मीडिया कक्ष के माध्यम से संपर्क में रहते हैं। यह क्लब सोशल मीडिया पर संस्थान के प्रशासन के साथ मिलकर बौद्धिक संपत्ति का प्रबंधन करने में कार्यरत रहता है। नए छात्रों के लिए यह पहला संपर्क सूत्र है और हर वर्ष एक स्वागत ब्रोशर तथा स्वागत वीडियो के माध्यम से परिसर में अपने परिचय की सुविधा उपलब्ध कराता है। यह क्लब छात्र समुदाय के लिए विजिटिंग कार्ड प्रिंट भी करता है।

प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से, यह कक्ष परिसर में छात्र संघों की ओर से सामग्री और जानकारी के सक्रिय प्रसार की सुविधा उपलब्ध कराता है। अन्य गतिविधियों में बजट जैसे मुद्दों पर छात्रों के साथ बातचीत के लिए मीडिया अनुरोधों का जवाब देने में क्लब शामिल रहता है।

परिसर में स्वतंत्र रूप से टीईडी-टेड समारोह आयोजित करने के लिए इस कक्ष ने टेडएक्स -आईआईएमअहमदाबाद की स्थापना में भी सहायता की।

एक सक्रिय आंतरिक ब्लॉग के माध्यम से, यह कक्ष आमजन से जुड़े मुद्दों पर पूरे आईआईएमए समुदाय के भाग लेने और बहस के लिए एक विचार मंच बनाने पर विचार कर रहा है। छात्र समुदाय द्वारा तैयार की गई समृद्ध सामग्री – अनुसंधान, राय या साहित्यिक – पत्रकारिता के विषय य इन सभी को समाहित करके छात्र सामग्री को बढ़ावा देने के लिए गृह पत्रिका के प्रकाशन की योजना बना रहा है।

## मार्गदर्शन प्रकोष्ठ

मार्गदर्शन प्रकोष्ट का उद्देश्य छात्रों को परिसर में अत्यधिक व्यस्त दिनचर्या में रहने के लिए अनुकूलित एवं समाजित होने में सहायता करना है। मार्गदर्शन कार्यक्रम आगंतुक बैच के छात्रों को तथा उस समय के सीनियर बैच के छात्रों के बीच सहज एकीकरण करते हुए संस्थान व्यवस्था के बारे अंतर्क्रिया करने का मंच प्रदान करता है।

इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, प्रवेश परिणामों की घोषणा के 15 दिनों के भीतर ही सभी प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए मार्गदर्शनकर्ताओं को नामित किया गया। पिछले वर्ष बनाई योजना के अनुसार, प्राथमिक तथा माध्यमिक मार्गदर्शकों को पीजीपी-एबीएम के परामर्श प्राप्त कर्ताओं के लिए आवंटित किया गया। मार्गदर्शकों को शैक्षिक पृष्ठभूमि के आधार पर और प्रत्येक के हितों के आधार पर प्रोफ़ाइल मिलान के माध्यम से आवंटित किया गया। इससे यही सुनिश्चित नहीं हुआ कि छात्रों के पास वे मार्गदर्शक थे जिनके पास उनके सभी प्रश्नों के उत्तर थे बल्कि यह भी कि वे बहुत जल्दी से उत्तर पा रहे थे।

स्थानन की तैयारी के लिए, सीवी तैयार करने, जीडी (समूह चर्चा) दिशा निर्देशों, तथा साक्षात्कार के सुझावों के लिए कई कार्यशालाएँ आयोजित की गई। रॉय एडिंग्टन एंड एसोसिएट्स से विशेषज्ञों को साक्षात्कार की तैयारी के एक घंटे के सत्र के लिए आमंत्रित किया गया। इस टीम ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, अहमदाबाद क्षेत्र के निदेशक के एक सत्र का आयोजन किया जिसमें छात्रों को ड्रग्स के प्रयोग से होने वाले बुरे प्रभावों के बारे में सूचित किया गया। विनिमय परिषद के सहयोग में प्रथम वर्ष के छात्रों को छात्र विनिमय कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य से अवगत कराने के लिए एक जानकारी पूर्ण सत्र का आयोजन किया गया और यदि इसमें शामिल नहीं हुए हों तो उन्हें गतिविधियों की जानकारी दी गई।

## भोजनालय समिति

परिसर में स्थित खाने की दुकानें सुबह 8:00 बजे से लेकर रात्रि के 4 बजे तक छात्रों और आईआईएमए समुदाय की तमन्ना पूरी करने के लिए हमेशा हाजिर हैं।

पिछले वर्ष में, भोजन की समग्र गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किए गए हैं। हालाँकि सुधार की हमेशा गुंजाइश रहती ही है, अब तक इसमें बहुत कुछ शामिल किया गया है।

अंततः, अथक रूप से काम करने वाले भोजनालय कर्मियों का शुक्रिया अदा करने का समय है। इनमें से कुछ इस तरह हैं । सबसे पहले पटेल चाचा, जो सुबह, दोपहर और शाम को हर समय भोजनालय में हाजिर रहते हैं। ये सन् 1974 से भोजनालय में काम कर रहे हैं। उसके बाद, वहाँ पर कुशाल राठौर हैं, जो हमेशा काउंटर पर होते हैं। ये पिछले आठ वर्षों से यहाँ पर्यवेक्षक हैं, और इन्होंने यहाँ कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। यहाँ सुरेंद्र चौहान, सी.टी. पर्यवेक्षक हैं। इन्होंने एक विनम्र हाउसकीपिंग स्टाफ के रूप में

यहाँ पर काम शुरू किया था और अपनी समर्पित सेवा के माध्यम से इस पद तक पहुँचे हैं। ये और ऐसे अन्य अनगिनत लोग यह सुनिश्चित करते हैं कि पर्दे के पीछे सभी काम हमेशा सुचारू रूप से चलते रहें।

## संगीत क्लब

संगीत क्लब सबसे प्यारे और सबसे सक्रिय मंडलों में से एक है। पिछले वर्षों में इस क्लब ने शैलियों और सभी भाषाओं के परिसर में भाईचारे के लिए कई यादगार शो किए हैं।

इस संगीत क्लब ने सन् 2014-15 में नए छात्रों के स्वागत के रूप में पुराने छात्रों के द्वारा रवि मथाई सभागार में खचाखच भरे श्रोतागणों की सराहना से आगाज़ के प्रदर्शन की शुरूआत की। इस शो में बॉलीवुड से लेकर शास्त्रीय, समकालीन से लेकर पुराने संगीत ने काफी भीड़ जुटाई, जिसमें कुछ सुनहरी यादें इसकी शोभा थी। इसके बाद नए छात्रों की बारी थी, जिसमें सी.टी. में एक संगीत संध्या हाई होप आयोजित की गई। विनिमय के पुराने छात्रों को अलविदा कहने के साथ परिसर पर विदाई समारोह यूफोनी का आयोजन हुआ जिसे काफी सराहना मिली। कल्टकॉम तथा अंधजन मंडल के संरक्षण में एक समुदाय तक पहुँचने के कार्यक्रम के तहत प्रयास के बच्चों के लिए निधि जुटाने के लिए जॉय ऑफ़ गिविंग के साथ संगीत क्लब ने विशेषाधिकार से वंचितों के लिए संगीत प्रस्तुत करके खुशियाँ बाँटी। इस क्लब ने पूर्वछात्रों के पुनर्मिलन समारोह, शिक्षक दिवस, संस्थान दिवस, और स्वतंत्रता दिवस पर भी विशेष समारोहों में प्रदर्शन किया।

संगीत क्लब के सदस्यों ने केओस-2015 की उद्घाटन संध्या को गर्मजोशी से भर दिया। अमेथोन की उद्घाटन संध्या में भी क्लब ने प्रदर्शन किया था। अंतिम समारोह रेट्रो नाइट@सी.टी. अतीत के लिए लालायित चलती-फिरती श्रृंखला थी। छात्रावास-5 के तहखाने में, क्लब के एक छात्र ने पहल की जिसे पिछले वर्ष सोशल मीडिया के जरिये पर्याप्त लोकप्रियता मिली और आगे एक धर्मार्थ कार्यक्रम का आयोजन रवि मथाई सभागार में किया गया।

## निशे : विपणन क्लब

इस संस्थान को विपणन का मक्का क्यों कहा जाता है यह इस क्लब ने एक बार फिर से साबित कर दिया। निशे ने इस वर्ष प्रारंभ के साथ शुरूआत की जो कि प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ब्रांड प्रश्नोत्तरी है। कैरियर्स इन मार्केटिंग पर वार्ता का आयोजन करके निशे ने उत्साह बनाए रखा। इसके बाद वर्ष भर कई वक्ता सत्र छाए रहे। सेन्सोडाइन द्वारा आयोजित 'ब्रांड रणनीति' पर सत्र में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। वर्ष भर निशे ने अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस क्लब ने विज्ञापन निर्माण व विज्ञापन रणनीति समारोह 'एड्-मेनिया (विज्ञापन-उन्माद)' के आयोजन के लिए इनसाइट के साथ भागीदारी की जिसने देश भर के कॉलेजों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों को आकर्षित किया। इस क्लब ने कॉन्फ्लुअन्स के साथ भी भागीदारी की और 'बीयोन्ड द केस' का आयोजन किया। इसने प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए एक केस अध्ययन प्रतिस्पर्धा और तीन-दिवसीय अंतर-कक्षा विपणन मैराथन समारोह आयोजित किया।

निशे ने ग्रीष्मकालीन व अंतिम स्थानन के लिए छात्रों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई थी। जनवरी 2015 में अंतर्राष्ट्रीय विपणन सम्मेलन के आयोजन में निशे अपनी निर्णायक समर्थक भूमिका से छाया रहा। निशे ने रसद, प्रचार, और आतिथ्य को संभाला।

इस वर्ष निशे अपने अस्तित्व की 30वीं वर्षगांठ मना रहा है। सभी समारोहों में शामिल हुई भीड़ इस क्लब की गतिशीलता व संस्थान के सबसे पुराने क्लब की मजबूती का प्रमाण है, जिसका हर वर्ष मजबूत होना जारी है।

## ऑप्टिमा

ऑप्टिमा संचालन क्लब है, जिसकी संचालन के क्षेत्र में जागरूकता, ज्ञान, और कुशाग्र बुद्धि में सुधार करने के लिए अक्टूबर 2013 में कल्पना की गई थी।

ऑप्टिमा का पहला समारोह 'ऑपमेनिया' था, जो प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए परिचालन प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम था। ज्ञान डेटाबेस को एक स्वतंत्र वेबसाइट, एक संचालन ब्लॉग, एक फेसबुक पेज, और इंट्रा-टीम रिपोजिटरी जैसे संसाधनों से अद्यतन किया गया था। फेसबुक पेज को समाचार लेखों, संचालन अवधारणाओं, तथा दिलचस्प वीडियो के साथ नियमित रूप से अद्यतन किया गया। इस वर्ष इसने 1000 पसंदगियों (लाइकों) के मील के पत्थर को छुआ। इस क्लब ने सभी आईआईएमों की संचालन पत्रिका ऑप्सवर्ल्ड में भी योगदान दिया।

स्थानन की तैयारी के लिए, ऑपरेशन्स एक्सप्रेस की शुरूआत की गई, जिसमें ग्रीष्मकालीन स्थानन के लिए संचालन खबरों से संबंधित डेली मेलर, तकनीकी शब्दों की स्पष्टता तथा अवधारणाओं को शामिल किया गया। छात्रों को कंपनी प्रोफाइल तथा तैयारी फ़ोल्डर भी दिए गए।

ओप्टिमा ने कॉन्फ्लुअन्स में दो समारोहों का आयोजन किया : केस प्रतिस्पर्धा ऑपस्ट्रक्ट, और अनुकार समारोह ओप्सनीति। भंडारण पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

ऑप्टिमा भविष्य में सभी आईआईएमों के बीच स्वयं को संचालन केंद्र के रूप में स्थापित करने का इरादा रखता है।

**पैनेसिया**

पैनेसिया स्वास्थ्य देखभाल क्लब है, जो वर्ष में दो बार रक्तदान शिविरों के जरिये जरूरतमंदों को सहायता करते हुए आईआईएमए समुदाय के लाभ के लिए गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहता है। पैनेसिया ऊभरते रूझानों, समाचारों, तथा स्वास्थ्य देखभाल व फार्मा क्षेत्र में हुए अद्यतनों का लगातार अनुसरण करता है और न्यूज़लेटर के जरिये प्रचारित करता है। इस न्यूज़लेटर के अलावा डेंगू, मलेरिया, डायरिया, और कुत्ते के काटने जैसे कई सामान्य रोगों के चिह्न, लक्षण, उपचार तथा रोकथाम के उपायों से संबंधित जानकारी ई-मेल के माध्यम से पहुँचाता है।

जून में, पैनेसिया ने इसी महीने में नए दाखिला प्राप्त छात्रों के लिए हेपेटाइटिस-ए के टीके की व्यवस्था की। क्लब ने बरसात के मौसम के दौरान फैलने वाले रोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए।

पैनेसिया ने जरूरतमंद कैंसर रोगियों के लिए गुजरात कैंसर अनुसंधान संस्थान की मदद से संस्थान में दो रक्तदान शिविरों का आयोजन किया।

सार्वजनिक नीति क्लब के सहयोग से पैनेसिया ने "आपके पास जो है उसका क्या मूल्य है, आप जो हैं वह कितना महत्व रखता है" विषय पर एक फील गुड सत्र का आयोजन किया।

जनवरी में पैनेसिया ने छात्रों तथा प्रयास के बच्चों के लिए एक दंत जाँच शिविर का आयोजन किया। फरवरी और मार्च में पैनेसिया ने पैनेसिया न्यूज़लेटर प्रकाशित किया, जिसमें पेटेंटिंग, तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, काम जीवन में संतुलन, और संचार, तथा अनूठे खाद्य पदार्थों के बारे में रोचक जानकारी पर लेख शामिल थे।

स्वाइन फ्लू महामारी के खिलाफ आवश्यक सावधानी बरतने के लिए, प्रतिरक्षा बढ़ाने के लिए दवाएँ दिलाई गई और मास्क वितरित किए गए।

## प्रकृति

प्रकृति, भावुक प्रकृति प्रेमियों का एक क्लब है। थोल झील के लिए एक यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने सूर्योदय, वनस्पतियों और जीवसृष्टि को निहारा।

क्लब ने कपड़े एकत्रीकरण करने का अभियान चलाया। ये कपड़े परिसर के पास गैर सरकारी संगठनों में बच्चों को दिए गए। इस क्लब ने जागरूकता बढ़ाने के लिए और ई-कचरा एकत्र करने के लिए सेवा के साथ सहयोग में एक ई-कचरा एकत्रीकरण ड्राइव का आयोजन किया।

कश्मीर बाढ़ राहत के लिए एक संग्रह ड्राइव का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान का समर्थन करने के लिए परिसर के आसपास सफाई करने के लिए स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

प्रकृति ने जानवरों और पक्षियों को उनके प्राकृतिक निवास में निहारने के लिए पोलो वन यात्रा का आयोजन किया। परिप्रेक्ष्य के सहयोग से प्रकृति ने जनवरी में नलसरोवर पक्षी अभयारण्य की यात्रा का आयोजन किया जिसे अद्‌भुत प्रतिक्रिया मिली।

स्थिरता और व्यापार पर एक वक्ता सत्र का आयोजन किया गया जिसमें करीब 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रकृति द्वारा होली का उत्सव प्राकृतिक रंगों के साथ मनाया गया।

## प्रयास

प्रयास संस्थान की एक ऐसी सामाजिक पहल है जिससे आसपास रहने वाले समुदायों तक पहुँच बनती है। प्रयास का उद्देश्य परिसर के आसपास रहने वाले गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। वर्तमान में 91 बच्चों को समर्थन किया जा रहा है और उनकी शिक्षा से संबंधित सभी खर्चों को क्लब द्वारा पूरा किया जाता है।

प्रयास द्वारा एक पहल शुरू की गई जिसमें छात्रों ने अपना जन्मदिवस प्रयास के बच्चों के साथ साझा करने की सोच रखी। इसमें उस विशेष माह में सभी बच्चों के जन्मदिन महीने के अंत में उन छात्रों की तरफ से उनके साथ मनाया गया, जिनका जन्मदिन उसी महीने में आता हो।

प्रयास ने रक्षाबंधन त्यौहार के साथ बड़े भाई-बहन संरक्षक कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक बच्चे के लिए एक संरक्षक नियुक्त किया गया जो साल भर उनके बड़े भाई या बहन की तरह उनकी देखभाल करेगा।

अन्य क्लबों की सहायता से कुछ पहलों की शुरूआत की गई जैसे कि, रविवार को विनिमय कार्यक्रम के छात्रों की मदद से प्रयास के बच्चों को फुटबॉल कोचिंग, फिनेस की मदद से कला, ड्राइंग तथा पेंटिंग प्रतियोगिता, फूटलूज़ व प्रयास के सदस्यों की मदद से नृत्य कक्षाएँ, इलोकन्स टीम की तरफ से अंग्रेजी कक्षाएँ, छात्रों की मदद से गणित व विज्ञान के कक्षाएँ आदि। प्रयास के बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस समारोह, संस्थान दिन समारोह जैसे समारोहों में और इनसाइट तथा केओस के दौरान प्रदर्शन किया। जब पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने परिसर का दौरा किया तब प्रयास के बच्चों को उनके साथ बातचीत करने का अवसर दिया गया।

प्रयास ने 5 से 12 अक्टूबर के दौरान आयोजित खुशी देने के सप्ताह के रूप में भारत के सबसे बड़े परोपकारी त्यौहार दान उत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया। आईआईएमए के मुख्य कार्यक्रम के दिन देश के विभिन्न भागों से आए 90 प्रतिभागियों का चयन शैक्षणिक कठिनाई का अनुभव कराने के लिए किया गया।

## सार्वजनिक नीति

क्लब ने पूरे वर्ष में देश भर से आए प्रतिभागियों को जटिल नीतिगत बदलावों की जानकारी समुदाय को देने के लिए पैनल चर्चाओं से लेकर पाँच-दिवसीय विंटर स्कूल तक 30 से अधिक समारोह आयोजित किए ।

विषयों पर चर्चाओं में एम एंड ए क्षेत्र में विनियमन शामिल था जिसमें भारत में सीसीआई तथा परिवहन क्षेत्र के लिए सलाहकार सहित शीर्ष विशेषज्ञों का उपयोग किया गया। क्लब ने सार्वजनिक सेवा, प्रबंधन, और कला में प्रख्यात हस्तियों के साथ सामाजिक मुद्दों पर छात्रों के विचार विमर्श का आयोजन किया। उदाहरण के लिए, संस्थान ने फिल्म मंजूनाथ के निदेशक और मुख्य अभिनेता को परिसर में बुलाकर समुदाय के साथ अपने दृष्टिकोण साझा किए।

यह क्लब सार्वजनिक नीति के मंच के रूप में संस्थानगत बहस व विचार विमर्श के लिए काम करता है। शीतकालीन स्कूल में 400 से अधिक प्रतिभागियों की प्रतिभागिता के साथ बड़ी सफलता मिली थी।

## खेल समिति

परिसर से दूर 'संघर्ष' जीतना एक दुर्लभ उपलब्धि है जो एक अंतर-आईआईएम मिलन है, यह जीत दूसरी बार हासिल की गई है। समिति ने 120 से अधिक छात्रों के अभी तक के सबसे बड़े संघर्ष दल को सुविधा प्रदान की। आईआईएम-ए टीमों ने 15 प्रतियोगिताओं में से सात स्वर्ण और दो रजत पदक प्राप्त किये।

खेल उत्सव 'शौर्य' में 32 से ज्यादा कॉलेजों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह अहमदाबाद में आयोजित सबसे बड़े खेलोत्सवों में से एक था, जिसमें संस्थान फिर से एक बार 18 में 9 स्वर्ण पदकों के साथ चैम्पियन बनकर ऊभरा है। पूरे वर्ष में यलगार (पुराने-नए छात्रों के खेलों का मिलन) जैसे मित्रता समारोह आयोजित होते रहे, अंतर-अनुभाग, और अंतर-छात्रावास टूर्नामेंट आयोजित होते रहे। बास्केटबॉल और स्क्वैश भी मित्रता प्रतियोगिताओं के तौर पर खेले गए। समिति ने सबसे पहली एथलेटिक्स और महिलाओं की फुटबॉल टीम बनाने में सहायता की।

## स्टारगेजर्स

स्टारगेजर्स ने, खगोल विज्ञान में विशेष रुचि रखने वालों के लिए पूरे वर्ष कई कार्यक्रम आयोजित किए। इस क्लब ने दूरबीन के उपयोग पर कार्यशालाएँ आयोजित की। इससे रुचि रखने वालों के लिए स्वयं के तारों के अवलोकन सत्रों के लिए दूरबीन खरीदने में मदद हुई। समुदाय के लिए, स्टारगेजर्स वर्ष भर तारों को निहारने के सत्रों का आयोजन करता है। यह क्लब अपनी वार्षिक प्रश्नोत्तरी, "स्टार पहेली" का भी आयोजन करता है। चूँकि इसका उद्देश्य हर दिन हर किसी को कुछ नया सिखाना है, इसलिए यह क्लब सीखाने के साथ-साख मनोरंजन की भी कोशिश करता है और फिल्मों और वृत्तचित्रों के प्रदर्शन के माध्यम से इसे हासिल कर लेता है। ब्लैक होल, न्यूट्रॉन तारे, स्ट्रिंग सिद्धांत, ब्रह्मांड के विकास, एक मल्टीवर्स में रहने की संभावना और खगोल विज्ञान और ब्रह्माण्ड विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति आदि के बारे में चर्चाओं के लिए, चर्चा सत्रों का जब और तब नियमित आयोजन किया जाता है। स्टारगेजर्स क्लब एक फेसबुक पेज का भी संचालन करता है जिसमें हर रोज कम से कम एक नए अंतरिक्ष तथ्य को पोस्ट किया जाता है। स्टारगेजर्स समूह आईआईएमए समुदाय को महत्वपूर्ण खगोलीय घटनाओं के बारे में भी मेल भेजता है।

स्टारगेजर्स द्वारा आयोजित प्रमुख घटनाओं में निम्न शामिल हैं :

- **ब्लू मून गेजिंग** : यह वर्ष का पहला अवलोकन सत्र था जिसमें 100 से अधिक लोग उपस्थित रहे। पहली बार इस सत्र में एक से अधिक दूरबीनों का उपयोग किया गया। भारी भीड़ की सुविधा के लिए और भी दूरबीनों को जोड़ने की योजना है।
- **स्टार पहेली** : यह वार्षिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता है। इसमें प्रश्नोत्तरी में पाँच टीमों ने खगोल विज्ञान और ब्रह्मांड विज्ञान में अपने ज्ञान का परीक्षण करने के लिए भाग लिया।
- **बृहस्पति अवलोकन** : बृहस्पति के अवलोकन का एक सत्र आयोजित किया गया था क्योंकि उस समय बृहस्पति पूरी तरह से सूर्य द्वारा प्रकाशित के रूप में सूर्य के ठीक सामने था।

- **शुक्र और मंगल का अवलोकन** : शुक्र और मंगल ग्रह ठीक चंद्रमा के नीचे मिले जुले एकसाथ देखने के लिए अवलोकन सत्र का आयोजन किया गया।

## छात्र कार्य कलाप परिषद

छात्र कार्य कलाप परिषद (स्टूडेंट्स अफेयर्स काउंसिल-सैक) छात्रों के निर्वाचित प्रतिनिधियों की परिषद है। सभी छात्र क्लबों की गतिविधियों सहित छात्रों की गतिविधियों को विनियमित तथा समन्वित करना छात्र कार्य कलाप परिषद की जिम्मेदारी है। इस वर्ष के दौरान, छात्रों के संविधान को पाँच वर्ष के बाद संशोधित किया गया था। छात्र कार्य कलाप परिषद ने समुदाय तक पहुँचने के कार्यक्रम की भी नींव रखी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परिसर में हर छात्र क्लब से एक गतिविधि कराना है।

## महिला नेतृत्व सोसायटी

महिला नेतृत्व सोसायटी (डब्लूएलएस) एक स्व-हितार्थ समूह (एसआईजी) है जो महिलाओं में नेतृत्व को बढ़ावा देने और महिलाओं को कार्यस्थल पर जिन चुनौतियों का सामना करना है उसके प्रति पुरुषों को संवेदनशील बनाने हेतु स्थापित किया गया है। महिला नेतृत्व सोसायटी महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ने का लक्ष्य नहीं रखता; परंतु इसके बजाय, पुरुषों और महिलाओं की उभरती जरूरतों के प्रति संवेदनशील माहौल बनाने की ओर उन्मुख है।

महिला नेतृत्व सोसायटी ने पिछले वर्ष कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया। एचयूएल, बीसीजी, मैकिन्से, पी एंड जी, और बैंक ऑफ अमेरिका से आईं महिला अग्रणियों ने एक कैरियर सत्र प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम कोन्फ्लुअन्स के सहयोग से आयोजित किया गया। महिला दिवस के अवसर पर, पारुल मेहता, गीता गरोडिया, और आकांक्षा ठाकुर जैसी उद्यमी महिलाओं ने 'महिला नेतृत्व : भावि पथ' विषय पर एक पैनल चर्चा में भाग लिया। महिला नेतृत्व सोसायटी ने प्रतिष्ठित पैनल के साथ 'राजनीति में महिलाएँ' विषय पर भी एक पैनल चर्चा का आयोजन किया।

महिला नेतृत्व सोसायटी भारत के चयनित शीर्षस्थ व्यवसायिक-स्कूलों तथा इंजीनियरिंग कॉलेजों में अपनी शाखाएँ (चैप्टर) बनाने की योजना बना रहा है। महिला नेतृत्व सोसायटी एक महिला नेतृत्व शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की भी योजना बनी रही है। इस शिखर सम्मेलन में महिला नेतृत्व के आसपास के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए शीर्ष उद्योग के अग्रणी शामिल होंगे। अन्य पहलों में पीजीपीएक्स छात्रों के साथ एक आपसी संवाद का सत्र और ज्ञान बाँटने व कैरियर के अवसरों के लिए पूर्व छात्रों के नेटवर्क का लाभ विषय पर चर्चा सत्र शामिल हैं।



# विक्रम साराभाई पुस्तकालय

विक्रम साराभाई पुस्तकालय, सेवाओं की विस्तृत श्रृंखलाओं के माध्यम से सूचनाओं को सर्वाधिक विस्तृत संभव पहुँच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसके द्वारा प्रस्तुत सेवाओं की श्रेणी में यह प्रतिबद्धता दिखाई देती है। इसकी वेबसाइट http://www.iimahd.ernet.in/library/ विभिन्न ऑनलाइन डेटाबेसों के साथ जुड़ी हुई है, जो इस संस्थान के और पुस्तकालय के भीतर नेटवर्क किए हुए किसी भी कम्प्यूटर से उपलब्ध है। यह पुस्तकालय, सामग्रियों (मुद्रित व अमुद्रित) के संग्रह एवं इलैक्ट्रॉनिक संसाधनों का चयन, अधिग्रहण, आयोजन, आरक्षण, रखरखाव, तथा इन तक पहुँच के अपने प्रयासों को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ता है।

## संसाधन

| विवरण | वर्ष 2014-15 के दौरान जोड़ी गई मदों की संख्या | 31.03.2015 को मदों की संख्या |
|---|---|---|
| पुस्तकें | 7332 | 1, 89,120 |
| पत्रिकाओं के जिल्दबंद भाग | 936 | 44,398 |
| आधार-पत्र | 55 | 2,344 |
| शोध-प्रबंध | 14 | 291 |
| परियोजना प्रतिवेदन | 95 | 1,875 |

| विवरण | वर्ष 2014-15 के दौरान जोड़ी गई मदों की संख्या | 31.03.2015 को मदों की संख्या |
|---|---|---|
| शैक्षणिक वीडियो कैसेट | — | 128 |
| सीडी / डीवीडी | 93 | 2,238 |
| मँगाए जाने वाले जर्नल्स की वर्तमान सदस्यता | 910 | 2,099 |
| समाचार पत्र | — | 30 |
| वापस ली गई पुस्तकें | — | 2,000 |

## ई-संसाधन

पुस्तकालय के पास नवीनतम जानकारी प्रदान करने के लिए अनेक कंपनियों और उद्योगों के डेटाबेस, ग्रंथसूची संबंधी डेटाबेस और ई-जर्नल्स मँगाने के लिए उपभोक्ता सदस्यता है।

## कंपनी और देश के डेटाबेस

ऐसीई ज्ञान एवं अनुसंधान पोर्टल, ऐसीई इक्विटी, ऐसीई म्युचुअल फंड, कैपिटैलाइन, सीएमआईई ई-कैपएक्स, कॉमोडिटीज़, इकॉनॉमिक आउटलुक, इंडस्ट्री आउटलुक, इंडिया ट्रेड, प्रोवेस, प्रोवेस डीएक्स एवं स्टेट्स ऑफ इंडिया, कॉम्प्युस्टाट, क्रिसिल रिसर्च, डेटास्ट्रीम (विश्व के दायरे सहित) डियोन इनसाइट, भारत की डिस्ट्रिक्ट जीडीपी, डीएसआई डेटा सर्विस एवं सूचना, ईपीडब्लूआरएफ़ इंडिया टाइम सीरीज़, ईपीडब्लूआरएफ़ इकॉनॉमिक तथा विपणन समीक्षा व अनुसंधान, यूरोमोनिटर पासपोर्ट, फ्रॉस्ट एंड सुलिवन ग्रोथ पार्टनरशिप सर्विसीज़, गार्टनर, इंडियास्टेट.कॉम, इंडियन बोर्ड्स, इन्फ़्रालाइन कॉल सेक्टर, ऑयल एवं गैस सेक्टर एवं पावर सेक्टर, आईएसआई इमर्जिंग मार्केट्स – एशिया, मार्केटलाइन एड्वांटेज, माइका इंडियन मार्केटिंग इंटेलिजेंस, नैसकॉम सदस्य निर्देशिका, थॉमसन रायटर इकॉन, वेंचर इंटेलीजेंस प्राइवेट इक्विटी डील डेटाबेस, एम एंड ए डील डेटाबेस एंड रीअल एस्टेट डील डेटाबेस और डब्लूएआरसी डेटाबेस।

## ई-जर्नल डेटाबेस

एबीआई / इन्फॉर्म कंप्लीट, एसीएम डिजिटल लाइब्रेरी, ईबीएससीओ एकेडेमिक सर्च कंप्लीट, बिजनेस सोर्स कंप्लीट, इकॉनलिट, उद्यमी स्टडीज़ सोर्स, साइकआर्टिकल्स, एमराल्ड इनसाइट, आईईईई एक्सप्लोर, आईजीआई ग्लोबल, इंडियन जर्नल्स.कॉम, इनफ़ॉर्म्स पबसनलाइन, जेएसटीओआर, स्प्रिंगर लिंक, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, प्रोजेक्ट एमयूएसई, सेज जर्नल्स, साइंस डिरेक्ट (एल्सविअर), टेलर और फ्रांसिस ऑनलाइन और विले ऑनलाइन लाइब्रेरी।

## ई-पुस्तकें डेटाबेस

ईब्रेरी, बिज़नेस एक्सपर्ट प्रेस ई-पुस्तकें, आईएमएफ ई-लाइब्रेरी, ओईसीडी लाइब्रेरी (एजुकेशन) और विश्व बैंक की ई-लाइब्रेरी।

## अनुसंधान समर्थन के उपकरण / डेटाबेस

ग्रामरली, आईएसआई वेब नालिज (प्रशस्ति पत्र सूचकांक 1999-2006), आमंत्रित आधार-पत्र, प्रोक्वेस्ट डिसर्टेशन एवं शोधप्रबंध के पूर्ण पाठ : द ह्युमनिटीज़ एंड सोशल साइंसिस कलेक्शन, सेज रीसर्च मैथड्स ऑनलाइन, स्किवल फंडिंग तथा स्कोपस

## समाचार पत्र तथा पत्रिकाओं के डेटाबेस

दी इकॉनॉमिस्ट, एफ़टी.कॉम, एफ़टी आर्काइव (1888-2010), इंडिया बिजनेस इनसाइट और प्रेस डिस्प्ले।

## विधिक डेटाबेस

एआईआर क्रिमिनल विधि, एआईआर उच्च न्यायालय, एआईआर प्रिवी काउंसिल, एआईआर सुप्रीम कोर्ट, क्लुवर आर्बिट्रेशन विधि और वेस्ट विधि (इंडला सहित)।

## अन्य डेटाबेस

ग्लोबल डेवलपमेंट वित्त, ग्लोबल इकोनोमिक मॉनिटर, ब्रिटानिका विश्वकोश, आईएमएफ़ डेटा, ओपन नॉलेज रिपॉज़िटरी, पावर लिंगो एफ़एक्स25, विश्व बैंक के आंकड़े और विश्व विकास संकेतक।

## डेटा सेट

सेन्सस ऑफ़ इंडिया, आईएमएस एंटी-टीबी डेटा, नेशनल स्टाक एक्सचेंज डेटा, सरफ़ेस डेटा, सीडीपी ग्लोबल डेटासेट, एएसआई यूनिट लेवल डेटा, एनएसई ई सीएम एंड एफ़एंडओ डेटा तथा 10 स्थलों के लिए इंडिया डेली सरफेस डेटा।

## विशेष खोज उपकरण

ईबीएससीओ डिस्कवरी, ईबीएससीओ ए-ज़ेड, और आंतरिक उपयोगकर्ताओं के लिए दूरदराज की लॉग इन।

## सेवाएँ

- वितरण
- पठन सुविधा
- ईमेल चेतावनी सेवा
- संदर्भ व सूचना
- स्कैनिंग
- ंडाटाबेस खोज सेवा
- दस्तावेज वितरण
- अंतर-पुस्तकालयी ऋण
- फोटो कॉपी
- अनुक्रमण एवं ग्रंथ सूची
- सारांशकरण
- उन्मुखीकरण कार्यक्रम
- सूचना साक्षरता कार्यक्रम
- ऑनलाइन सार्वजनिक सुविधा कैटेलॉग
- वर्तमान जागरूकता सेवा
- अनुसंधान सहायता

## प्रकाशन

यह पुस्तकालय वर्ष 1998 से दो त्रैमासिक सूचना बुलेटिन प्रकाशित कर रहा है :

- प्रबंधन में वर्तमान विषयवस्तु : विपणन
- प्रबंधन के वर्तमान सूचकांक : विपणन

